14 अप्रैल, 2025
वैशाख, कृष्ण पक्ष, द्वितीया
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 10, अंक 174

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


बंगाल में हिंसा, धुलियान से पांच सौ लोगों का पलायन



# झामुमो का 13वां महाधिवेशन आज से

**अजय शर्मा**

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा का 13वां महाधिवेशन 14 और 15 अप्रैल को होगा। इस अधिवेशन का उद्घाटन पार्टी अध्यक्ष 'दिशोम गुरु' शिबू सोरेन करेंगे। महाधिवेशन में मुख्यमंत्री और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन सहित साढ़े चार हजार लोग शामिल होंगे। होटवार स्थित खेलगांव के हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम में कार्यक्रम होगा। इस परिसर का नाम बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर प्रांगण रखा गया है, जबकि प्रवेश द्वार पूर्व शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के नाम पर रखा गया है। खेलगांव से स्टेडियम तक जाने वाली सड़क को झामुमो के झंडों-पताकों से पाट दिया गया है। स्टेडियम के अंदर भी यही स्थिति है।



यह महाधिवेशन कई मायनों में महत्वपूर्ण है। इसमें कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी पारित किये जा सकते हैं। इसमें मुख्यमंत्री सोरेन को बड़ा आदिवासी चेहरा के रूप में बताया जा सकता है। विधायक कल्पना सोरेन का भी कद बढ़ सकता है। दिशोम गुरु शिबू सोरेन इस महाधिवेशन में मौजूद रहेंगे। उन्हें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कार्यक्रम स्थल तक लेकर आयेंगे। सीएम कार्यक्रम स्थल का दौरा कर तैयारी का जायजा ले चुके हैं। महाधिवेशन में झारखंड के अलावा बिहार, पश्चिम बंगाल, ओड़िशा, छत्तीसगढ़, असम, तमिलनाडु, गुजरात समेत अन्य राज्यों से भी झामुमो के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

महाधिवेशन की जानकारी देते हुए पार्टी के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि हमारा केंद्रीय महाधिवेशन हम सबके लिए उत्सव की तरह है। उन्होंने बताया

- **दिशोम गुरु शिबू सोरेन करेंगे उद्घाटन, कल्पना के साथ हेमंत सोरेन रहेंगे मौजूद**
- **देश के विभिन्न हिस्सों से आये साढ़े चार हजार प्रतिनिधि होंगे शामिल**
- **सरना धर्म कोड और ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण का प्रस्ताव आयेगा**

कि महाधिवेशन के पहले दिन महाधिवेशन स्थल पर पार्टी का झंडा फहराया जायेगा और अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जायेगी। संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण के बाद कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन का स्वागत भाषण होगा। इसके बाद पहले दिन के पहले सत्र में सांगठनिक रिपोर्ट पेश की जायेगी। दूसरे सत्र में पार्टी की ओर से राजनीतिक प्रस्ताव पेश किया जायेगा और चर्चा के बाद उसे पारित किया जायेगा। महाधिवेशन के दूसरे दिन 15 अप्रैल को नयी केंद्रीय कमेटी का गठन किया जायेगा और फिर उस कमेटी द्वारा पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष और पदाधिकारियों के चयन की प्रक्रिया पूरी की जायेगी। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास पार्टी को गुजरात तक ले जाने का है।

**कई तरह के प्रस्ताव आयेंगे:** इस बीच जानकारी मिली है कि महाधिवेशन के दौरान जिन मुद्दों को जोर-शोर से उठाये जाने की संभावना है, उनमें सरना धर्मकोड और पिछड़ों को 27 फीसदी आरक्षण जैसे मुद्दे शामिल हैं। महाधिवेशन में जो राजनीतिक प्रस्ताव पास किये जायेंगे, उनमें ये दो प्रस्ताव भी शामिल होंगे। इसके अलावा पार्टी के संविधान में संशोधन का भी प्रस्ताव पास किया जायेगा, ताकि जरूरत के अनुसार इसमें फेरबदल किया जा सके। पार्टी सूत्रों के अनुसार इस केंद्रीय महाधिवेशन में राजनीतिक प्रस्तावों के जरिये दल की दिशा तय होगी। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष संपन्न विधानसभा चुनाव के बाद शानदार तरीके से सत्ता में दोबारा वापसी के बाद पहला महाधिवेशन का आयोजन हो रहा है। राजनीतिक प्रस्ताव तैयार करने को हुई बैठक में तय किया गया कि नीतिगत मसलों पर पार्टी मजबूती से अपना पक्ष रखेगी। इसके अलावा वृहद झारखंड की परिकल्पना पर भी विचार होगा।

## नक्सलवाद से लड़ाई अंतिम चरण में: हेमंत



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को कहा कि राज्य में नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई अपने अंतिम चरण में है। सोरेन और राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने जवान सुनील धान के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की, जिन्होंने पिछले दिन पश्चिम सिंहभूम जिले में एक आइइडी विस्फोट में अपनी जान गंवा दी थी। रांची में झारखंड जगुआर मुख्यालय में शहीद जवान को श्रद्धांजलि देने के लिए एक माल्यार्पण समारोह आयोजित किया गया। वहां मीडिया से बात करते हुए सोरेन ने कहा, नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई अपने अंतिम चरण में है। नक्सल विरोधी अभियान के दौरान हमने अपने कई जवानों को खो दिया। उनकी वजह से हम एक सफल अभियान की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि जवान का बलिदान व्यर्थ नहीं जायेगा और नक्सलियों के खिलाफ अभियान अपने अंतिम लक्ष्य तक पहुंचेगा। राज्यपाल गंगवार ने कहा, यह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना थी। राज्य सरकार ऐसी घटनाओं को कम करने के लिए लगातार काम कर रही है। सरकार शहीद के परिवार का ख्याल रखेगी। बता दें कि शनिवार को पश्चिम सिंहभूम जिले में एक आइइडी विस्फोट में झारखंड जगुआर के कांस्टेबल सुनील धान और सीआरपीएफ के जवान विष्णु सैनी घायल हो गये थे। बेहतर इलाज के लिए दोनों को एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया। पुलिस के बयान के अनुसार, रांची के एक अस्पताल में इलाज के दौरान धान की मौत हो गयी। सैनी की हालत गंभीर बतायी जा रही है।


FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)


COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com


## आतंकी तहव्वुर राणा की आवाज का नमूना लेगी एनआइए

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** आतंकी तहव्वुर राणा से राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) की पूछताछ रविवार को तीसरे दिन भी जारी रही। एजेंसी ने उसकी आवाज का नमूना लेने का फैसला किया है। एजेंसी पता लगायेगी कि क्या तहव्वुर नवंबर 2008 के हमलों के दौरान फोन पर निर्देश दे रहा था। जानकारी के मुताबिक, पूछताछ में एक 'कर्मचारी बी' का नाम आया है। इसने राणा के कहने पर हेडली के लिए ऑपरेशन और लॉजिस्टिक में मदद की थी। अब एनआइए राणा और 'कर्मचारी बी' को आमने-सामने बिठाकर पूछताछ करेगी। उस 'कर्मचारी' ने बताया है कि उसे राणा की साजिश के बारे में जानकारी नहीं थी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 14 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in



# पश्चिम बंगाल को 'बांग्लादेश' बनाने की साजिश!

## ■ वक्फ कानून के खिलाफ मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा से उभरे सवाल

## ■ खतरनाक मोड़ पर पहुंच गयी है सीएम ममता बनर्जी की राजनीति

## ■ अशांत बंगाल का असर पूरे देश की शांति व्यवस्था पर पड़ेगा

**आजाद सिपाही विशेष**

**केंद्र सरकार ने वक्फ संशोधन विधेयक को कानूनी जामा पहना दिया है। वक्फ कानून को लेकर विपक्षी पार्टियां पूरे देश में विरोध कर रही हैं। मुस्लिम संगठन प्रदर्शन भी कर रहे हैं, लेकिन वक्फ के खिलाफ देश में केवल पश्चिम बंगाल में हिंसा हो रही है। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के जंगीपुर और सुती में वक्फ के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन हो रहे हैं। पुलिस पर हमले किये गये। सरकारी गाड़ियों में आग लगी दी गयी है। रेल यातायात ठप कर दिया गया। शमशेरगंज में प्रदर्शनकारियों को संभालने के लिए बीएसएफ को उतारना पड़ा है। हिंसा में तीन लोगों की मौत हो गयी है। मुर्शिदाबाद में हिंसा को लेकर बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस को हस्तक्षेप करना पड़ा है। यहां यह सवाल उठ रहा है कि आखिर बंगाल में ही वक्फ को लेकर हिंसा क्यों हो रही है। पश्चिम बंगाल में करीब 32 फीसदी मुस्लिम आबादी है और मुस्लिमों को तृणमूल कांग्रेस का वोट बैंक माना जाता है। ऐसे में अगले साल राज्य में विधानसभा चुनाव है और ममता बनर्जी पूरी तरह से मुस्लिमों के पक्ष में खड़ी दिख रही हैं और पूरी तरह से धर्म के आधार पर ध्रुवीकरण की कोशिश की जा रही है। देश में जितने भी मुस्लिम बहुल राज्य हैं, उनमें पश्चिम बंगाल को छोड़कर अन्य राज्यों जैसे त्रिपुरा और असम में भाजपा की सरकार है। भाजपा ने वक्फ को लेकर उस तरह से प्रचार नहीं किया, जैसा करना चाहिए था। ऐसी स्थिति में तृणमूल कांग्रेस इसका राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रही है। वर्मतान में सीएम ममता बनर्जी खुद को मुस्लिमों का मसीहा दिखाने की कोशिश कर रही हैं। राज्य में यह संदेश दिया जा रहा है कि मुस्लिम खतरे में हैं। ममता बनर्जी वक्फ को एक मुद्दा बनाना चाहती हैं और तृणमूल कांग्रेस लोगों में संदेश देना चाहती हैं कि केवल दीदी ही उनकी रक्षा कर सकती हैं। पश्चिम बंगाल की इस अशांत स्थिति के पीछे चाहे जिसका भी हाथ है, देश की शांति व्यवस्था पर इसका असर पड़ना स्वाभाविक है। क्या है पश्चिम बंगाल में जारी हिंसा के पीछे का सच और क्या है इसकी सियासत, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

पश्चिम बंगाल का मुर्शिदाबाद जिला इन दिनों हिंसा की आग में झुलस रहा है। यहां नये वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान भड़की हिंसा में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गयी, वहीं 15 से अधिक पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। पुलिस ने इस हिंसा के मामले में 150 से ज्यादा उपद्रवियों को गिरफ्तार किया है। इस हिंसा के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। वहीं सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस और विपक्षी भारतीय जनता पार्टी के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी चरम पर है। टीएमसी विधायकों के बयान, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की मुस्लिम नेताओं के साथ बैठक और बीजेपी नेताओं के सोशल मीडिया पर तीखे हमले इस सवाल को जन्म दे रहे हैं कि क्या पश्चिम बंगाल को अस्थिर करने की कोई साजिश रची जा रही है।

मुर्शिदाबाद के जंगीपुर, सुती और शमशेरगंज जैसे इलाकों में वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शन ने हिंसक रूप ले लिया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पथराव किया, वाहनों में आग लगायी और राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर दिया। पुलिस के अनुसार, हिंसा की शुरूआत एक अफवाह से हुई, जिसमें दावा किया गया कि पुलिस कार्रवाई में एक प्रदर्शनकारी की मौत हो गयी। इसके बाद भीड़ ने उग्र रुख अख्तियार कर लिया। हालात को नियंत्रित करने के लिए बीएसएफ की आठ कंपनियों को तैनात किया गया है। वहीं कलकत्ता हाइकोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकार से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने साफ कहा कि वह आंखें मूंद कर नहीं बैठ सकता और शांति बहाली उसका प्राथमिक लक्ष्य है।

### टीएमसी विधायकों के बयान ने विवाद को हवा दी

इस बीच, टीएमसी विधायकों के बयान ने विवाद को और हवा दी। जंगीपुर के टीएमसी विधायक ने दावा किया कि वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शन अचानक से हिंसक हो उठे और इसमें कोई सियासी साजिश नहीं थी। उन्होंने कहा, हमारी सरकार हर धर्म की संपत्तियों की रक्षा करती है। यह केंद्र का कानून है, जिसका जवाब केंद्र को देना चाहिए। हालांकि, उनके इस बयान पर बीजेपी ने पलटवार करते हुए इसे हिंसा को जायज ठहराने की कोशिश करार दिया। बीजेपी का आरोप है कि टीएमसी हिंसा को प्रायोजित कर रही है, ताकि मुस्लिम वोट बैंक को अपने पक्ष में रख सके।



### मुस्लिम नेताओं से मिलीं ममता, बीजेपी ने बोला हमला

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस हिंसा के बीच मुस्लिम नेताओं के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की, जिसमें टीएमसी के कई वरिष्ठ नेता शामिल थे। इस बैठक में ममता ने मुस्लिम समुदाय को आश्वासन दिया कि उनकी सरकार वक्फ संपत्तियों की रक्षा करेगी और बंगाल में इस कानून को लागू नहीं होने देगी। ममता ने पहले भी सार्वजनिक मंचों से कहा है, मुझे गोली मार दो, लेकिन मैं बंगाल को धार्मिक आधार पर बंटने नहीं दूंगी। कोलकाता में नवकार महामंत्र दिवस के दौरान उन्होंने एकता पर जोर देते हुए बीजेपी पर निशाना साधा और कहा कि उनकी सरकार हर धर्म का सम्मान करती है। ममता का यह रुख उनके 30 प्रतिशत मुस्लिम वोट बैंक को मजबूत करने की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है, जो टीएमसी की सियासी ताकत का आधार है।

दूसरी ओर, बीजेपी ने इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया है। बीजेपी नेताओं ने सोशल मीडिया पर लिखा, ममता बनर्जी बंगाल को दूसरा बांग्लादेश बनाना चाहती हैं। मुर्शिदाबाद में हिंसा सांप्रदायिक ताकतों को बढ़ावा देने का नतीजा है। वहीं बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने भी सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, टीएमसी की गुंडागर्दी और हिंसा बंगाल को अराजकता की ओर ले जा रही है। ममता सरकार को जवाब देना होगा। बीजेपी नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि मुर्शिदाबाद में हिंदू परिवार को टारगेट करके हमला किया जा रहा है, जिसके पीछे टीएमसी का हाथ है।

### अभिषेक बनर्जी का बीजेपी पर पलटवार

बीजेपी के इन दावों ने सोशल मीडिया पर तीखी बहस छेड़ दी, जहां बीजेपी समर्थक इसे वोटबैंक की राजनीति और टीएमसी समर्थक इसे सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का हथियार बता रहे हैं। हालांकि, टीएमसी ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। टीएमसी के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने बीजेपी पर पलटवार करते हुए कहा, 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी अशांति फैलाना चाहती है। यह हिंसा उनकी साजिश का हिस्सा है। ममता ने भी स्पष्ट किया कि वक्फ कानून केंद्र का फैसला है और उनकी सरकार का इससे कोई लेना-देना नहीं। उन्होंने लोगों से शांति बनाये रखने की अपील की और कहा कि उनकी सरकार हर धर्म की संपत्तियों की रक्षा करेगी।

इस हिंसा ने एक बार फिर बंगाल की सियासत में धार्मिक ध्रुवीकरण के खतरे को उजागर कर दिया है। बीजेपी जहां इसे अवैध घुसपैठ और सांप्रदायिक हिंसा से जोड़कर देख रही है, वहीं टीएमसी इसे केंद्र सरकार की नीतियों का नतीजा बता रही है। यह विवाद 2026 के विधानसभा चुनाव में अहम भूमिका निभा सकता है। मुर्शिदाबाद, जहां मुस्लिम आबादी लगभग 66 प्रतिशत है, टीएमसी का गढ़ रहा है, लेकिन बीजेपी इस क्षेत्र में अपनी पैठ बनाने की कोशिश कर रही है।


कलकत्ता हाइकोर्ट की सख्ती और केंद्रीय बलों की तैनाती के बाद मुर्शिदाबाद में स्थिति धीरे-धीरे नियंत्रण में आ रही है। लेकिन सवाल यह है कि क्या यह हिंसा वाकई से अचानक से भड़की थी या इसके पीछे कोई गहरी सियासी साजिश है। ममता बनर्जी की मुस्लिम नेताओं के साथ बैठक और बीजेपी के आक्रामक रुख ने इस आग में और घी डालने का काम किया है। पश्चिम बंगाल को बांग्लादेश बनाने का आरोप लगाने वाली बीजेपी और इसे सांप्रदायिक साजिश करार देने वाली टीएमसी के बीच यह जंग अब सड़कों से सोशल मीडिया और विधानसभा तक पहुंच चुकी है। ऐसे में सच्चाई क्या है और इसका जवाब कौन देगा, यह वक्त ही बतायेगा।

---

# सहकारी समितियां अब पेट्रोल पंप चलायेंगी, गैस बांटेंगी: अमित शाह

आजाद सिपाही संवाददाता

**भोपाल।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह रविवार को भोपाल के रवींद्र भवन में आयोजित राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन में शामिल हुए। इस दौरान मध्यप्रदेश दुग्ध संघ और नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड (एनडीडीबी) के बीच एमओयू हुआ। इसके साथ ही एमपी के छह दुग्ध संघों और एनडीडीबी के बीच छह अलग-अलग एमओयू भी किये गये। मौके पर शाह ने कहा कि देश में सहकारी समितियां अब पेट्रोल पंपों का संचालन करेंगी और रसोई गैस वितरण भी संभालेंगी। सहकारिता सेक्टर में मध्य प्रदेश में काफी संभावनाएं हैं, जिस पर काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के अंदर कृषि, पशुपालन और सहकारिता क्षेत्र में अधिक संभावनाएं हैं। मैं मानता हूं कि हमें हमारी संभावनाओं का शत-प्रतिशत दोहन करने के लिए ढेर



सारा काम करने की जरूरत है। अमित शाह ने कहा कि ग्रामीण विकास और कृषि विकास के आयाम, पशुपालन के आयाम, इन सबको एक जगह पर रखकर केंद्रीय स्तर पर कोई विचार नहीं किया। विचार होता भी कैसे। कोई सहकारिता मंत्रालय ही नहीं था। आजादी के 75 साल बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने सहकारिता मंत्रालय बनाकर मुझे मंत्री बनाया। मोहन जी कह रहे हैं उन्हें आश्चर्य हुआ तो थोड़ा मुझे भी आश्चर्य हुआ। साढ़े तीन साल के समय में मोदी जी ने खुद बहुत बारीकी से देखकर सहकारिता आंदोलन में बहुत बड़ा बदलाव लाने का काम किया।

# बंगाल में हिंसा, धुलियान से पांच सौ लोगों का पलायन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुर्शिदाबाद।** वक्फ कानून के विरोध में मुर्शिदाबाद, उत्तर 24 परगना, हुगली और मालदा जिलों में हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए। इधर, मुर्शिदाबाद के धुलियान से करीब पांच सौ लोग पलायन कर गये हैं। इन सभी ने नदी पार मालदा के वैष्णवनगर में एक स्कूल में शरण ली है। इन लोगों का आरोप है कि उनके घरों में तोड़फोड़ और आगजनी की गयी। पीने के पानी में जहर मिला दिया गया है। ये किसी तरह बीएसएफ की मदद से वहां से बचकर आये हैं। इस बीच टीएमसी सांसद और पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान ने चाय पीते हुए एक पोस्ट शेयर की, जिस पर विवाद हो रहा है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि बंगाल जल रहा है। पुलिस चुप है। इन सबके बीच सांसद यूसुफ पठान चाय की चुस्की लेते हुए हिंदुओं के कत्लेआम के पल का आनंद ले रहे हैं। उधर नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी द्वारा कलकत्ता हाइकोर्ट में दायर याचिका पर अदालत ने हिंसाग्रस्त इलाकों में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती के आदेश दिये हैं।

उधर नए वक्फ कानून को लेकर दिल्ली में जमीयत उलेमा-ए-हिंद की कार्यकारी समिति ने एक बैठक की। वहीं एआइएमआइएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने रविवार को कहा कि वक्फ कानून असंवैधानिक है। भाजपा वक्फ बोर्ड पर कब्जा करना चाहती है। वक्फ कानून से किसी का भला नहीं होगा।

# झारखंड के 10 जिलों में 15 को वज्रपात और तेज हवा का अलर्ट

**रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड के 10 जिलों में गर्जन, ओलावृष्टि, वज्रपात और 40-50 किमी की रफ्तार से तेज हवा चलने को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने जिन 10 जिलों के लिए अलर्ट जारी किया है उनमें राज्य के दक्षिणी जिले पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला-खरसावां के अलावा उत्तर-पश्चिमी जिले शामिल हैं। इनमें पलामू, गढ़वा, लातेहार, चतरा, लोहरदगा और कोडरमा जिला शामिल है। इन जिलों में गर्जन, वज्रपात और 40-50 किमी की गति से तेज हवा चलने की आशंका है। इसके अलावा 14 अप्रैल को राज्य के पश्चिमी भागों को छोड़कर शेष भागों में गर्जन, वज्रपात और 30-50 किमी की गति से तेज हवा चलने की आशंका है। इन जिलों के लिए विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं रविवार को सुबह से मौसम साफ रहा और मध्यम गति की हवा चली। इससे गर्मी कम एहसास हुआ। बीच- बीच में बादल भी छाये रहे। रविवार को रांची में तापमान 35, जमशेदपुर में 37.1, डालटेनगंज में 37.4 और बोकारो में अधिकतम तापमान 39.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।**

# कंप्यूटर ऑपरेटर के बूते 200 एकड़ जमीन की हेराफेरी संभव नहीं : बाबूलाल मरांडी

## भूइंहरि जमीन की हेराफेरी में बड़े नेताओं का हाथ, मामले की हो जांच

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि रांची में आदिवासी भुइंहरी जमीन की प्रकृति बदलकर उसे बेचे जाने का मामला अत्यंत गंभीर है। कांके के चामा गांव में उन्होंने स्वयं ग्रामीणों से मिलकर जमीन की हेराफेरी की जानकारी ली थी और इसे प्रशासन के संज्ञान में लाया था। कहा कि कांके अंचल की कई जमीनों पर इंडी गठबंधन के नेताओं और जमीन-माफियाओं की नजर है। सत्ता के संरक्षण में रैयती, पहनाई, भुइंहरी और गैर मजरुआ जमीनों पर माफिया तत्व जबरन कब्जा कर रहे हैं। कहा कि बरियातू में भुइंहरी जमीन पर कब्जे में कई बड़े लोगों का हाथ है। सिर्फ एक कंप्यूटर ऑपरेटर के बूते 200 एकड़ जमीन की हेराफेरी संभव नहीं है। कहा कि इस पूरे खेल में अंचलाधिकारी से लेकर कई बड़े नेताओं की मिलीभगत है। ऐसे में इस पूरे प्रकरण की गहराई से जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।



## सांसद निशिकांत दुबे पहुंचे बैद्यनाथ धाम, कहा-

# देवघर से प्रयागराज तक जल्द शुरू होगी बस सेवा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सांसद डॉ निशिकांत दुबे रविवार को बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंचे और विधिवत पूजा-अर्चना कर बाबा का आशीर्वाद लिया। पूजा के बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार देवघर-बाघमारा इंटर स्टेट टर्मिनल को एक बड़ी सौगात देने जा रही है। जल्द ही यहां से प्रयागराज के लिए सीधी बस सेवा शुरू की जायेगी, जिससे श्रद्धालुओं और आम यात्रियों को काफी सहूलियत मिलेगी।



सांसद ने यह भी कहा कि बस एसोसिएशन की हड़ताल को देखते हुए केंद्र सरकार ने कई रूटों पर स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला लिया है। अगर हड़ताल खत्म नहीं होती है, तो जहां-जहां बसें जाती थीं, उन सभी रूटों पर ट्रेन सेवा शुरू की जायेगी। सांसद ने बताया कि कई राज्यों के मंत्रियों से बातचीत हो चुकी है और जल्दी ही नये बस रूटों की भी शुरुआत की जायेगी, ताकि लोगों को कहीं भी आने-जाने में दिक्कत न हो। सांसद ने कहा कि यह मोदी सरकार है, जो किसी पर दबाव नहीं बनाती, बल्कि सिर्फ देश के विकास पर ध्यान देती है।






# झारखंड से जुड़ें, जहां हर मोड़ पर एक कहानी है : सुदिव्य कुमार

**कोलकाता में झारखंड पर्यटन रोड शो ने खोले साझेदारी और संभावनाओं के नये द्वार**

**मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हम झारखंड में पर्यटन को नया आयाम देने के लिए संकल्पित हैं : पर्यटन मंत्री**



आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** झारखंड सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा कोलकाता में आयोजित दो दिवसीय टूरिज्म रोड शो में मंत्री सुदिव्य कुमार शामिल हुए। यह रोड शो न केवल निवेशकों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के लिए एक मंच बना, बल्कि यह झारखंड और बंगाल के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और भावनात्मक रिश्ते का जीवंत प्रमाण भी बना।

पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने कोलकाता को रोड शो के लिए चुने जाने के पीछे का कारण साझा करते हुए कहा कि झारखंड और बंगाल सिर्फ पड़ोसी नहीं हैं बल्कि हम साझी विरासत के दो पन्ने हैं। चैतन्य महाप्रभु की यात्राओं से लेकर ब्रिटिश बंगाल प्रेसिडेंसी तक, हमारी परंपराएं, स्वाद और संस्कार गहराई से जुड़े हुए हैं।

झारखंड के गांवों में जब कोई पर्यटक बंगाल से आता है, तो लोग उन्हें चेंजर कहते हैं, यह सिर्फ एक शब्द नहीं, हमारी सांस्कृतिक निकटता की पहचान है।

मंत्री ने अपनी बात को और गहराई देते हुए कहा कि झारखंड आने वाले पर्यटकों में से ज्यादातर पर्यटक पश्चिम बंगाल से होते हैं। इसलिए हमने टूरिज्म की इस नयी यात्रा की शुरूआत कोलकाता से की है। उन्होंने कहा कि हमारे देश की परंपरा रही है, शुरूआत चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हो, हम अंततः विजय प्राप्त करते हैं। झारखंड सरकार का यह रोड शो केवल एक प्रस्तुति नहीं था, यह एक आमंत्रण था, आइए झारखंड, जहां झरने सिर्फ पानी नहीं, संगीत बहाते हैं। जहां पहाड़ केवल ऊंचाई नहीं, कहानियां समेटे है और जहां हर यात्रा एक अनुभव है।

इस अवसर पर झारखंड पर्यटन विभाग के अधिकारियों के साथ मंत्री ने कई प्रतिष्ठित समूहों– अंबुजा न्यूओटियो, पोलो टॉवर, श्रीराम ओजोन, पीयरलेस होटल, होटल सोनार बंग्ला, कन्वेयर एंड रोपवे सर्विस और सूमी यशश्री होटल एंड रिसोर्ट के साथ उच्च स्तरीय बीटूजी बैठकें कीं, जिनमें झारखंड में पर्यटन निवेश, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और साझेदारी के अनेक पहलुओं पर सार्थक संवाद हुआ।

सरकार सजग है, समर्पित है और आपके स्वागत को आतुर है। हमारा राज्य, आपकी अगली डेस्टिनेशन बन सकता है। अंत में उन्होंने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार झारखंड में पर्यटन विकास प्राथमिकता में है और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हम झारखंड में पर्यटन को नया आयाम देने के लिए संकल्पित हैं।

कार्यक्रम में पर्यटन सचिव मनोज कुमार ने एक विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया जहां उन्होंने झारखंड में पर्यटन क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं एवं सरकार द्वारा दिये जाने वाले प्रोत्साहन के बारे में सभी को अवगत कराया।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया रक्तदान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को अपने आवास में रिम्स के ब्लड बैंक के लिए रक्तदान किया। इसके साथ ही उन्होंने लोगों से भी रक्तदान की अपील की।

इस दौरान रिम्स ब्लड बैंक की इंचार्ज सुषमा कुमारी व अन्य कर्मी भी सीएम आवास में मौजूद रहे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ब्लड डोनेशन के बाद रक्तदान से जुड़ा हुआ डोनर कार्ड भी दिया गया।



## झामुमो वक्फ संशोधन कानून पर धमकी की भाषा बंद करे : भाजपा

# झारखंड भारत के संविधान से चलता है या झामुमो के: प्रदीप वर्मा

**झामुमो आज विद्रोह वाली भाषा बोल रहा है, जबकि संसद में उनके सांसदों को बिल पर बोलने का पूरा मौका मिला था**

**दोनों सदनों में बहुमत से पारित बिल पर राष्ट्रपति के हस्ताक्षर से बना है कानून**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सांसद डॉक्टर प्रदीप वर्मा ने रविवार को झामुमो महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति में आकंठ डूबे झामुमो ने अपने आंख, कान बंद कर लिये हैं और जुबान से असंवैधानिक, असंसदीय और उकसाने वाले शब्दों को रख लिया है। कहा कि झामुमो बताये कि झारखंड में भारत का संविधान लागू होता है या झामुमो ने कोई अपना संविधान झारखंड के लिए बना दिया है। कहा कि झामुमो पर संसद से पारित वक्फ संशोधन और राष्ट्रपति के हस्ताक्षर से बने कानून के संबंध में दिया गया बयान राष्ट्र विरोधी बयान है जिसपर झामुमो को माफी मांगनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन कानून से गरीब, वंचित मुस्लिम समाज को बड़ा लाभ मिलने वाला है। वक्फ संपत्ति से होने वाली आय को उनके विकास में खर्च करने के लिए संवैधानिक प्रावधान मजबूत किये गये हैं जिसे कांग्रेस पार्टी ने वोट बैंक के कारण कमजोर किया था। चंद लोगों को खुश करने की कोशिश की थी। कहा कि मोदी सरकार वक्फ की संपत्ति से गरीबों को लाभांन्वित करने की दिशा में कानून बनाये हैं जिसे तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले विरोध कर रहे। ऐसा ही इंडी गठबंधन ने तीन तलाक कानून, सीएए के संबंध में भी फैलाये थे।

कहा कि वक्फ संशोधन कानून में आदिवासी जमीन को भी सुरक्षित किया गया है। इस कानून के तहत शेड्यूल 5 के तहत आने वाले झारखंड में आदिवासी समाज की जमीन को वक्फ की संपत्ति में नहीं शामिल करने का कड़ा प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि आज देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद राष्ट्रपति के रूप में आदिवासी समाज की बेटी द्रौपदी मुर्मू बैठी हैं जो इस महत्व को समझती हैं कि यह आदिवासी समाज के जमीन की सुरक्षा के लिए यह संशोधन कितना आवश्यक है।


कहा कि झामुमो आज विद्रोह वाली भाषा बोल रहा है जबकि संसद में उनके सांसदों को बिल पर बोलने का पूरा मौका मिला था। झामुमो का दोहरा चरित्र जनता जानती है।


# जवान की शहादत के बाद डीजीपी ने की हाइ लेवल मीटिंग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शनिवार को हुई घटना के बाद डीजीपी अनुराग गुप्ता ने रविवार को हाइ लेवल मीटिंग की। पुलिस मुख्यालय में हुई मीटिंग में झारखंड पुलिस के सीनियर अफसरों के अलावा सीआरपीएफ के अधिकारी शामिल हुए। चाइबासा के पुलिस अधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये जुड़े थे। इस मीटिंग में नक्सलियों के खिलाफ अभियान तेज करने की रणनीति तैयार की गयी। इस बैठक के बाद एक सूत्र ने बताया कि पश्चिमी सिंहभूम (चाइबासा) जिले के सारंडा और पोड़ाहाट जंगलों में नक्सलियों के खिलाफ बड़ा अभियान शुरू होगा। सारंडा में कई बड़े नक्सली अपने दस्ते के साथ जमे हैं। वहां चलाये जा रहे अभियान को और तेज किया जायेगा और बड़े स्तर पर चलाया जायेगा। डीजीपी अनुराग गुप्ता कल चाइबासा भी जायेंगे। जहां अभियान की तैयारी को अंतिम रूप दिया जायेगा।

**सारंडा में मौजूद हैं कई बड़े नक्सली :** जानकारी के मुताबिक प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) के शीर्ष नक्सली मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछू, अनल, असीम मंडल, अजय महतो समेत कई अन्य नक्सली अपने दस्ते के साथ सारंडा के जंगल में मौजूद हैं। इसी सूचना पर चाइबासा पुलिस ने नक्सलियों के खिलाफ अभियान चला रखा है। अभियान में झारखंड पुलिस के अलावा सीआरपीएफ, झारखंड जगुआर और कोबरा बटालियन के अधिकारी और जवान शामिल हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



## केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ तीन दिवसीय दौरे पर तंजानिया पहुंचे

# बहुपक्षीय समुद्री अभ्यास एक्यम का संजय सेठ ने किया उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भारत के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के तंजानिया के दार-एस-सलाम पहुंचने पर स्वागत किया गया। राज्य मंत्री का स्वागत तंजानिया में भारत के उच्चायुक्त बिश्वदीप डे ने तंजानिया पीपुल्स डिफेंस फोर्स (टीपीडीएफ) के अधिकारियों के साथ किया। राज्य रक्षा मंत्री ने चामा चा मापिंदुजी के महासचिव और इस वर्ष के चुनावों के लिए तंजानिया के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डॉ इमैनुएल नचिंबी से भी मुलाकात की। मंत्री का दार-एस-सलाम के जूलियस न्येरेरे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आगमन पर एडमिरल डी के त्रिपाठी सीएनएस और तंजानिया में भारत के उच्चायुक्त बिश्वदीप डे द्वारा स्वागत किया गया। मंत्री भारत-तंजानिया संयुक्त सैन्य अभ्यास एक्स-एकेवाइएमइ के हार्बर चरण का उद्घाटन करने के लिए 13-14 अप्रैल 2025 तक तंजानिया की आधिकारिक यात्रा पर हैं । राज्य मंत्री पहले बहुपक्षीय समुद्री अभ्यास एक्यम (अफ्रीका इंडिया की मैरीटाइम एंगेजमेंट) 2025 और तीसरे डिफेंस एक्सपो के उद्घाटन के



लिए तंजानिया की यात्रा पर हैं। यह यात्रा अफ्रीकी देशों के साथ रक्षा सहयोग को मजबूत करने और क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। यह अभ्यास 6 दिनों का होगा, जिसमें 3 दिन बंदरगाह चरण और 3 दिन समुद्र में होंगे। प्रतिभागी व्यापक फलदायी चर्चा और समुद्र में जटिल अभ्यास में शामिल हैं। रविवार को रक्षा राज्य मंत्री ने तंजानिया के दार एस सलाम में एक्यम के उद्घाटन समारोह में सम्मिलित हुए। यह कार्यक्रम तंजानिया द्वारा सह-मेजबानी किया गया है। एक्यम 10 समान विचारधारा वाले राष्ट्रों का समुद्री प्रगति और सुरक्षा के निर्धारित मार्ग पर एकत्रीकरण है। भारत के अलावा, कोमोरोस, जिबूती, केन्या, मेडागास्कर, मॉरीशस, मोजांबिक, सेशेल्स और दक्षिण अफ्रीका भी इस संयुक्त अभ्यास में भाग ले रहे हैं। यह अभ्यास सहयोग, विश्वास और समुद्र के प्रति साझा जिम्मेदारियों की भावना का प्रमाण है जो इन 10 राष्ट्रों को एक परिवार के रूप में जोड़ता है। एक्यम अर्थात एक्यम, जिसका संस्कृत भाषा में एकता है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का सागर (सभी के लिए सुरक्षा और विकास) का दृष्टिकोण है और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के मार्गदर्शन में, इस पहल की अवधारणा बनायी गयी और इसे वास्तविकता में लाया गया।

# डॉ राम प्रसाद के निधन पर इंकलाबी नौजवान लेखक संघ ने शोक जताया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** इंकलाबी नौजवान लेखक संघ ने नागपुरी भाषा के मुर्धन्य शिक्षक और वरिष्ठ साहित्यकार डॉ राम प्रसाद के निधन पर शोक व्यक्त किया है। बता दें कि डॉ राम प्रसाद गोस्नर कालेज के नागपुरी विभाग के विभागाध्यक्ष के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। वे पिछले कई वर्षों से गले के कैंसर से पीड़ित थे। 72 वर्षीय डॉ प्रसाद ने शनिवार सुबह 8.30 बजे अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार हरमू मुक्ति धाम में संपन्न हुआ। संघ के सचिव ने डॉ प्रसाद के निधन को नागपुरी भाषा साहित्य जगत के



लिए एक बहुत बड़ी क्षति बताया। संघ के डॉ रीझु नायक एवं डॉ दिनेश कुमार दिनमणि ने कहा कि डॉ प्रसाद ने अपने साहित्य कर्म के द्वारा समाज को एक नयी दिशा देने का काम किया। संघ के प्रवक्ता डॉ लालदीप गोप ने कहा कि वह हमेशा हमारे प्रेरणास्रोत रहेंगे।

# शहीद का पार्थिव शरीर आते ही बिलख उठा कांटी गांव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** नक्सलियों द्वारा पश्चिमी सिंहभूम जिले के छोटा नागरा और जराइकेला थाना क्षेत्र के सीमावर्ती क्षेत्र में शनिवार को किये गये बम विस्फोट में वीरगति प्राप्त करने वाले झारखंड जगुवार के जाबांज सिपाही सुनील धान का पार्थिव शरीर रविवार को जैसे ही उनके पैतृक गांव कर्रा प्रखंड के कांटी पोहरा टोली पहुंचा, पूरा गांव सुबक पड़ा। पार्थिव शरीर के गांव पहुंचते ही पूरा गांव शहीद सुनील धान अमर रहे, जब तक सूरज चंद रहेगा, सुनील तेरा नाम रहेगा के नारों से गूंज उठा। शहीद का पार्थिव शरीर उनके पैतृक आवास पहुंचने पर विधायक सुदीप गुड़िया के अलावा जिला प्रशासन की ओर से पुलिस अधीक्षक अमन कुमार,





### विधायक सुदीप गुड़िया ने दी श्रद्धांजलि

विधायक सुदीप गुड़िया रविवार को शहीद सुनील धान के स्वजनों से मिलकर उन्हें ढांढ़स बंधाया। उन्होंने परिवार वालों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। विधायक शहीद सुनील धान की पत्नी गंदौरी धान और मां फगुनिया उराइन से मिले तथा सांत्वना दी और कहा कि सुनील धान का बलिदान बेकार नहीं जायेगा। उसने माटी की रक्षा के लिए अपनी जान की कुर्बानी दी है। इसके पूर्व विधायक सुदीप गुड़िया ने सुनील धान की कब्र पर मिट्टी दी और मोमबत्ती व अगरबत्ती जलाये। इस अवसर पर झामुमो तोरपा प्रखंड अध्यक्ष रूबेन तोपनो, प्रदीप केशरी, अरमान तोपनो आदि उपस्थित थे। आरक्षी सुनील धान ने एक नवंबर 2015 को जैप 3 गोविंदपुर धनबाद में योगदान दिया था। वह अपने घर का एकलौता चिराग थे। 24 मार्च को सरहुल मनाने अपने गांव कांटी पोहरा टोली आये थे।

उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम, अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी समेत अन्य वरीय अधिकारियों ने शहीद के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर अधिकारियों ने शहीद के परिजनों से भेंट कर दुःख की इस घड़ी में गहरी संवेदना व्यक्त की और प्रशासन की ओर से हर संभव सहायता और सहयोग का भरोसा दिया। एसपी ने कहा कि जिला प्रशासन शहीद की वीरता और बलिदान को शत-शत नमन करता है। राष्ट्र की सेवा में उनका अदम्य साहस सदा स्मरणीय रहेगा।

# केंद्रीय युवा महावीर मंडल ने सीएम का आभार जताया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय युवा महावीर मंडल के अध्यक्ष नंद किशोर सिंह चंदेल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार जताया। उन्होंने कहा कि झारखंड में रामनवमी का पावन पर्व शांति और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाया गया जिसमें की प्रशासन की अहम भूमिका रही और राज्य के मुखिया ने पूरे रामनवमी में खुद मॉनिटरिंग की। प्रशासन के लोग दिन-रात लग रहे इसके लिए रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री, वरीय आरक्षी अधीक्षक रांची चंदन कुमार सिन्हा, एडीएम रांची राजेश्वर नाथ आलोक, अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची उत्कर्ष कुमार, सिटी एसपी रांची राजकुमार मेहता, यातायात एसपी डॉ कैलाश करमाली सहित सीओ, वीडियो सहित सभी पुलिस पदाधिकारी रांची शहर के तमाम अखाड़ा धारी, महावीर मंडल के तमाम पदाधिकारी, महावीर पताका के शोभा यात्रा के अध्यक्ष सभी को आभार। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य संयोजक उज्जवल सिन्हा, सोमवित माजी, मुख्य सलाहकार लखन कुमार, महासचिव अमन ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# संकल्प से सिद्धि : भूमिगत विजयगाथा

## उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक की शान हैं 36 प्रमुख सुरंगें

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता।** हिमालय की ऊंचाइयों में जहां बादल धरती से मिलते हैं और घाटियां रहस्य बुनती हैं। वहीं भारतीय रेल का सपना हकीकत बना है। यह सपना है उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक का जो अब पूरे यथार्थ के साथ साकार हो गया है। इस परियोजना की असली शान इसकी सुरंगें हैं। जो सिर्फ पथ नहीं बनातीं बल्कि पहाड़ों के साथ भविष्य की दिशा तय करती हैं। 272 किलोमीटर लंबे इस रेल मार्ग में करीब 119 किलोमीटर का सफर सुरंगों से होकर गुजरता है। इनमें 36 प्रमुख सुरंगें हैं जिनमें कुछ इतनी लंबी और जटिल हैं कि वे इंजीनियरिंग की अद्भुत मिसाल बन चुकी हैं।



### 1. टी-50 - भारत की सबसे लंबी परिवहन सुरंग

**लंबाई: 12.77 किमी स्थान: सुंबड-खड़ी सेक्शन**

यह कश्मीर घाटी को शेष भारत से जोड़ने वाली देश की सबसे लंबी परिवहन सुरंग है। इसे न्यू टनलिंग मेथड से बनाया गया। जिसमें क्वाट्र्जाइट, ग्नीश और फिल्लाइट जैसी कठिन चट्टानों को पार किया गया। इसमें मुख्य सुरंग के साथ-साथ समानांतर बचाव सुरंग भी है। जिसे हर 375 मीटर पर क्रॉस-पैसेज से जोड़ा गया है। इसकी खुदाई को अस्थिर चट्टानें, तेज पानी का रिसाव, शीयर जोन, और ज्वालामुखीय स्तर की जॉइंटेड रॉक ने अत्यंत जोखिम भरा बनाया था। इन कठिनाइयों से निपटने के लिए परियोजना टीम ने तीन ऐडिट बनाये, जिससे खुदाई के अलग-अलग हिस्सों में एक साथ काम हो सके और काम की गति बढ़ सके। इस सुरंग के निर्माण ने एक इंजीनियरिंग चमत्कार को जन्म दिया।

### 2. टी-80 - पीर पंजाल में बनी कश्मीर की रीढ़

**लंबाई: 11.2 किमी, स्थान: बनिहाल-काजीगुंड**

पीर पंजाल के नीचे बनी यह सुरंग जम्मू और कश्मीर के बीच सालभर संपर्क बनाये रखती है। यह हिमपात और ऊंचाई की बाधाओं को पार कर यातायात और व्यापार को गति देती है। इसे यूएसबीआरएल की 'मेरुदंड' कहा जा सकता है।

### 3. टी-34 - जुड़वां सुरंग का अद्भुत नमूना

**लंबाई: 5.099 किमी, स्थान: पाई-खड़ से अंजी खड्ड**

यह एक जुड़वां सुरंग है जिसमें ट्रेन संचालन और आपातकालीन निकासी के लिए दो अलग-अलग टनल हैं। इसे सिरबन डोलोमाइट चट्टानों में बनाया गया। यह सुरंग भारत के पहले केबल-स्टे ब्रिज से जुड़ती है और इसमें हर 375 मीटर पर क्रॉस-पैसेज बनाये गये हैं।

### 4. टी-33 - त्रिकुटा की छाया में बना दुर्गम मार्ग

**लंबाई: 3.2 किमी, स्थान: कटरा-बनिहाल खंड**

मेन बाउंड्री थ्रस्ट जैसे जटिल भूगर्भीय क्षेत्र से गुजरने के कारण यह सुरंग चुनौतीपूर्ण रही। भारी जल रिसाव और ढहती चट्टानों के चलते 'आइ-सिस्टम टनलिंग' अपनाया गया। यह सुरंग इंजीनियरिंग कौशल और धैर्य की मिसाल है।

### 5. टी-23 - तकनीकी नवाचार की मिसाल

**लंबाई: 3.15 किमी, स्थान: उधमपुर-चक रखवाल**

यह इस खंड की सबसे लंबी सुरंग है और इसमें बैलेस्ट-लेस ट्रैक बिछाया गया है। वर्ष 2008 में इसमें भारी दवाब और उभार की समस्या आयी। जिसके बाद सुरंग के लगभग 1.8 किमी हिस्से को फिर से डिजाइन कर रूट बदला गया।

### 6. टी-1 - नवीनतम तकनीक से बनी चुनौतीपूर्ण सुरंग

**लंबाई: 3.209 किमी**

सुरंग में मेन बाउंड्री थ्रस्ट क्षेत्र के कारण यहां कीचड़ और पानी की समस्या थी। 'आइ-सिस्टम टनलिंग' की मदद से इसे सफलतापूर्वक पार किया गया। जिसमें गहरे ड्रेनेज पाइप, छतरीनुमा पाइप रूफिंग और केमिकल ग्राउटिंग जैसी तकनीकों का उपयोग किया गया।

### 7. टी-25 - जलधारा के विरुद्ध संघर्ष

**लंबाई: 3 किमी**

2006 में खुदाई के दौरान भूमिगत जलधारा मिली, जिससे 500-2000 लीटर प्रति सेकंड पानी बहने लगा। इस जल संकट को नियंत्रित करने में छह वर्ष लगे। यह सुरंग झज्जर नदी पर बने ब्रिज 186 से जुड़ती है।

यूएसबीआरएल की सुरंगें हिमालय के सीने में बसी वे धमनियां हैं, जो कश्मीर को देश के दिल से जोड़ रही हैं। हर सुरंग एक कहानी है- संघर्ष की, नवाचार की और जीत की। ये पत्थरों को तोड़ने वाली मशीनों की गूंज के साथ एक नये युग की आहट हैं। हिमालय की ये सुरंगें यात्रियों की मंजिल भारत के अटूट संकल्प का प्रतीक हैं।

## दशम जलप्रपात की बीएलओ दीदी दिल्ली में बीएलओ ट्रेनिंग प्रोग्राम में बनेंगी ट्रेनर

# मतदान करने के लिए आप निर्वाचक अवश्य बनें : ज्ञानेश कुमार

### राष्ट्र सेवा के लिए प्रथम सीढ़ी है मतदान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**दशम जलप्रपात/रांची।** भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा है कि दशम जलप्रपात जैसे दुर्गम क्षेत्र की बीएलओ दीदियां भारत में कार्यरत सभी बीएलओ के लिए प्रेरणा का श्रोत हैं। इन्होंने ऐसे दुर्गम क्षेत्र के कठिनाइयों को सामना करते हुए हर घर तक अपनी पहुंच बनायी और मतदान प्रतिशत भी बेहतर किये हैं। उन्होंने कहा कि जहां न पहुंचे रवि वहां पहुंचे बीएलओ दीदी। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एक पहल की गयी जिसके तहत देश के विभिन्न राज्यों के बीएलओ को दिल्ली बुलाकर ट्रेनिंग देने का कार्य किया जा रहा है। दशम जलप्रपात की बीएलओ दीदियों को इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में एक ट्रेनर के रूप में भाग लेने के लिए बुलाया जायेगा। जिससे देश के




अन्य बीएलओ भी इनकी कार्यशैली को जान सकें एवं इनसे प्रेरित हो सकें। मुख्य चुनाव आयुक्त रविवार को दशम जलप्रपात के प्रांगण में दुर्गम क्षेत्र के बीएलओ से संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर मीडिया के प्रतिनिधियों को भी संबोधित किया।

मीडिया के संबोधन में ज्ञानेश कुमार ने बताया कि झारखंड के चुनावी प्रक्रिया में जुड़े हुए हर स्तर के पदाधिकारियों से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ। झारखंड में 1 लाख से भी अधिक चुनाव से जुड़े कर्मचारी निष्ठापूर्वक एवं ईमानदारी से कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव के तीन मुख्य घटक होते हैं पहला चुनाव आयोग का संस्थागत ढांचा, दूसरा मतदाता सूची और तीसरा मतदान एवं मतगणना। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग का संस्थागत ढांचा जिसमें चुनाव के समय केवल 500 लोगों की संस्था वाला चुनाव आयोग डेपुटेशन पर अन्य लोगों को समाहित करते हुए दुनिया की सबसे बड़ी संस्था बन जाती है और 10.5 लाख मतदान केंद्रों पर एक जैसी प्रक्रिया में मतदान संपन्न कराती है। उन्होंने कहा कि मतदान के साथ-साथ मतदाता सूची को बनाने के लिए सभी 10.5 लाख बीएलओ एवं राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट साथ में सामंजस्य स्थापित करते हुए कार्य करते हैं।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने पूरे देश के मतदाताओं से अपील की कि राष्ट्र सेवा के लिए प्रथम सीढ़ी है मतदान। मतदान करने के लिए आप निर्वाचक अवश्य बनें। मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जुड़वाएं कोई भी भारत का नागरिक जो 18 वर्ष से अधिक का हो छूटना नहीं चाहिए और जब भी मतदान का समय आये अपने मत का दान अवश्य करें।

इससे पूर्व बीएलओ से संवाद कार्यक्रम के स्वागत संबोधन में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि पिछले चुनावों में दुर्गम क्षेत्र के बीएलओ ने बहुत मेहनत से काम किया है एवं बारीकी से मतदाता सूची के निर्माण का कार्य किया है। उनके द्वारा क्यू मैनेजमेंट में भी बेहतर योगदान दिया गया है जिससे मतदान की प्रक्रिया को गति प्रदान हो सकी। कार्यक्रम के समापन संबोधन में उपायुक्त रांची सह जिल निर्वाचन पदाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने बीएलओ के कार्यों को सराहा एवं मुख्य चुनाव आयुक्त के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान कार्यक्रम का संचालन उप सचिव देव दास दत्ता द्वारा किया गया।

इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा, रांची के ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार सहित निर्वाचन एवं रांची जिला प्रशासन के पदाधिकारी एवं दुर्गम क्षेत्र दशम जलप्रपात के बीएलओ उपस्थित थे।

# आज धूमधाम से मनायेंगे भीमराव अंबेडकर की जयंती



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रविवार को कोकर जतरा टाड़ में रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग की एक बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमेन राजू राम ने किया। इस बैठक में राजधानी रांची में सोमवार को भीमराव अंबेडकर जयंती को सफल बनाने के लिए रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जयंती के शुभ अवसर पर डोरंडा हाइकोर्ट में प्रतिमा के पास आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे।

इस बैठक में वशिष्ठ लाल पासवान, सूरज कुमार पासवान, अमित कुमार चौरसिया, मनोहर कुमार, रूपेश कुमार अंकित कुमार पासवान, बिट्टू कुमार, टिंकू कुमार, राम शिव राम, कृष्ण कुमार समर, गौरव दास, सुजीत कुमार, आयुष कुमार, विशाल कुमार, विक्रांत कुमार, राजू कुमार पासवान, विक्रांत राम, सुमित कुमार, सनी कुमार, मनीष कुमार राम आदि कार्यकर्ता बैठक में शामिल हुए।

# महाप्रबंधक ने दानापुर में बास्केट बॉल कोर्ट का किया उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हाजीपुर।** रविवार को पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह एवं पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष सुनीता सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दानापुर स्थित व्हीएन शर्मा इंस्टीट्यूट में नवनिर्मित बास्केट बॉल कोर्ट का फीता काटकर एवं गुब्बारा उड़ाकर उद्घाटन किया गया।

सबसे पहले दोनों प्रदर्शनी टीम के खिलाड़ियों से महाप्रबंधक ने परिचय प्राप्त किया। महाप्रबंधक ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। इसके पश्चात टीम ब्लैक एवं टीम व्हाइट के खिलाड़ियों ने एक जबरदस्त रोमांचक प्रदर्शनी मैच खेलकर मन



मोह लिया। काफी रोमांचक मुकाबले के बाद टीम व्हाइट 24 प्वाइंट अर्जित कर मैच की विजेता बनी, जबकि निर्धारित अवधि में टीम ब्लैक 22 प्वाइंट अर्जित कर 02 प्वाइंट से पिछड़कर उपविजेता बनी।

विजेता एवं उपविजेता के टीमों के कप्तान को महाप्रबंधक द्वारा ट्राफी प्रदान की गयी। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक अमरेंद्र कुमार, दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चौधरी सहित मुख्यालय एवं दानापुर मंडल के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।






आजाद सिपाही

रांची, सोमवार, 14 अप्रैल, 2025

www.azadsipahi.in




# हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के जुलूस पर पथराव

अनिल कुमार वर्णवाल

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** बरकट्ठा थाना क्षेत्र के ग्राम झुरझुरी में आयोजित श्रीश्री 108 श्री शतचंडी सह हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर रविवार को नगर भ्रमण का जुलूस निकाला गया। जिसमें तरबेचवा जीटी रोड पर नगर भ्रमण जुलूस पर पथराव हुआ, जिसमें कई लोग चोटिल हो गये। वहीं जुलूस में शामिल प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जुलूस में शामिल तीन बच्चे और एक महिला को खींचकर मस्जिद की ओर ले गये। वहीं लोगों ने बच्चों और महिला को छोड़ने की मांग को लेकर जीटी रोड जाम कर दिया। इधर, तरबेचवा में एक मोटरसाइकिल समेत तीन घरों में आग लगा दी गयी है। वहीं बरकट्ठा और गोरहर पुलिस समेत प्रशासनिक पदाधिकारी ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति को काबू करने में जुटे रहे। हजारीबाग एसपी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। मौके पर बीडीओ रोशमा डुंगडुंग और एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, एसडीओ जोहना टुडू भी मौजूद थे।





# मध्यप्रदेश के पारदी गैंग के तीन अपराधी और रामगढ़ के दो स्वर्ण व्यवसायी गिरफ्तार

**दिन में खिलौना बेचने के दौरान बंद घरों की रेकी कर झारखंड के कई शहरों में एक साल से दे रहे थे चोरी की घटना को अंजाम**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची में मध्यप्रदेश के पारदी गैंग के तीन अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। साथ ही चोरी के ज्वेलरी खरीदने वाले दुकानदार को भी पकड़ा गया है। पारदी गैंग के लोग दिन में खिलौना बेचने के दौरान बंद घरों की रेकी करते थे। इसके बाद रात को चोरी की घटना को अंजाम देते थे। करीब एक वर्ष से राजधानी रांची के अलावे जमशेदपुर, रामगढ़ समेत अन्य जिलों में घटना को अंजाम दे रहे थे। गिरफ्तार आरोपी में मध्यप्रदेश के अशोकनगर जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के करहैया शंकर कन्हैया सोलंकी, मंगल सिंह पार्टी उर्फ दावित्या, भोपाल जिले के सुखी थाना क्षेत्र के पटेल बाबा गदमूररा के रहने वाले जुजू आदिवासी, रामगढ़ जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के रांची रोड स्थित गरार के पास रहने वाले ज्वेलरी दुकानदार मनीष कटारिया और रजरप्पा थाना क्षेत्र के कुरूप निवासी सहयोगी रौशन कुमार का नाम शामिल है। आरोपी की निशानदेही पर 91 ग्राम गला हुआ सोना (अनुमानित कीमत 7 लाख), 25 ग्राम चांदी का सिक्का और बिस्कुट (अनुमानित मूल्य 25,000 रुपये), 2 मोबाइल, ताला तोड़ने के लिए लोहे का बना औजार, पेचकश, सलाई रिंच, गुलेल और टॉर्च पुलिस ने बरामद किया है। रविवार को घटना की जानकारी देते हुए सिटी एसपी ने बताया कि शहर में हो रहे चोरी, गृहभेदन की घटना का उद्भेदन के लिए सदर डीएसपी के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। गठित टीम प्राप्त सूचना के आधार पर कोकर चौक स्थित सैमफोर्ड अस्पताल के पास संदिग्ध अवस्था में शंकर कन्हैया सोलकी, जुजू आदिवासी व मंगल सिंह पार्डी उर्फ दातित्या को पकड़ा गया। तलाशी के क्रम में तीनों के पास से ताला तोड़ने का औजार, पेचकस, सलाई रिंच, गुलेल, टॉर्च बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि ये इंटरस्टेट चोर गिरोह पारदी गैंग के सक्रिय सदस्य हैं। जो मुख्यतः मध्य प्रदेश के गुना जिला के रहने वाले हैं। जिसमें करीब 40-50 पुरुष एवं 15-20 महिलाएं हैं। पारदी गैंग का मुख्य काम दिन में गुब्बारा, खिलौना, झूला एवं अन्य छोटे-छोटे सामानों को बिक्री करना है, इसी क्रम में बंद पड़े घरों को चिह्नित कर रात में उक्त घर में चोरी की घटना को अंजाम देता है। मुख्य रूप से घरों में रखे जेवरात एवं नकदी चोरी करते हैं और पूर्व से सांठगांठ किये गये चिह्नित ज्वेलरी दुकानों में जेवरात को बेच देते हैं। पिछले करीब एक वर्ष से रांची शहर के अलग-अलग इलाकों में गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर बंद पड़े मकानों में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम देते आ रहे हैं। तीनों की निशानदेही पर चोरी के कुछ गहनों को रामगढ़ जिला स्थित के-के ज्वेलर्स से बरामद किया गया है। संलिप्त केके ज्वेलर्स के मालिक मनीष कटारिया एवं सहयोगी रौशन कुमार को भी गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में रांची के विभिन्न थानों में पूर्व से अनेक मामले दर्ज हैं। बता दें कि सदर थाना के बूटी बस्ती के कुलेश ओहदार कुंभ स्नान करने प्रयागराज गये हुए थे, इसी क्रम में इनके बंद पड़े घर में पारदी गैंग ने लाखों रुपये के गहना एवं नकद चोरी कर लिया था। इस संबंध में सदर थाना (कांड सं0-56/2025) अज्ञात के विरूद्ध मामला दर्ज है।



# पाटभोक्ता ने नगर भ्रमण किया, भोले शंकर की पूजा की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रविवार को सुबह ढकाहा ढाक बजाते पाटभोक्ता के घर जाकर उठाया और पाटभोक्ता (पाट) लेकर चुटिया के कमलू तालाब में जाकर स्नान, ध्यान करके नगर भ्रमण पर चले गये, आज सभी भोक्ता गण (पाट) लेकर चुटिया मेन रोड, तेली टोला में गये, यह सिलसिला आज समाप्त हुआ। इसमें माता पार्वती (पाट) को चुटिया के सभी घरों ले जाया गया। माता पार्वती (पाट) की पूजा घर की महिलाएं कीं। इस दौरान भोक्ता गण भी घरों के आंगन में ढाक नगाड़े की थाप पर नाचते रहे। दोपहर में भोक्ता गण शिव मंदिर (महादेव मंडा) में कुछ देर आराम कर और सात्विक भोजन गुड़ का शरबत और चना दाल का सेवन कर दाना पानी लिये। सभी भोक्ता 11 दिनों तक अनुष्ठान में शामिल होते हैं और भोक्ता गण जमीन पर ही सोते हैं।

रात्रि में रोजाना प्राचीन श्री राम मंदिर से शोभायात्रा भोक्ताओं की निकली है, भोक्ता गण गुलैची फुल से सज धज कर अर्धनारी का रूप धारण कर एक हाथ में चावर और दूसरे हाथ में वेत लिये बाबा भूतनाथ के जयकारे के साथ बले शिवा मनी महेश, काशी बैजनाथ, ओड़िशा जगन्नाथ, गजा गजाधर, आधव माधव, गौरीशंकर महेश, दाता दिगम महेश, बले शिवा मनी महेश के जयकारे के साथ ढोल नगाड़े एवं शहनाई भोक्ता गण नाचते हुए शिव मंदिर महादेव मंडा पहुंची, उसके बाद सभी भोक्तागण एक दूसरे से गले मिले और फिर देर रात बाबा भोले शंकर की श्रृंगार कर पूजा अर्चना की। इस आयोजन में समिति के अध्यक्ष राजकुमार महतो, जितेंद्र सिंह पटेल, सुरेश साहू भोला चौधरी, प्रमोद गोप, राधेश्याम केसरी, संजय प्रसाद, उदय पासवान, रामदेव लोहरा, मनोज गोप, रवि गोप, रणजीत राम, मिथिलेश गोप, तपन महतो, महावीर रजक, दिलीप साहू, छत्रधारी महतो, शिवम गोप, शिवम सिंह, विक्रम साहू, अमित साहू, शिवम केसरी, अंकित केसरी, राजा साहू, मदन मुंडा, रामशरण विश्वकर्मा, संतोष साहू, विजय राम, उमेश महतो, गुल्लू गोप, दिलीप लोहरा आदि शामिल हुए।



# मुंबई उपनगरीय नेटवर्क में बेहतर सेवाओं के लिए भारतीय रेलवे तैयार

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई में बेहतर अवसंरचना, बेहतर प्रौद्योगिकी, बेहतर ट्रेनें विषय पर आयोजित एक मीडिया बातचीत में, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री, देवेंद्र फड़नवीस और केंद्रीय रेल मंत्री, सूचना और प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स और आइटी, अश्विनी वैष्णव ने संयुक्त रूप से महाराष्ट्र में रेलवे अवसंरचना में परिवर्तनकारी प्रगति पर प्रकाश डालने के लिए प्रेस को संबोधित किया। भारतीय रेलवे की आधुनिकीकरण, बेहतर यात्री अनुभव और बढ़ी हुई क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के प्रति प्रतिबद्धता, विशेष रूप से मुंबई उपनगरीय रेलवे नेटवर्क पर केंद्रित रही।

## बेहतर अवसंरचना

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने जोर दिया कि उपनगरीय सेवाओं को बढ़ाने के लिए अवसंरचना विकास आधारशिला है। लगभग 17,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं, जिसमें 300 किलोमीटर से अधिक की नयी लाइनें शामिल हैं, वर्तमान में तेजी से चल रही हैं। इन पहलों का उद्देश्य मौजूदा लाइनों को भीड़भाड़ से मुक्त करना, सेवा आवृत्ति में सुधार करना और मुंबई के उपनगरीय यात्रियों की बढ़ती मांग को पूरा करना है।



## बेहतर प्रौद्योगिकी:

श्री वैष्णव ने उपनगरीय खंड के लिए तैयार की गयी अत्याधुनिक सुरक्षा और सिग्नलिंग प्रणाली, कवच 5.0 के आगामी लॉन्च की घोषणा की। कवच 5.0 से इंटर-ट्रेन हेडवे को काफी कम करने की उम्मीद है, जिससे अधिक ट्रेनें सुरक्षित और कुशलता से चल सकेंगी।

## बेहतर ट्रेनें

यात्री आराम में एक बड़े उन्नयन में, केंद्रीय मंत्री ने खुलासा किया कि 238 नई वातानुकूलित उपनगरीय रेक जल्द ही पेश की जायेंगी। इन रेकों को मुंबई के यात्रियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विशिष्ट रूप से डिजाइन किया गया है, जो अधिक आरामदायक और विश्वसनीय यात्रा अनुभव का वादा करती हैं।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री फड़नवीस ने यह भी बताया कि मुंबई वन कार्ड, जल्द ही लॉन्च किया जायेगा, जो एमएमआर क्षेत्र में उपनगरीय ट्रेनों, मेट्रो रेल, मोनो-रेल, बेस्ट बसों आदि में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए सार्वजनिक परिवहन को बदलने के लिए एक एकल और सभी एकीकृत कार्ड है।



# मुंबई ने 12 रन से दिल्ली पर दर्ज की रोमांचक जीत

- मुंबई ने दिल्ली को उसके घर में दी मात
- करुण नायर का अर्धशतक गया बेकार
- मुंबई को मिली सीजन की दूसरी जीत

आजाद सिपाही संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स को रविवार को आईपीएल-2025 में पहली हार का सामना करना पड़ा है। ये हार उसे अपने घर अरुण जेटली स्टेडियम में मिली है। मुंबई इंडियंस ने उसे 12 रनों से हरा दिया। मुंबई ने दिल्ली के सामने 206 रनों का टारगेट रखा था। दिल्ली एक समय तक मैच में अपनी पकड़ बना हुए थी, लेकिन तीन साल बाद वापसी करते हुए अर्धशतक जमाने वाले करुण नायर के आउट होने के बाद उसकी पारी लड़खड़ा गयी और मुंबई ने पासा पलटते हुए मैच अपने नाम किया। दिल्ली की टीम 19 ओवरों में 193 रनों पर ऑल आउट हो गयी।

नायर ने 40 गेंदों पर 12 चौके और पांच छक्कों की मदद से 89 रनों की पारी खेली। ये नायर का आईपीएल में सात साल बाद पहला अर्धशतक था। इससे पहले उन्होंने 2018 में आईपीएल में अर्धशतक जमाया था। नायर के आउट होने के बाद दिल्ली बैकफुट पर थी। हालांकि, आशुतोष शर्मा और विप्रज निगम के रहने से टीम की उम्मीदें जिंदा थीं। लेकिन मुंबई ने इन दोनों को लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ वाला करिश्मा नहीं दोहराने दिया। 19वें ओवर की आखिरी तीन गेंदों पर लगातार तीन रन आउट कर मुंबई ने मैच अपने नाम किया।






# झारखंड स्वर्णकार संघ का महासम्मेलन संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य स्वर्णकार संघ के महासम्मेलन का आयोजन रविवार को विधान सभा मैदान धुर्वा रांची में किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जौहरी ने अध्यक्षता की और समाज के उत्थान के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बहादुर सिंह वर्मा, राष्ट्रीय महामंत्री, रवि वर्मा, मुख संरक्षक, सज्जन लवठ पप्पू ठाकुर, टेंटाचार्य तेलंगाना, राजकिशोर शाह, महेश सोनी और मिथिलेश कुमार उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में टुनटुन सोनी, सुरेंद्र कुमार सोनी और बैजू सोनी ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा जौहरी ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए एकजुट होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमलोगों की पर्याप्त जनसंख्या होने के बावजूद राजनीतिक भागीदारी नहीं मिलती है। उन्होंने राज एवं राष्ट्र से आए हुए सभी अतिथियों और स्वर्णकार समाज के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दीं। कार्यक्रम में झारखंड राज्य स्वर्णकार संघ के पदाधिकारियों ने भी भाग लिया, जिनमें उपाध्यक्ष विनोद वर्मा, बबलू सोनी और दिनेश सोनी, सचिव हेमंत बर्मन, पायल सोनी, नेहा सोनी और नमृता सोनी, और मीडिया प्रभारी अखिलेश सोनी और दिनेश सोनी शामिल थे।



# श्री राधा-कृष्ण सेवा धाम मंदिर में संकीर्तन का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग में श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में 202वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन किया गया। श्री कृष्णा प्रणामी सेवा धाम के सदस्यों एवं उनके परिवार के सौजन्य से रविवार को अन्नपूर्णा महाप्रसाद एवं भजन संकीर्तन का आयोजन किया गया।

अन्नपूर्णा महाप्रसाद में मेवायुक्त केसरिया खीर का विधिवत भोग पुजारी बिनोद कुमार तिवारी द्वारा लगाया गया। तत्पश्चात मंदिर परिसर में उपस्थित 2 हजार से भी अधिक में श्रद्धालुओं के बीच केसरिया खीर का वितरण किया गया। दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक भजन संकीर्तन का भव्य आयोजन हुआ। भजन गायक मनीष सोनी एवं सज्जन पाड़िया, निर्मल जालान, उर्मिला पाड़िया, सितादेवी शर्मा ने मनमोहक सुमधुर भजनों की अमृत गंगा का रसपान कराते हुए श्रोताओं को खूब झुमाया। पूरा वातावरण को वृंदावन एवं कृष्णमय बना दिया। तत्पश्चात महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया तथा सबों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की गयी।


ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि संस्था द्वारा श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर में अन्नपूर्णा महाप्रसाद एवं भजन कीर्तन में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भगवान श्री राधा कृष्ण मंदिर में लगभग 6 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किये।

इस अवसर पर-ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, पूरणमल सर्राफ, चिरंजीलाल खण्डेलवाल, विशाल जालान, अमित पोद्दार, विजय अग्रवाल, सुरेश भगत, विष्णु सोनी, मनीष सोनी, पवन पोद्दार, विधा देवी अग्रवाल, शोभा जालान, रितिका खेतान, प्रमिला परोहीत, सुनीता अग्रवाल, सुमन चौधरी, कविता गाड़ोदिया, शारदा पोद्दार, संतोष देवी अग्रवाल, नीलम अग्रवाल, उषा मोदी, रेखा पोद्दार, ललिता पोद्दार, नीलम गोयल आदि उपस्थित थे।



# माली मालाकार कल्याण समिति ने महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती मनायी

**रांची (आजाद सिपाही)।** महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती समारोह रविवार को पाही पैलेस हॉल में जिला माली मालाकार कल्याण समिति द्वारा मनायी गयी। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुरेश मालाकार और संचालन समिति के महामंत्री सत्यप्रकाश ने किया। इस कार्यक्रम में समिति के संरक्षक द्वारा ज्योतिबा की प्रतिमा पर फूलमाला चढ़ाया गया। समिति के बच्चों के लिए चित्रकला का आयोजन किया गया। इसमें विजयी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही समाज में अपना अमूल्य स्थान पाने वाले एकल और विधवा महिलाओं को सम्मानित किया गया। समाज के दो मेधावी बच्चों को आर्यन और शीतल कुमारी समाज का गौरव होने का सम्मान दिया गया। समिति के सचिव ने पूरे वर्ष का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में समिति के सैकड़ों सदस्यों ने अपना योगदान दिया। इस मौके पर सोनू मालाकार, उमेश कुमार, उमेश मालाकार, अमर मालाकार, मनीष, सुजीत कुमार, संगांत प्रियदर्शी, राजेंद्र मालाकार, अखिलेश मालाकार, अजय मालाकार और प्रदेश अध्यक्ष विनोद मालाकार मौजूद थे।



## AFFIDAVIT

As per Affidavit Ref. No. 262 date 11.04.2025, I, GHAZALA PARWEEN W/O RAHMATULLAH ANSARI R/O VILLAGE - SITHIO, P.O. - SITHIO, P.S.-DHURWA, DISTRICT-RANCHI, MASJID MOHALLA 894, AADHAR NO.4103 9352 5773 do hereby solemnly affirm and and declare as follows :

1. That I am an INDIAN CITIZEN BY BIRTH.
2. That my actual name is GHAZALA PARWEEN.
3. That in BANK PASS BOOK OF UNION BANK DORANDA BRANCH RANCHI VIDE A/C NO, 358702010602770 my name is mentioned as GAJALA PARVEEN which is wrong.
4. that purpose of this affidavit is for rectification my name as GHAZALA PARWEEN in above mentioned BANK PASS BOOK.
5. That contents of this affidavit is true and correct.

Sworn and signed this affidavit on 11-04-2025 at Ranchi

# तमिलनाडु से देश एवं विश्व को संदेश

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तमिलनाडु विशेषकर रामेश्वरम की यात्रा, वहां के कार्यक्रम, भाषण आदि की जितनी गहन चर्चा देश में होनी चाहिए उतनी नहीं हुई। हमारे यहां राजनीति में तीखा विभाजन होने के कारण देश के सकारात्मक मुद्दे गौण हो जाते हैं और नकारात्मक, निहित स्वार्थ के तहत उठाये देश के लिए क्षतिकारक मुद्दे सर्वाधिक चर्चा में होते हैं। लंबे समय से दक्षिण को संपूर्ण भारत से अलग साबित करने और तमिल को बिल्कुल भारतीय संस्कृति से विलग के करने का अभियान चल रहा है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं और उनकी सरकार लंबे समय से भारतीय संस्कृति, सभ्यता, अध्यात्म, सामाजिक जीवन आदि में वैदिक काल की एकता के तत्वों को सामने लाकर दिशा देने की कोशिश कर रही है। सामान्य तौर पर देखें तो प्रधानमंत्री मोदी ने वहां पंबन पुल का उद्घाटन किया, रेलवे को हरी झंडी दी, रामेश्वरम धाम में पूजा की तथा जनसभा को संबोधित किया। राजनीतिक दृष्टि से यह कार्यक्रम सामान्य माना जा सकता है, किंतु पूरी स्थिति समझने वाले इन कार्यक्रमों के दूरगामी गहरे प्रभाव शक्ति को स्वीकार करेंगे। आखिर रामनवमी का दिन ही इस कार्यक्रम के लिए क्यों चुना गया होगा? रामनवमी भारत की दृष्टि से इस वर्ष अत्यंत महत्वपूर्ण दिवस बन गया। एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रामेश्वरम द्वीप और मुख्यभूमि को जोड़ने वाले पंबन समुद्र पुल का उद्घाटन कर रहे थे, तो दूसरी ओर अयोध्या में निश्चित समय पर सूर्य की किरणें ठीक रामलला के मस्तक पर तिलक लगा रही थीं। इसके साथ प्रधानमंत्री ने उपग्रह से सेतु समुद्र को स्वयं देखने के साथ संपूर्ण विश्व को दिखाया। यह भारतीय सभ्यता, संस्कृति की कल्पनाशीलता और विज्ञान दोनों स्तरों पर उच्च सोपान का प्रमाण था। संपूर्ण दृश्य अद्भुत था। अगर तमिलनाडु को श्रीराम, श्रीकृष्ण, महादेव यानी शिव से अलग कर दें, तो वहां बचेगा क्या? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी का साकार स्वरूप देश और विश्व के सामने रखने का प्रयास कर रहे थे। पंबन पुल भारत का पहला वर्टिकल सी लिफ्ट पुल है जो हमारे आधुनिक ज्ञान, उच्च तकनीक अभियांत्रिकी की क्षमता का प्रदर्शन है। भारत ने पंबन ब्रिज के अलावा जम्मू-कश्मीर में विश्व के सबसे ऊंचे रेल पुलों में से एक चिनाब ब्रिज का निर्माण किया है तो मुंबई में देश का सबसे लंबा समुद्री पुल अटल सेतु और पूर्व में असम में बोगीबील ब्रिज का निर्माण हुआ है। रामेश्वरम को मुख्य भूमि से जोड़ने वाला यह पुल वैश्विक मंच पर भारतीय इंजीनियरिंग की बड़ी उपलब्धि के रूप में सामने है। पंबन पुल की लंबाई 2.08 किमी है। इसमें 99 स्पैन और 72.5 मीटर का वर्टिकल लिफ्ट स्पैन है, जो 17 मीटर तक ऊपर उठता है, जिससे जहाजों की आवाजाही की सुविधा मिलती है और साथ ही निर्बाध ट्रेन संचालन सुनिश्चित होता है।

**भारत ने पंबन ब्रिज के अलावा जम्मू-कश्मीर में विश्व के सबसे ऊंचे रेल पुलों में से एक चिनाब ब्रिज का निर्माण किया है, तो मुंबई में देश का सबसे लंबा समुद्री पुल अटल सेतु और पूर्व में असम में बोगीबील ब्रिज का निर्माण हुआ है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारतीय राजनीति में वर्ष 1927 तक डॉ अंबेडकर का आगमन हो चुका था और वे सक्रिय राजनीति मे अपना जड़ जमाने के लिए कृत-संकल्प हो चुके थे। राजेंद्र मोहन भटनागर ने अपनी रचना डॉ अंबेडकर : चिंतन और विचार में लिखा है कि सन 1927 तक डॉ अंबेडकर राजनैतिक गतिविधियों में हिस्सा लेने लगे थे। माना जाना चाहिए कि डॉ अम्बेडकर के राजनैतिक विचारों की पृष्ठभूमि उनके अपने जीवनानुभवों से निर्मित हुई हैं।**

# डॉ भीमराव अंबेडकर के राजनीतिक विचार



डॉ रोशन कुमार

युगपुरुष बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर कि विशेषता रही है की वह केवल दलितों के मसीहा नहीं, बल्कि आधुनिक भारत के निमार्ता, संविधान शिल्पी, आधुनिक बुद्ध, दलितों के मसीहा, राजनीतिक चिंतक, राजनेता, स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक, स्त्रियों के अधिकारों के प्रखर हिमायती, अर्थशास्त्री और लेखक थे। इसलिए जहां जिस तरह के चिंतन की आवश्यकता पड़ी, वहां उन्होंने वैसे ही विचार दिये, जहां तक उनके राजनीतिक विचार का सवाल है, तो जहां राजनैतिक चिंतन की आवश्यकता पड़ी वहां उन्होंने सिद्धांत दिया और जहां राजनीतिक जागरूकता की आवश्यकता पड़ी वहां उन्होंने नेतृत्व दिया।

भारतीय राजनीति में वर्ष 1927 तक डॉ अंबेडकर का आगमन हो चुका था और वे सक्रिय राजनीति मे अपना जड़ जमाने के लिए कृत-संकल्प हो चुके थे। राजेंद्र मोहन भटनागर ने अपनी रचना डॉ अंबेडकर : चिंतन और विचार में लिखा है कि सन 1927 तक डॉ अंबेडकर राजनीतिक गतिविधियों में हिस्सा लेने लगे थे। माना जाना चाहिए कि डॉ अम्बेडकर के राजनैतिक विचारों की पृष्ठभूमि उनके अपने जीवनानुभवों से निर्मित हुई हैं।

**डॉ अंबेडकर जानते थे कि दलितों को राजनैतिक भागीदारी दिलाये बिना दलितोत्थान संभव नहीं है।**

डॉ अंबेडकर के राजनीतिक चिंतन में प्रथम दृष्टिया - स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व जैसे तीन सैद्धांतिक आधार हैं। यही कारण है कि वे ऐसे राज्य की परिकल्पना करते थे जिसमें राजनीतिक हो या समाजिक आर्थिक हो या धार्मिक- वहां स्वतंत्रता का होना आवश्यक है।

उनकी सोच में बुद्ध के विचारों का अद्भुत समन्वय है। भगवान बुद्ध ने व्यक्ति की स्वतंत्रता, समानता और बन्धुत्व पर काफी जोर दिया था। उन्होंने इसके लिए जो ढांचा खड़ा किया था, वह संघ का आदर्श नमूना था। संघ पूरी तरह प्रजातांत्रिक था। डॉ अंबेडकर की भी मान्यता थी कि राष्ट्र-राज्य में राजनीतिक ढांचे का निर्माण इस तरह किया जाना चाहिए कि व्यक्ति के स्वभाविक विकास में राष्ट्र-राज्य और शासन विकास के अवसर प्रदान करे, उसकी स्वतंत्रता और अधिकारों की रक्षा करे और व्यक्ति की गरिमा को सुनिश्चित करे।

डॉ अंबेडकर का मानना था कि भगवान बुद्ध के विचार आधुनिक और विज्ञान की कसौटी पर खरे उतरते हैं। भगवान बुद्ध ने जातिविहिन समाज की परिकल्पना के द्वारा एक मनुष्य के द्वारा दूसरे के शोषण से मुक्ति की बात को कहा था। डॉ अंबेडकर भी इसे स्वीकार करते थे कि जातिविहिन समाज की स्थापना के बिना राजनीतिक हिस्सेदारी में समानता की बात कोरी कल्पना है। इसलिए अपने संदेशों में वे अक्सर कहा करते थे कि राजनीति वह चाबी है, जिससे विकास के सभी दरवाजे खुलते हैं। डॉ अंबेडकर ने स्वतंत्र भारत के लिए जिस राजनीतिक ढांचे की परिकल्पना की थी, उसके मूल में लोकतंत्र का बुनियादी ढांचा मौजूद था। वे लोकतंत्र के हिमायती ही नहीं उनकी प्रतिस्थापना के लिए भी कटिबद्ध थे।

लोकतंत्र से उनका अभिप्राय केवल सत्ता-शासन के स्वरूप तक सीमित नहीं था, बल्कि आगे इसके माध्यम से आम आदमी के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक सहभागिता या भागीदारी तक देखते थे। उनके राजनैतिक चिंतन के मूल में दलित उद्धार और राजनैतिक हिस्सेदारी के लिए संघर्ष है। डॉ अंबेडकर जानते थे कि दलितों को राजनैतिक भागीदारी दिलाये बिना दलितोत्थान संभव नहीं है।

डॉ अंबेडकर जनतंत्र की सफलता और उसकी लोकप्रियता के लिए दलीय प्रणाली को आवश्यक मानते थे, जिसमें कम से कम दो दल हो।

**डॉ अंबेडकर प्रगतिशील राजनीतिक चिंतक थे। उन्होंने इंग्लैंड, अमेरिका जैसे विकसित देशों की कई बार यात्राएं की थी उस क्रम में वहां की राजनीतिक व्यवस्थावाओं का अध्ययन भी किया था। वे अपनी सोच और चिंतन के आधार पर भारत में समतामूलक समाजिक व्यवस्था के तहत मानववादी राजनीतिक भूमि तैयार करना चाहते थे।**


डॉ अंबेडकर प्रगतिशील राजनीतिक चिंतक थे। उन्होंने इंग्लैंड, अमेरिका जैसे विकसित देशों की कई बार यात्राएं की थी उस क्रम में वहां की राजनीतिक व्यवस्थावाओं का अध्ययन भी किया था। वे अपनी सोच और चिंतन के आधार पर भारत में समतामूलक समाजिक व्यवस्था के तहत मानववादी राजनीतिक भूमि तैयार करना चाहते थे।

भारत की आजादी के बाद डॉ अंबेडकर भारत के प्रथम विधि मंत्री बने। उनका मानना था कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में ही इस देश में राजनीतिक स्थिरता, सामाजिक समरसता और दलित समुदाय का हित हो सकता है। इसके लिए वे राजनीतिक लोकतंत्र को आर्थिक व समाजिक लोकतंत्र में तब्दील करना चाहते थे। वे राजनीतिक सुधार के साथ-साथ सामाजिक एवं आर्थिक सुधार भी चाहते थे।

यह सच है कि किसी लेखक या विचारक के विचारों का प्रभाव उसकी रचना या कृति पर पड़ती ही है। चूंकि भारतीय संविधान के शिल्पी डॉ अम्बेडकर रहे हैं, अतः प्रकट या अप्रकट रूप में उनके विचारों का प्रभाव भारतीय संविधान पर भी पड़ा है। इसलिए डॉ अंबेडकर के विचारों, नीतियों और चिंतन का व्यापक प्रभाव भारतीय समाज और जनमानस पर पड़ा।

डॉ अंबेडकर ने जो विचारधाराएं और जो आदर्श समाज के समाने रखा उससे भारतीय समाज के एक बड़े समुदाय को अपने जीवन-स्तर के बदलाव में काफी सहूलियत हुईं। उनके विचार और आदर्श बहुआयामी थे। उनमें सामाजिक चेतना तो थी ही, राजनीतिक, आर्थिक, शैक्षिक और धार्मिक - सांस्कृतिक जैसी चेतनाएं भी शामिल थीं। वे जितने बड़े राजनेता थे उतने ही बड़े राजनैतिक विश्लेषक थे। वे भारतीय राजनीति के मंच पर 20वीं शताब्दी के तीसरे दशक में अवतरित हुए और आमरण राजनीतिक कायाकल्प और उसकी शुचिता के लिए प्रयत्नशील रहे। डॉ अंबेडकर के राजनीतिक विचारों के विवेचन से स्पस्ट है कि उनके राजनीतिक विचार और सोच सुस्पस्ट और मौलिक हैं। प्रखर राष्ट्रीयता, दलित मुक्ति और लोकतंत्र के प्रति उनकी अगाध निष्ठा उनके राजनीतिक विचारों का सार है।

**(लेखक : असिस्टेंट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान विभाग, आदर्श कॉलेज, राजधनवार हैं।)**



## कोल्हान की खबरें

# मंगल कालिंदी ने सड़क निर्माण कार्य का किया निरीक्षण, दिये दिशा-निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने विधानसभा क्षेत्र के जमशेदपुर प्रखंड स्थित सरजमदा में सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। रविवार को निरीक्षण के दौरान विधायक ने अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को गुणवत्ता के साथ सड़क निर्माण कार्य को जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। श्री कालिंदी ने कहा यह महत्वाकांक्षी सड़क परियोजना खासमहल चौक से परसुडीह, शंकरपुर, सरजमदा, बारिगोड़ा, राहरगोड़ा, गदड़ा होते हुए गोविंदपुर रेलवे फाटक तक होना है। सड़क का निर्माण कार्य कुल लागत 18.41 करोड़ की लागत से मंगोटिया कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा की जा रही है। विधायक ने कहा यह स्थानीय लोगों की बहुचर्चित मांग है। लंबी जर्जर सड़क का निर्माण के लिए लगातार विधानसभा से लेकर मुख्यमंत्री तक पहल करते रहे। जिसके परिणाम स्वरूप यह परियोजना स्वीकृत हुई है।

श्री कालिंदी ने कहा जनता का वर्षों पुरानी मांग पर पूरी होने से क्षेत्रवासियों को राहत मिलेगी और आवागमन की सुविधा बेहतर होगी। विधायक ने स्थानीय लोगों को आश्वस्त किया क्षेत्र में विकास के लिए उनका प्रयास सतत जारी रहेगा।

वहीं निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगो ने भी विधायक मंगल कालिंदी एवं हेमंत सरकार के प्रति आभार जताते हुए कहा यह सड़क वर्षों से बदहाल स्थिति में है। जिसके कारण आवागमन में परेशानी होती रही, लेकिन विधायक के अनुशंसा पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लंबी जर्जर सड़क निर्माण के लिए स्वीकृति दी। निर्माण कर भी शुरू होगया। अब क्षेत्र की जनता को जल्द राहत मिलेगी।

# झारखंड प्रदेश पान-तांती स्वांसी कल्याण समिति की बैठक में सरायकेला प्रखंड कमेटी का पुनर्गठन



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश पान-तांती स्वांसी कल्याण समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। रविवार को बैठक में सरायकेला प्रखंड कमेटी का पुनर्गठन किया गया। इस दौरान संगठन को मजबूत करने एवं समाज का कल्याण के लिए समर्पित नेतृत्व को जिम्मेदारी सौंपी गयी। नवगठित प्रखंड कमिटी में अध्यक्ष मंदीप दास, राजन तांती को उपाध्यक्ष, सचिव जगबंधु पान, संगठन सचिव रोहित दास, किशन दास को कोषाध्यक्ष एवं देवेंद्र नाथ और नलिन पात्रो को संरक्षक नियुक्त किया गया।साथ ही समिति के सलाहकार मंडल में गणेश दास, उमेश पान और गोपाल पान को शामिल किया गया। वहीं संयोजक मंडली में कुमारी चंदा, सुनीता दास, सुमित्रा देवी और प्रतिमा देवी को जिम्मेदारी सौंपी गयी। बैठक में संगठन की भावी रणनीतियों पर चर्चा की गयी और समाज के विकास के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल दिया गया। इस अवसर पर आशीष दास, अमन दास, विनय दास, ऋतिक दास, पिंटू दास, सूरज दास, उमेश तांती सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

# भाजपा के सक्रिय सदस्यता सम्मेलन में संगठन विस्तार पर दिया गया जोर




आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में जमशेदपुर पश्चिम एवं जुगसलाई विधानसभा क्षेत्रों में सक्रिय सदस्यता सम्मेलन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। रविवार को जुगसलाई के पटमदा में आयोजित सम्मेलन में चतरा सांसद कालीचरण सिंह एवं कदमा में भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज मुख्य वक्ता के रूप में रहे। मौके पर नेताओं ने भाजपा की नीतियों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं संगठन की विचारधारा पर प्रकाश डाला। साथ ही राज्य सरकार की विफलताओं, भ्रष्टाचार और युवाओं के साथ किए गए वादाखिलाफी की कड़ी आलोचना की। सम्मेलन में प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद, पूर्व जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह समेत कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने गोपालपुर गांव में चौपाल कार्यक्रम कर ग्रामीणों को केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। सम्मेलन में प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद, पूर्व जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, राजकुमार श्रीवास्तव, जटाशंकर पांडेय, रीता मिश्रा, कुसुम पूर्ति, संजीव सिन्हा, प्रदीप महतो, बबुआ सिंह, राजीव सिंह, रेणु शर्मा, जितेंद्र राय, विजय तिवारी, मुचिराम बाउरी, शरत सिंह सरदार, नीतीश कुशवाहा, श्वेता कुमारी, अजीत सिंह, संजय तिवारी, प्रशांत पोद्दार, बजरंगी पांडेय, बिनोद राय, रविंद्र सिंह सिसोदिया, प्रधान महतो, शांतनु मुखर्जी, दीपक पाल, पवन सिंह, सूरज साह, बासुदेव मंडल, हेमेंद्र जैन हन्नू, अमरेंद्र पासवान, अमरेंद्र मल्लीक, दीपू सिंह, दिनेश शर्मा, मंटू चरण दत्ता, कृपा सिंधु महतो,संदीप मिश्रा, सदानंद महतो, बिरेन महतो एवं अन्य मौजूद रहे।

# नयी तकनीक से खेती कर किसान अपनी आमदनी बढ़ायें : मुखिया

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** एनएच-33 से सटे लुआबासा गांव में आटि पुआल मशरूम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी वंदोवान द्वारा स्वीट पोटैटो और मशरूम के लिए एक साथ खेती की शुरूआत की गयी। इस अवसर पर कंपनी के एमडी डॉ अमरेश महतो, लुआबासा पंचायत की मुखिया सिंगो मुर्मू और दीन बंधु ट्रस्ट के महासचिव नागेंद्र कुमार उपस्थित रहे। यह उन्नत कृषि परियोजना गांव के प्रगतिशील किसान सत्य नाथ महतो और रंजन महतो की भूमि पर शुरू की गयी। दोनों किसानों को उद्योग आधार से पंजीकृत कराकर इस तकनीक से जोड़ते हुए खेती आरंभ करायी गयी। डॉ अमरेश महतो ने बताया यह स्वीट पोटैटो कम चीनी और ग्लूकोज रहित होता है। यह कैंसर, मधुमेह तथा गैस्ट्रिक रोगों में लाभकारी है।साथ ही उसी भूमि पर पेडीस्ट्रा मशरूम की खेती भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह प्रयास एक भारत श्रेष्ठ भारत मिशन के तहत देशभर में किसानों को उन्नत कृषि तकनीक से जोड़ने की दिशा में एक अहम पहल है। इस तकनीक से किसान कम पूंजी, कम मेहनत में अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। मुखिया सिंगो मुर्मू ने कहा नयी तकनीक को अपनाकर खेती करना समय की मांग है। इससे किसान आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बन सकते हैं। उन्होंने अन्य किसानों से भी इस तकनीक को अपनाने की अपील की। मौके पर बादल महतो, रंजीत महतो, हिमांशु महतो, सुभाष चंद्र महतो, मिनौति महतो, बसंती महतो, फुलमनी महतो समेत कई ग्रामीण शामिल रहे।

# महज 200 रुपये के लिए जुगसलाई गरीबनवाज बस्ती में चली गोलियां

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जुगसलाई के खरकई नदी किनारे बसी गरीबनवाज कॉलोनी में शुक्रवार की रात वर्चस्व की लड़ाई में हुई फायरिंग का सीसीटीवी में कैद विडियो फुटेज सामने आया है, जिसमें दोनों गुटों की ओर से हुई फायरिंग की घटना कैद हुई है। विडियो में स्पष्ट दिख रहा है कि दोनों गुटों की ओर से कैसे फिल्मी अंदाज में गोलियां चल रही हैं। जांच के क्रम में सामने आ रही जानकारियों के अनुसार यह झड़प महज दो सौ रुपयों के लेन-देन को लेकर हुई है, जिसमें पूरे फिल्मी अंदाज में दोनों ओर से गोलियां चली हैं।

# झामुमो नगर अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान सहित अन्य पदाधिकारी किये गये सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**आदित्यपुर।** अखिल भारतीय मूल निवासी अनुसूचित जाति संघ के द्वारा आदित्यपुर असंगी कार्यालय में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित सम्मान समारोह में झामुमो के आदित्यपुर नगर अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान, उपाध्यक्ष राजेश लाहा एवं सहसचिव अभि मुखी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

मौके पर नगर अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान ने कहा झामुमो सदैव मूलवासी समुदाय के साथ खड़ी रही है और आगे भी उनके अधिकारों एवं समस्याओं का समाधान के लिए संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने मूलवासी समाज की हर समस्या को पार्टी के शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचाने एवं समाधान का हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर संघ के केंद्रीय अध्यक्ष रविदास, केंद्रीय कोषाध्यक्ष कृष्णा मुखी, जिला संगठन सचिव तपन मुखी, बबलू मुखी, दिनु करवा, शत्रुघ्न मुखी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्टेडियम का शिलान्यास करने गये सांसद और विधायक को ग्रामीणों ने रोका, शिलापट्ट तोड़ा

## दो नामजद और 50 अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**पारंपरिक हथियारों से लैस होकर शिलान्यास स्थल पर पहुंचे थे ग्रामीण**

आजाद सिपाही संवाददाता



पारंपरिक हथियार के साथ विरोध करते ग्रामीण।



तोड़ा गया शिलापट्ट।

**रमकंडा।** रविवार को रमकंडा प्रखंड के सबाने गांव में स्टेडियम निर्माण का शिलान्यास करने गये संवेदक के साथ स्थानीय भाजपा नेताओं को ग्रामीणों ने शिलान्यास करने से रोक दिया। वहीं स्टेडियम निर्माण का विरोध करते हुए शिलापट्ट तोड़ दिया। घटना के बाद ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन ग्रामीण नहीं माने। जब तक संवेदक और ग्रामीण वहां से नहीं हटे, तब तक ग्रामीण खेल मैदान में बैठे रहे। जानकारी के अनुसार ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल की ओर से 1.8 करोड़ की लागत से सबाने गांव में स्टेडियम का निर्माण होना है। रविवार को विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी और सांसद बीडी राम व जीप सदस्य सत्यनारायण यादव की ओर से शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित था। वहीं इसके लिए खेल मैदान में टेंट पंडाल लगाया गया। इसकी सूचना मिलने पर सबाने गांव के ग्रामीणों ने एकजुट होकर पारंपरिक हथियार और लाठी डंडे से लैस सैकड़ों लोग खेल मैदान पहुंचे। वहां पर मौजुद नेताओं से कार्यक्रम के विषय में जानकारी ली, वहीं शिलान्यास की बात सुनते ही ग्रामीण आक्रोशित हो गये। पहले भाजपा नेताओं को शिलान्यास करने से रोका, फिर शिलापट्ट तोड़ दिया। ग्रामीणों ने बताया कि जिस खेल मैदान पर स्टेडियम निर्माण की बात है, वहां कोई खेल मैदान नहीं है, बल्कि यह उनकी अपनी जमीन है जिसकी लड़ाई वे लोग लड़ रहे हैं। ऐसे में किसी भी परिस्थिति में स्टेडियम निर्माण यहां नहीं होने दिया जायेगा। ग्रामीण चड़ा मुंडा, सिंगराय मुंडा, आशिक मुंडा, राहुल मुंडा सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि वे लोग कई बार स्टेडियम निर्माण का विरोध कर चुके हैं। वहीं अंचल कार्यालय में भी इसकी शिकायत की गयी है, बावजूद उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया, बल्कि स्टेडियम निर्माण की दिशा में सिर्फ काम हो रहा है। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान संवेदक के अलावे स्थानीय भाजपा नेताओं में मंडल अध्यक्ष राजकुमार विश्वकर्मा, भाजयुमो अध्यक्ष जयप्रकाश यादव, प्रेमनाथ यादव, राजू प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**दो पर नामजद और 50 अज्ञात पर प्राथमिकी के लिए आवेदन**

इधर घटना के बाद संवेदक मेसर्स पिंडरा इंटर प्राइजेज के संवेदक राजेश प्रसाद ने रमकंडा थाने में दो लोगों पर नामजद और 50 अज्ञात महिला पुरुष पर प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है। थाने में दिये गये आवेदन में कहा गया है कि सबाने गांव के सिंगराय मुंडा, रामा मुंडा व लगभग 50 अन्य महिला पुरूष ने शिलापट्ट को तोड़ दिया। इसके साथ ही टांगी, भाला, गड़ासा के साथ निर्माण कार्य को बाधित किया गया। वहीं निर्माण कार्य करने पर जान से मारने की धमकी दी गयी है।

## भवनाथपुर रिलायंस प्वाइंट मार्ट में ऑफर के नाम पर एक्सपायर खाद्य पदार्थ की बिक्री, उपभोक्ता नाराज



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। स्थानीय रिलायंस प्वाइंट मार्ट में ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है, जहां ऑफर के नाम पर एक्सपायर हो चुके खाद्य पदार्थों को बेचा जा रहा है। रविवार को बुका निवासी अनिल रावत जब भवनाथपुर स्थित इस मार्ट में खरीदारी करने पहुंचे, तो उन्हें ऑफर जोन में रखे एक चिप्स पैकेट पर छूट का स्टीकर लगा दिखा। जब उन्होंने पैकेट की जांच की तो पाया कि वह चिप्स 10 अप्रैल को ही एक्सपायर हो चुका है, बावजूद इसके ऊपर 60 रुपये की जगह 30 रुपये का स्टीकर चिपका कर बेचा जा रहा था। यह कोई पहला मामला नहीं है। कुछ दिन पूर्व ही एक अन्य ग्राहक प्रदीप विश्वकर्मा को भी एक्सपायरी डेट वाला प्रभुजी कंपनी का भुजिया बेचा गया था। प्रदीप विश्वकर्मा द्वारा इसकी शिकायत रिलायंस प्वाइंट मॉल के शिकायत केयर में किया था बावजूद लगातार इस प्रकार की लापरवाहियों से ग्राहक परेशान हैं और खाद्य सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस विषय में जब स्टोर मैनेजर से बात करने की कोशिश की गयी तो वे किसी भी तरह का संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाये।

## पूर्व विधायक भानु ने भाजपा नेता के परिवार से मिल दी सांत्वना

# पार्टी के लोग आपके साथ



आजाद सिपाही संवददाता

**सगमा।** पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही ने प्रखंड के वरिष्ठ नेता राजेंद्र प्रसाद यादव के घर पहुंचकर उनके पत्नी के निधन पर दुःख वयक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया। कहा कि दुख की इस घड़ी में भाजपा परिवार आपके साथ खड़ा है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। पूर्व विधायक ने परिवार जनों को सांत्वना देते हुए कहा कि उषा देवी का असामयिक निधन से जो छती हुआ है उसकी भरपाई करना मुश्किल है। दिवंगत उषा देवी के निधन से पार्टी को भारी नुकसान हुआ है, वे एक कर्मठ महिला थी। रघुवर दास की सरकार में उन्होंने प्रखंड बीस सूत्री के पद पर तीन वर्षों तक सेवा दिया। वे पार्टी की कर्मठ कार्यकर्ता थी उनका जाना परिवार के साथ साथ सगमा प्रखंड में पार्टी को भी नुकसान हुआ है। वे कुशल गृहणी के साथ सामाजिक कार्यों में भी कुसलता पूर्वक कार्य किया है। इस मौके पर मुख्य रूप से सगमा के पूर्व बिडिसी भाजपा नेता अजय यादव युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष धनंजय यादव मंडल अध्यक्ष दिलीप कुमार यादव, पारस नाथ यादव, रविरंजन यादव, बबलू ठाकुर, सखीचंद प्रजापति,राम अशीस यादव, बलराम बैठा, राजेश बैठा सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जनता की सेवा और उनकी समस्याओं के निदान के प्रति समर्पित हूं: विधायक



**हनुमान जन्मोत्सव पर 12 घंटे का अखंड कीर्तन कार्यक्रम आयोजित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** स्थानीय महावीर मंदिर रक्सा (लाला बागी) में महावीर मंदिर सेवा समिति के द्वारा हनुमान जन्मोत्सव पर 12 घंटे का अखंड कीर्तन कार्यक्रम आयोजित किया ।उक्त अवसर पर समिति के द्वारा महाप्रसाद वितरण किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में लोग प्रसाद प्राप्त किए। भक्तगण रात भर हरे रामा हरे कृष्णा और हनुमान जी के भक्ति स्वरूप भजनों का जप करते हुए झाल मजीरा के साथ थिरकते रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अनंत प्रताप देव ने उक्त अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज भगवान हनुमान का जन्मोत्सव है और यह जन्मोत्सव के अवसर पर महावीर सेवा समिति कमेटी के द्वारा लालाबागी के परिसर में भक्ति मय माहौल स्थापित किया है। उन्होंने हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर सभी को बधाई दिया और सभी के उज्जवल भविष्य की कामना प्रभु हनुमान से किया। विधायक अनंत प्रताप देव ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि वह प्रभु बजरंगबली की कृपा से चुनाव जीते हैं। ईश्वर की कृपा के फलस्वरूप ही चुनाव में लोगों का आशीर्वाद मुझे प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के एक-एक जनता की सेवा और उनकी समस्याओं का निदान करने के प्रति वे समर्पित है। उन्होंने कहा कि मंदिर के विकास के लिए उनसे जितना बन पड़ेगा, वह करेंगे और यहां का विकास होगा। उन्होंने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र के धर्मस्थलों का विकास किया जायेगा और उसे सजाया जायेगा। उन्होंने कहा कि पूरे क्षेत्र के चहुमुखी विकास के लिए वे संकल्पित है। झारखंड की हेमंत सोरेन की सरकार राज्य के चहुमुखी विकास के लिए कई कदम उठायें हैं। विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि उनका कलम इस क्षेत्र में विकास उपयोगी कार्यों के होने के लिए कभी नहीं रुकेगा। जैसा इस क्षेत्र के लोग चाहेंगे, जहां चाहेंगे, जब चाहेंगे, मैं उपस्थित होकर अपनी कलम का उपयोग कर इस क्षेत्र को विकसित करने के लिए संकल्पित हूं। उन्होंने कहा कि भवनाथपुर विधान सभा में व्याप्त समस्याओं को एक एक कर बारी बारी से निदान किया जायेगा। मौके पर राजेश प्रताप देव, अविनाश सहाय, विनोद प्रसाद चंद्रवंशी, पारसनाथ सिंहा, अजय प्रसाद, देवेंद्र सिंह, अमरनाथ पांडे, नागेंद्र प्रसाद महावीर पूजा समिति के अध्यक्ष विशाल कुमार,रमेश कुमार चंद्रवंशी, हरिवंश राम, आदर्श कुमार, योगेश, जितेंद्र, आकाश, अमरेंद्र सिंहा, सतेंद्र, जालिम प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# कंचन साहू लायंस क्लब के उप जिलापाल निर्वाचित

**जमशेदपुर में आयोजित दो दिवसीय अधिवेशन में कंचन साहू ने सुजीत कुमार को 46 मतों से पराजित कर जिलापाल बनने का गौरव प्राप्त किया**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** लायंस क्लब का जमशेदपुर के होटल द अलकोर में दो दिवसीय अधिवेशन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बिहार और झारखंड के जिला 622 ए के लगभग 85 क्लब के सदस्यओं ने भाग भाग लिया। इस कार्यक्रम में सत्र 2025-26 के लिए द्वितीय उप जिला पाल का चुनाव हुआ। जिसमें लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम के कंचन साहू को कुल 129 वोट मिले। वहीं सुजीत कुमार को 83 वोट प्राप्त हुए। ऐसे में कंचन साहू 46 मतों से विजय प्राप्त की। इस संबंध में बताया गया कि तीन माह पूर्व लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम के अध्यक्ष डॉ असजद अंसारी की अध्यक्षता में लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम की बैठक में सभी सदस्यों द्वारा निर्णय लिया की कंचन साहू को सत्र 2025-26 द्वितीय उप जिलापाल के लिए उम्मीदवार घोषित किया गया था। उसके बाद लायंस फैटरनिटी ऑफ गढ़वा की बैठक रखी गयी, जिसमें लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल, लायंस क्लब ऑफ कंचन साहू को कुल 129 वोट मिले। वहीं सुजीत कुमार को 83 वोट प्राप्त हुए। ऐसे में कंचन साहू 46 मतों से विजय प्राप्त की। इस संबंध में बताया गया कि तीन माह पूर्व लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम के अध्यक्ष डॉ असजद अंसारी की अध्यक्षता में लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम की बैठक में सभी सदस्यों द्वारा निर्णय लिया की कंचन साहू को सत्र 2025-26 द्वितीय उप जिलापाल के लिए उम्मीदवार घोषित किया गया था। उसके बाद लायंस फैटरनिटी ऑफ गढ़वा की बैठक रखी गयी। जिसमे लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल, लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन, लायंस क्लब ऑफ गढ़वा सिटी, लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम का संयुक्त बैठक रखी गयी। जिसमें सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से कंचन साहू का समर्थन किया। गढ़वा के सभी लायंस सदस्यों ने एकता का परिचय देते हुए कंचन साहू को जिताने का काम किया। जीत हासिल करने के बाद कंचन साहू ने लायंस जिला 322 ए के पूर्व जिला पाल एवं सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। वहीं सभी सदस्यों ने चुनाव जीतने पर बधाई दी। इस अधिवेशन में गढ़वा से पूर्व जिलापाल डॉ दिवाकर, डॉ एनके रजक, लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम के अध्यक्ष डॉ असजद, नंदलाल, रामनारायण, विजय सिंहा, ऑसम के सचिव उपेंद्र ठाकुर, चुनाव प्रभारी अमित कश्यप, लायंस ग्रीन के अध्यक्ष उमा कांत पांडेय, उमेश अग्रवाल, विश्वास शर्मा, संतोष कश्यप, नीरज कुमार, लायंस सिटी के अध्यक्ष डॉ अशोक, दया शंकर गुप्ता और लियो क्लब के सदस्य और कई सदस्य शामिल हुए।

## पाल महासंघ की गढ़वा प्रखंड स्तरीय कमेटी का पुनर्गठन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। रविवार को पाल महासंघ के कार्यालय में पाल महासंघ का प्रखंड स्तरीय कमेटी का पुनर्गठन किया गया। उक्त अवसर पर गढ़वा प्रखंड के सभी गांवों से पाल समाज के अग्रणी लोग उपस्थित हुए। चुनाव का कार्य पाल महासंघ के अध्यक्ष सुधीर कुमार पाल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जबकि कार्यक्रम का संचालन संघ के सचिव रमेश कुमार पाल ने किया। उक्त अवसर पर पाल समाज के विकास के लिए गढ़वा प्रखंड के सभी 13 गांव के बीच एक सशक्त टीम बनाने हेतु उपस्थित लोगों ने काफी विचार- विमर्श किया। उसके पश्चात सर्वसम्मति से निम्न पदों पर निम्नांकित व्यक्तियों का चयन किया गया। जिसमें **अध्यक्ष** : जोखन पाल, ग्राम- तिलदाग। **उपाध्यक्ष** : दिलीप पाल, ग्राम-सोनपुरवा। **सचिव** : नागेंद्र पाल, ग्राम-नगदरवा। **उपसचिव** : मनोज पाल, ग्राम-लोटो। **कोषाध्यक्ष** : अशोक पाल ग्राम -पचपड़वा। **उपकोषाध्यक्ष** : मनोज कुमार पाल, ग्राम सुखबाना। **प्रखंड प्रभारी** : प्रभुपाल, ग्राम -सहीजना और भोला पाल, ग्राम- टंडवा को बनाया गया।

## जूनियर प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन, गोसांग की टीम बनी विजेता



कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत ग्राम गरदाहा में आयोजित जूनियर प्रीमियर लीग (जेपीएल) क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन समारोह धूमधाम से मनाया गया। समापन समारोह का आयोजन गरदाहा मठ के समीप किया गया, जहां फाइनल मुकाबला रामबांध बनाम गोसांग टीम के बीच खेला गया। मुख्य अतिथि खुटहेरिया पंचायत के बीडीसी प्रतिनिधि अभिनंदन शर्मा ने फीता काटकर मैच का शुभारंभ किया। फाइनल मुकाबले में टॉस जीतकर रामबांध की टीम ने पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। गोसांग की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर के निर्धारित मैच में 10 ओवर 3 गेंदों में 70 रन बनाए और ऑल आउट हो गयी। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी रामबांध की टीम 9 ओवर 4 गेंदों में मात्र 57 रन ही बना सकी और पूरी टीम पवेलियन लौट गयी। इस प्रकार गोसांग की टीम 13 रन से विजेता घोषित की गयी। मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए विवेक कुमार को मैन ऑफ द मैच और पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन खेल दिखाने के लिए अभिषेक कुमार को मैन ऑफ द सीरीज से नवाजा गया। जेपीएल आयोजन समिति में सकेंद्र कुमार (अध्यक्ष), सुरज सिंह (कोषाध्यक्ष), सतीश कुमार उर्फ पंडित (सचिव), रितेश कुमार (उप सचिव) समेत कई युवा सक्रिय रहे। इस मौके पर झुन्नू सिंह, विजय सिंह, जितेंद्र सिंह, अरुण कुमार, डॉ. शैलेन्द्र कुमार, राजन सिंह, संजीव कुमार (टनटन), पंकज कुमार, छोटू सिंह, रिशु कुमार, चंदन कुमार, संजीव कुमार और आयुष कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# 'कॉफी विद एसडीएम': इस सप्ताह गढ़वा के साहित्यकारों को कॉफी पर किया गया आमंत्रित

**शिकायतें और सुझावों को सुनने के साथ-साथ गढ़वा के साहित्यिक विकास को लेकर होगी चर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने अपने एक घंटे के साप्ताहिक कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' में इस बार अनुमंडल क्षेत्र के साहित्यकारों को बुधवार को अपने यहां कॉफी पर आमंत्रित किया है।

संजय कुमार ने कहा कि गढ़वा क्षेत्र में साहित्यिक गतिविधियों को समृद्ध करने के लिये समन्वित प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। हो सकता है यहां पर अच्छे-अच्छे लेखक, कवि, शायर और अन्य विधाओं के साहित्य-साधक मौजूद हों, किंतु उन्हें एक बेहतर प्लेटफार्म देने के लिए प्रशासन के स्तर से क्या मदद हो सकती है इस बारे में भी एक अनौपचारिक संवाद बहुत आवश्यक है। इसलिए इस बार के 'कॉफी विद एसडीएम' कार्यक्रम में यहां के साहित्यकारों को आमंत्रित किया गया है। इस संवाद के दौरान साहित्यकारों की निजी समस्याओं को सुनने के अलावा गढ़वा क्षेत्र के विकास के लिए उनसे सुझाव भी लिए जायेंगे, तदनुरूप उन पर आवश्यक पहल भी की जायेगी।

अनुमंडल पदाधिकारी ने गढ़वा क्षेत्र के इच्छुक कवि/कवयित्री, लेखक/ लेखिका, शायर, कहानीकार, उपन्यासकार आदि से अनुरोध किया है कि वे इस 1 घंटे के अनौपचारिक संवाद कार्यक्रम में शामिल होने के लिए समय निकाल कर बुधवार 16 अप्रैल को 11:00 बजे सदर अनुमंडल कार्यालय जरूर पधारें। उन्होंने बताया कि यह साप्ताहिक संवाद कार्यक्रम शुरू हुये पांचवा महीना चल रहा है अब तक समाज के विभिन्न वर्गों के साथ ऐसे 19 कार्यक्रम आयोजित किया जा चुके हैं। इन कॉफी संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से अब तक सैकड़ो लोगों की समस्याओं का निस्तारण भी किया जा सका है।

# झारखंड ओलंपिक संघ चुनाव में शैलेंद्र अवर सचिव और अलोक संयुक्त सचिव चुने गये

आजाद सिपाही संवाददाता



शैलेंद्र पाठक



आलोक मिश्रा

**गढ़वा।** रविवार को रांची के नामकुम स्थित आरके आनंद लॉन बॉल स्टेडियम में झारखंड ओलंपिक संघ की वार्षिकआम सभा में अगले कार्यकाल वर्ष 2025 से 2029 तक के लिए संघ के पदाधिकारी का चुनाव संपन्न हुआ, जिसमें निर्विरोध रूप से गढ़वा के शैलेंद्र पाठक अवर सचिव और आलोक मिश्रा संयुक्त सचिव चुने गये।

विदित हो कि कई वर्षों के बाद यह पहली बार हुआ है जब झारखंड ओलंपिक संघ का चुनाव बिना किसी गुटबाजी के सर्वसम्मति से संपन्न हुआ है।

इस चुनाव में झारखंड ओलंपिक संघ के अध्यक्ष के रूप में आरके आनंद महासचिव के रूप में डॉक्टर मधु कांत पाठक तथा अन्य के साथ वरीय उपाध्यक्ष के रूप में भोलानाथ सिंह चुने गये।

झारखंड खेलों के लिए यह एक अच्छा संदेश माना जा रहा है कि झारखंड ओलंपिक संघ में गुटबाजी खत्म हो गयी है और सभी लोग मिलकर एक साथ राज्य में खेलों को आगे बढ़ाने को लेकर प्रयास करने को तैयार हैं।

वहीं गढ़वा के शैलेंद्र पाठक और आलोक मिश्रा को झारखंड ओलंपिक संघ के महत्वपूर्ण पद पर चुने जाने से गढ़वा खेल के क्षेत्र में खुशी का माहौल व्याप्त है।

श्री पाठक और मिश्रा झारखंड ओलंपिक संघ के चुनाव में निर्विरोध चुने जाने पर गढ़वा जिला के खेल संघ के सदस्यों खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने अपनी-अपनी शुभकामनाएं प्रेषित किया है।

**बधाई** देने वालों में ओलंपिक संघ के संरक्षक अमृत शुक्ला, राकेश पाल, अनिता दत्त, रेखा चौबे, वरीय उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी, कोषाध्यक्ष डॉ उमेश सहाय, मदन प्रसाद केसरी, ओमप्रकाश तिवारी, विजय कुमार केसरी, अरविंद कुमार, जगन्नाथ राम, गढ़वा जिला क्रिकेट संघ के सचिव राघवेंद्र नारायण सिंह, उर्फ गुड्डू सिंह, आनंद प्रकाश दुबे, के के यादव, रामप्रवेश तिवारी, ओम प्रकाश गुप्ता, चंद्र बहादुर सिंह, किशोर कुणाल, नवनीत कुमार, नवीन पाठक, सत्येंद्र प्रसाद यादव, धर्मेंद्र पाल, उपेंद्र राम, विजय सिंह, लक्ष्मण राम, संजय प्रताप देव, मनीष केसरी, प्रीतम गोड़, पंकज केसरी सहित कई लोगों ने शुभकामना व्यक्त किया है।

उक्त जानकारी गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के महासचिव आलोक मिश्रा ने दी।

# नीमा दिवस पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

## शिविर में 534 रोगियों का स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क दवा वितरण किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** राष्ट्रीय एकीकृत चिकित्सा संघ (नीमा) के स्थापना दिवस के अवसर पर संघ द्वारा प्रखंड के विकताम मध्य विद्यालय के प्रांगण में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 534 लोगों का स्वास्थ्य जांच कर विभिन्न प्रकार के बीमारी का इलाज किया गया, साथ ही निःशुल्क दवा वितरण किया गया। शिविर में जोड़ से संबंधीत, चर्मरोग, रक्तचाप, मधुमेह, उदर रोग इत्यादि का इलाज किया गया। अधिकांश ग्रामीण का हीमोग्लोबिन, शुगर आदि का जांच किया गया। मौके पर उपस्थित डॉ संजय कुमार, डॉ अनिल साह, डॉ नितेश भारती, डॉ वीरेंद्र कुमार, डॉ कुमुद रंजन, डॉ अभिजीत विश्वास, डॉ विजय प्रसाद, डॉ पतंजलि केसरी, डॉ कुमुद कुमार ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। चिकित्सको ने शिविर में पहुंचे लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें खान-पान तथा रहन-सहन पर ध्यान देने, हमेशा रूटीन जांच कराने की सलाह दी।

## बचरा में डॉ भीमराव अंबेडकर की जंयती आज मनायी जायेगी

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नम्बर स्थित आम्बेडकर चौक में कोल इंडिया एससी/एसटी ईम्पलाइज्ज एसोसिएशन सिस्टा के द्वारा आज संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती समारोह मनाया जायेगा। इसकी जानकारी देते हुए सिस्टा के पिपरवार क्षेत्रिय अध्यक्ष आनंद मुंडा और सचिव कामेश्वर राम ने बताया कि सुबह 9:30 बजे समारोह की शुरूआत की जायेगी। इस समारोह के मुख्य अतिथि पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबधंक संजीव कुमार उपस्थित होंगे। वही विशिष्ट अतिथि के रूप में अशोक परियोजना पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह, सीएचपी सीपीपी परियोजना पदाधिकारी पीके सिंह, कार्मिक और प्रशासनिक अधिकारी नागेश कुमार गोपाल सहित कई लोग शामिल होंगे। जंयती समारोह को लेकर सारी तैयारी पुरी कर ली गई है। उन्होने क्षेत्र के सभी सीसीएल अधिकारी, कर्मचारी, युनियन प्रतिनिधि, राजनैतिक पार्टी, पंचायत प्रतिनिधि सहित सभी लोगो से जंयती समारोह में शामिल होने की अपील की है।

## आनेवाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में 33 फीसदी सीट महिलाओं को : दीपक प्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** भाजपा स्थापना दिवस सप्ताह अभियान के तहत रविवार को कुंजला ग्राम, खूंटी में विधानसभा स्तरीय सक्रिय सदस्यता सम्मेलन किया गया। सदस्यता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने खूंटी जिला भाजपा के कार्यकर्ताओं को संगठन से मिले सभी कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि अभी हम खूंटी में लोकसभा और विधानसभा चुनाव हार गये हैं, लेकिन विपरीत स्थिति में भी खूंटी के कार्यकर्ता कार्य करते रहे हैं। फिर से हम आनेवाले चुनाव में जीत कर आयेंगे और विकास की धारा को आगे बढ़ायेंगे। उन्होंने कहा कि अभी हम भाजपा का स्थापना सप्ताह मना रहे हैं। छह अप्रैल 1980 को भाजपा का गठन हुआ। 1984 में जब भाजपा के दो सांसद चुनाव जीत कर आये, तो कांग्रेस ने हमारा मजाक उड़ाया। तब संसद में अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि दो सांसद चुन कर आये हैं। इसलिए हमारा मजाक उड़ाया जा रहा है। एक समय आयेगा, जब पूरे देश में हमारी सरकार बनेगी और लोग कांग्रेस का मजाक उड़ायेंगे। आने वाले 2029 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव में महिलाओं के लिए 33 फीसदीः आरक्षण दिया जायेगा।




सक्रिय सदस्यता सम्मेलन के बाद कुंजला ग्राम में मंदिर की साफ-सफाई की गई और चौपाल लगाया गया, जहां सर्व हित के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई। स्वागत भाषण सक्रिय सदस्यता सम्मेलन के संयोजक काशी नाथ महतो ने किया। मंच संचालन जिला महामंत्री सह कार्यक्रम संयोजक संजय साहू ने किया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष बिनोद नाग, मंजू देवी, अनूप साहू, महावीर राम, मदन मोहन गोप, अर्जुन पहान, परमेश्वर प्रसाद, कंचन सिंह, हरिनाथ मुंडा आदि उपस्थित थे।

### मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर : नीलकंठ सिंह मुंडा

विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि खूंटी विधानसभा में 140 सक्रिय सदस्य हैं। सक्रिय सदस्य बनाने के बाद ही संगठन उन्हें दायित्व दे सकता है। जब भाजपा की स्थापना हुई, तब हमने शून्य से शुरू किया और वर्तमान में 18 करोड़ सदस्य के साथ विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। देश में रेलवे के बाद अगर किसी के पास ज्यादा जमीन है, तो वो वक्फ बोर्ड के पास है। प्रधानमंत्री मोदी ने वक्फ बोर्ड संसोधन बिल लाकर वक्फ पर अंकुश लगाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि अब मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है।

## ट्रेलर और बोलेरो की टक्कर में सात घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** रांची-टाटा पथ पर तमाड़ थाना क्षेत्र के कांची नदी पुल के पास एक बोलेरो और एक टेलर की आमने सामने भीषण टक्कर में सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गये, जिसमें चार की हालत चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस के सहयोग से घायलों को उठाकर रिम्स भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार एक बोलेरो जेएच 01बी डब्ल्यु 0121 रांची की तरफ से टाटा की ओर जा रही थी, वहीं एक ट्रेलर ओडीओ के 43510 टाटा की ओर से रांची जा रही थी, जिनकी आपस में जोरदार टक्कर हो गयी, जिससे बोलेरो के परखच्चे उड़ गये। जिसमें तीन महिलाएं और एक बच्चे सहित दो और लोग सवार थे। घटना दोपहर लगभग सवा बारह बजे की बतायी जा रही है। बोलेरो में सवार लोग शादी की बात करने जा रहे थे। घटनास्थल पर चिख पुकार की आवाज गुंज रही है। चारों ओर सामान छितरे पड़े हुए हैं। घटना के बाद तीन घंटे तक रोड़ जाम हो गया, बड़ी मशक्कत के बाद दोनों गाडियों को रोड से हटाया गया।



### सड़क दुर्घटना में दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

बुंडू (आजाद सिपाही)। रांची-टाटा सड़क स्थित पंचवटी होटल के पास सड़क दुर्घटना में दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार द्रोपदी देवी पति शुकरा मुंडा उम्र 65 वर्ष ग्राम अंबा झरिया अनगड़ा निवासी और नंदन मुंडा उम्र 35 वर्ष दाऊदी दशम फॉल निवासी पंचवटी होटल के नजदीक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गये, जिन्हें इलाज के लिए अनुमंडल या अस्पताल बुंडू लाया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेज दिया गया।

## कुरमी/कुड़मी महतो समन्वय समिति का दो दिवसीय अंतर प्रांतीय सेमिनार संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुरी।** लालचंद महतो की अध्यक्षता में दो दिवसीय कुरमी/ कुड़मी महतो का अंतरप्रांतीय सेमिनार रविवार को समाप्त हो गया। इस सेमिनार में बंगाल, उड़ीसा, झारखंड और बिहार के कुर्मी, कुड़मी अपनी चिरपरिचित मांगों को लेकर इकट्ठा हुए। इस मौके पर मंच पर बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार मुख्य अतिथि के रूप में पधारे हैं। सेमिनार का मुख्य मुद्दा अबादी के आधार पर अनुसुचित क्षेत्र का पुनर्गठन के संबंध में, कुरमी/कुडमी को आठवीं अनुसूची में सुचीबध्द करने के संबंध में सेमिनार किया गया। मुख्य अतिथि श्रवण कुमार ने कहा कि कुरमी धरती से जुड़ा व्यक्ति हैं, कृषि कार्य करता है मिट्टी से जुड़ा व्यक्ति हैं। उसका उठना-बैठना आचार-विचार सब यहां के रहने वाले आदिवासियों से मिलता हूं तो कुरमी को आदिवासी होना ही चाहिए, उन्हें आदिवासी होने का हक और अधिकार मिलना चाहिए। उनके बाद संयोजक लालचंद महतो ने सभी को सही रुप से संगठित होकर लड़ने के लिए आह्वान किया। उसके बाद सुनील महतो, शुभेंदु महतो, सुजीत सिंह, भागीरथ, प्रभुदयाल, गोविंद, हरीष, पदमलोचन, धुमा महतो ने अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने आश्वासन दिया कि केंद्र में इस बात को रखुगां। सेमिनार में डाक्टर रमणेश प्रसाद, माथुर महतो, किंकर महतो, देवेंद्र महतो, शिशुपाल महतो, शत्रुघ्न महतो, निताई चंद्र महतो, बसंत कुमार महतो, सुभाष महतो, शिवराज महतो, ठाकुर महतो, भागीरथ, जगदीश, नरेंद्र नाथ, निवारण चंद्र, मदन, कोकिल, दीनबंधु, मनसा, पदमलोचन, फेकन, गणेश, सुमित, नीतिश, हरे कृष्ण, मृत्यंजय, विनोद, कल्याण, शिशिर, अशोक, हेमंत, जगरनाथ, पवन समेत काफी संख्या में सदस्य मौजूद थे।



## बुंडू में दो दिन से जलापूर्ति ठप, लोग परेशान

बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू प्रखंड स्थित जल मीनार से दो दिनों से जलापूर्ति ठप है, जिससे बुंडू की आधी आबादी पीने के पानी के लिए किल्लतों का सामना करना पड़ रहा है। इस भीषण गर्मी में लोग पानी के लिए परेशान है। ज्ञात हो कि नगर पंचायत स्थित आईबी के पास जलापूर्ति पाइप बिछाने के क्रम में मेन पाइप को जेसीबी के द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया था, जिसे संवेदक के द्वारा निम्न स्तर की पाइप लगाने से पाइप बार-बार लीकेज हो जा रही है। जिसके चलते प्रखंड स्थित जल मीनार से जलापूर्ति को रोक दिया जा रहा है। लोगों को जल नहीं मिलने से आक्रोश भी बढ़ता जा रहा है।

## इड़कू गांव में गिरी घर की छत, बुजुर्ग बाल-बाल बचे

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। सोनाहातू प्रखंड क्षेत्र के ईड़कु गांव में मकान की छत अचानक गिर गयी। यह मकान सैनाथ पातर मुंडा का है। हादसे के वक्त सैनाथ घर के भीतर चावल धोकर खाना बनाने की तैयारी कर रहे थे, तभी वह जैसे ही बाहर निकले, पीछे से छत भरभराकर गिर गई। संयोगवश इस हादसे में वह बाल-बाल बच गये। घटना की सूचना मिलते ही जामुदाग पंचायत समिति सदस्य रूपकुमार साहू मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। उन्होंने आश्वासन दिया कि सैनाथ पातर का घर ध्वस्त होने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी से बात करके जल्द ही सरकारी योजना के तहत नया घर मुहैया कराने का आश्वासन दिया।



## खेत में गिर कर मां की हो गयी मौत, शव से लिपट कर रोता रहा डेढ़ साल का बच्चा

खूंटी (आजाद सिपाही)। खूंटी जिले के मुरहू थाना क्षेत्र में रविवार को एक ऐसी हृदयविदारक घटना सामने आई, जिसे देखकर सभी की आंखें नम हो गई। कुंजला गांव के पास खेत के किनारे बने एक छोटे से घर के पास एक अज्ञात महिला का शव पड़ा था और लगभग डेढ़ साल का अबोध बच्चो मां के निर्जीव शरीर से लिपटकर जोर-जोर से रो रहा था। सूचना मिलते ही खूंटी सर्किल के पुलिस इंस्पेक्टर किशुन दास और मुरहू थाना प्रभारी रामदेव यादव सशस्त्र बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले रोते-बिलखते बच्चे को गोद में उठाकर शांत कराया। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस के अनुसार, ग्रामीणों ने बताया कि महिला रविवार की सुबह अकेले खेत की ओर जा रही थी। तभी वह रास्ते में गिर पड़ी और उसकी मौत हो गई। महिला की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। कुंजला और आसपास के गांवों के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन कोई भी महिला को पहचान नहीं पाया। फिलहाल पुलिस सोशल मीडिया की मदद से मृतका की पहचान करने की कोशिश में जुटी है। मासूम बच्चे को सहयोग विलेज चाइल्ड होम भेजे जाने की प्रक्रिया चल रही थी, ताकि उसकी उचित देखभाल हो सके।

## झूलन अनुष्ठान के साथ लौंकेल का मंडा पर्व संपन्न

खूंटी (आजाद सिपाही)। कर्रा प्रखंड के लौंकेल गांव में सदियों से जारी शिवोपासना का महापर्व मंडा रविवार को झूलन अनुष्ठान के साथ संपन्न हो गया। भोक्ताओं ने नौ दिन तक अल्पाहार, फलाहार और अंत में निर्जला उपवास रखकर भगवान शिव की नौ दिनों तक आराधना की और अंतिम दिन लगड़ी के झूले पर हवा में घमते ही भक्तों पर पष्प वर्षा की। झूलन के साथ ही भोक्तओं ने अन्न-जल ग्रहण किया। शनिवार की रात्रि में धुआं सुआं अनुष्ठान और फूलखुंदी अनुष्ठान के तहत दहीकते अंगारों में चलकर अपनी भक्ति का परिचय दिया। मंडा पूजा को लेकर जय माता दी क्लब मंडा पूजा समिति लौंकल द्वारा आर्केस्ट्रा का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। आर्केस्ट्रा कार्यक्रम में गायिका सुमन गुप्ता गायक सूरज ने अपने गीतों से सबको झूमने पर विवश कर दिया। इस अवसर पर गायक रूपेश बाडाईक, चिंता देवी और डांसर रिमा ठाकुर और तमन्ना कुमारी ने भी अच्छी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष बसंत सिंह मुंडा, उपाध्यक्ष दिलीप बडाईक, कोषाध्यक्ष नवीन कुमार उर्फ बबलू, संरक्षक नागेंद्र सिंह, डॉ जेके सिंह, कुलेंद्रर सिंह, अखिलेश गोप, गुलाब नायक आदि ने योगदान दिया।



## सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोबिया शिव मंदिर में चलाया सफाई अभियान

पिपरवार (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी पिपरवार मंडल के शक्ति केंद्र बेंती द्वारा भाजपा के स्थापना दिवस पर चलाये जा रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत सफाई अभियान चलाया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पिपरवार क्षेत्र के बेंती पंचायत के जोबिया शिव मंदिर की साफ सफाई की। साथ ही सेवा सप्ताह कार्यक्रम के तहत अपने मंडल में स्वच्छता, पदयात्रा व बुथ समिति के साथ बैठक की। बैठक में 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को धुमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता धनराज भोक्ता, सह संयोजक संजय कुमार भोगता, युवा मोर्चा अध्यक्ष रामलाल महतो, भाजपा सक्रिय सदस्य सुखी गंझू, जगदीश भोगता, बासुदेव गंझू, चेतलाल महतो, अमन कुमार, बैजनाथ मुंडा, धनेश्वर गंझू, जोबवा उरांव सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मानव जीवन के विकास के लिए सरना धार्मिक सामाजिक व्यवस्था का संरक्षण जरूरी : दुर्गा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** सिलादोन के पाटेद में रविवार को सरना धर्म सोतोः समिति का तीसरा शाखा स्थापना दिवस सह सरना धर्म प्रार्थना सभा आयोजित किया गया। सोमा पाहन, जगन्नाथ मुंडा और घुरन मुंडा की अगुवाई में अनुयायियों के साथ सरना स्थल में भगवान सिंडबोंगा की पूजा-अर्चना कर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की गयी। इस अवसर पर धर्मगुरु सोमा कंडीर ने अनुयायियों को संबोधित करते हुए कहा कि सिङबोंगा की स्तुति से हमारी आत्मा में भक्ति व श्रद्धा बढ़ती है तथा समाज में प्रेम और भाईचारा की भावना पनपती है। इससे लोभ, लालच व अहंकार जैसे बुराइयां दूर होती है और जीवन में सुख, शांति और खुशहाली आती है। दुर्गा कच्छप ने कहा कि सरना प्रकृति पर आधारित विश्व का प्राचीनतम धर्म है। इसमें आज भी सच्चाई, अच्छाई, ईमानदारी व निष्ठा है, लेकिन धार्मिक प्रतिस्पर्द्धा में धीरे-धीरे अपने मूल अस्तित्व व अस्मिता लुप्त होती जा रही है। इससे न केवल धार्मिक-सामाजिक व्यवस्था कमजोर हुई है, बल्कि जल-जंगल-जमीन से भी बेदखल होना पड़ रहा है। आदिवासियों के समुचित विकास के लिए सरना धार्मिक-सामाजिक व्यवस्था का संरक्षण व संवर्धन जरूरी है। कार्यक्रम में धर्मगुरु बगरय मुंडा, मथुरा कंडीर, राजेंद्र खालखो, दीपक मुंडा, मंगलसिंह मुंडा, चौतन मुंडा, सुभासिनी पूर्ति, सुकरा मुंडा, तंबला मुंडा, बिरसिंह मुंडा, सिंगराय मुंडा, कलावती मुंडा, चांदमनी तिड़ू, पूनम, मृदुला कच्छप, अंजू, सविता मुंडा आदि ने विचार व्यक्त किये।



## डकरा में मनाया गया सरहुल पूजा महोत्सव



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** एनके एरिया सरना समिति के तत्वाधान में डकरा में सारहुल पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक सुरेश बैठा और विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता, ट्राइबल इंडिया क्वीन पूजा लकड़ा, थाना प्रभारी जयदीप टोप्पो, मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता, केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन, विधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी इंदिरा देवी, शमीम बड़ेहार, जालिम सिंह आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लालचंद विश्वकर्मा और संचालन सूरज मुंडा ने किया। कार्यक्रम में सबसे पहले पाहन शिवचरण गंझु ने डकरा सरना स्थल पर पारंपरिक तरीके से पूजा अर्चना किया। इसके बाद दर्जनों खोड़हा टीमो के द्वारा सांस्कृतिक गाजे बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। जिसमें मांदर, ढोल नगाड़े के साथ नृत्य करते हुए केडीएच सरना क्लब पहुचे। जहां मुख्य अतिथि का भव्य स्वागत किया गया। उसके बाद सभी टीमो के द्वारा बारी बारी से नृत्य प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों ने सभी टीमों को पुरस्कृत किया। मुख्य अतिथि विधायक सुरेश बैठा ने कहा कि सरहुल प्रकृति का पर्व है यह हमें प्रकृति सरंक्षण का सन्देश देता है। इस मौके पर रंथू उरांव, सुनील कुमार सिंह,राम लखन गंझु, नरेश गंझु, मुखिया पुतुल देवी, दीपमाला कुमारी, सुनीता देवी, ललिता देवी,तेजी किस्पोट्टा, सुमन देवी, प्रियंका देवी, मोनू रजक, अशोक लकड़ा, साबिर अंसारी, कन्हाई पासी,नरेश गंझु, राजेश सिंह मिंटू, प्रभाकर गंझु, राजेंद्र उरांव, सूरज मुंडा, मिथुन गंझु, दीपक, रोशनलाल, रवि, गंझु, सुकरा उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

## झामुमो चूरी दक्षिणी पंचायत कमेटी का गठन अजय अध्यक्ष और आशीष मुंडा सचिव बने

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के खलारी प्रखंड संयोजक मंडली की एक बैठक पियारटांड में की गयी। जिसकी अध्यक्षता संयोजक प्रमुख अनिल पासवान और संचालन शंभू दास ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से चूरी दक्षिणी पंचायत कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष अजय मुंडा, उपाध्यक्ष करमो प्रजापति, बबलू मुंडा, सचिव आशीष मुंडा, सह सचिव हरि यादव, संगठन सचिव पूनम देवी कोषाध्यक्ष विकास कुमार यादव के अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में यशोदा देवी, राधा देवी, मुनिया देवी, संगीता देवी, सुरपति देवी, दुखनी देवी, सुगनी देवी, सुनीता देवी, अनिता देवी, आरती देवी, मनीषा देवी, गुड्डु मुंडा सहित अन्य को शामिल किया गया है। बैठक के अंत में धन्यवाद ज्ञापन राजेश गोप ने दिया। बैठक में उपस्थित संयोजक मंडली प्रमुख अनिल पासवान, अरुण यादव, सुनील यादव, राजेश गोप, चितरंजन सिंह, शंभू दास, रीतम कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।



बैठक में उपस्थित झामुमो पदाधिकारी और कार्यकर्ता।

## गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा डकरा में मनाया गया बैशाखी पर्व

**साप्ताहिक पाठ का हुआ समापन, कीर्तन और लंगर का हुआ आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** डकरा में गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा डकरा में रविवार को बैसाखी का पर्व पूरे श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। बैशाखी पर्व को लेकर विगत 7 अप्रैल से ही साप्ताहिक पाठ शुरू था। हाल ही में गुरूद्वारे का नवीकरण किया गया है। बैशाखी को लेकर गुरूद्वारा को आकर्षक सजाया गया था। रविवार सुबह से ही गुरुद्वारे में कीर्तन दरबार का आयोजन हुआ। जिसमें गुरबाणी का पाठ सुनकर लोगों को आध्यात्मिक अनुभूति हो रही थी। साप्ताहिक पाठ की समाप्ति पर कीर्तन किया गया। कमलजीत कौर ने कीर्तन गायन किया। तबला वादक के रूप में अमित मिश्रा ने अपनी सेवा दी। एक दिन पूर्व शनिवार को निशान साहिब का चोला बदला गया, जिसमें तनवीर सिंह बेदी ने सेवा की। कीर्तन समाप्ति के बाद अरदास किया गया। अतिथियों में एनके एरिया महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता, मोनेट के जीएम देवेंद्र सिंह, डीएवी खलारी के प्रिंसिपल डॉ.कमलेश कुमार, शैलश सिंह, सुनील सिंह सहित एनके एरिया के सभी एसीसी सदस्य प्रेम कुमार, गोल्डेन प्रसाद यादव, सुनील कुमार सिंह, शैलेश कुमार, रांची से आये बीरेंद्र कुशवाहा, सभी स्थानीय पत्रकार आदि को सरोफा देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान वाहेगुरु जी का खालसा वाहेगुरु जी की फतेह नारों से गुरुद्वारा गुंजायमान होता रहा। अंत में लोगों के बीच प्रसाद वितरण हुआ। प्रसाद वितरण के बाद लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में बाबा मंजीत सिंह, बाबा रावेल सिंह, जोगेन्द्र सिंह, बरियाम सिंह, बलबिन्दर सिंह, बलबीर, यश बेदी, तनवीर, आयुश, अनमोल सिंह, सहित सीसीएल के अन्य अधिकारी सहित काफी संख्या में स्थानीय महिला पुरूष शामिल हुए।



## बचरा गुरुद्वारा में मनाया गया बैशाखी पर्व

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में रविवार को सिख समुदाय के द्वारा खालसा साजना दिवस सह बैसाखी पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। जानकारी के अनुसार बैशाखी पर्व एंव खालसा साजना दिवस के मौके पर रविवार की सुबह बचरा गुरुद्वारा में निशान साहब का चोला बदला गया। जिसके बाद तीन चरणों में चल रहे सहज पाठ की समाप्ति की गयी। अंत में गुरु का लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें सिख समुदाय से जुड़ी सभी महिला पुरुष और बच्चे शामिल हुए। इस दौरान प्रसाद का भी वितरण किया गया। इस संबंध में बचरा गुरुद्वारा कमेटी के ग्रंथी सरदार कुलदीप सिंह ने बताया कि बचरा गुरुद्वारा में प्रत्येक वर्ष खालसा साजना दिवस एवं बैसाखी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि 1699 में गुरु गोविंद सिंह जी ने बैशाखी के दिन खालसा पंत की स्थापना की थी। उन्होंने पूरी दुनिया में आपसी भाईचारगी और प्रेम का संदेश दिया है। इस अवसर पर बचरा गुरुद्वारा के ग्रंथी कुलदीप सिंह, सुखदेव सिंह, निर्मल सिंह, बक्सी सिंह, पृथ्वीपाल सिंह,जगजीत सिंह, मंगल सिंह, सेवा सिंह, बक्सी सिंह, प्रताप सिंह, सीटु शाही, सरबजीत कौर, कमलजीत कौर, गुरमीत कौर, पिंकी कौर, शरणजीत कौर, निर्मल कौर, अमन सिंह, हरजिंदर सिंह, मिंटु सिंह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।



आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 14 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in



## छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज की धर्मशाला बनेगी

खूंटी। छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज की बैठक रविवार को जिलाध्यक्ष शिवनारायण गौंझू की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में रामनवमी महोत्सव के दौरान समाज द्वारा दिये गये योगदान की चर्चा की गयी। इस दौरान लगभग 16 हजार रूपये का व्यय हुआ, जिसका वहन समाज के लोगों ने किया। मौके पर पिछली बैठक के प्रस्तावों की समीक्षा की गयी। छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज के लिए भूमि खरीद ली गयी है और इसका दाखिल खारिज भी हो गया है। अब अविलंब धर्मशाला का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाए। भूमि की बाउंड्री के लिए सभी लोगों ने सहयोग की बात कही। नॉलेज सिटी के लिए लीग ई भूमि पर एकलव्य स्कूल बन कर तैयार है।

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो गंभीर

## गोवा से लौटे दोस्त को लेकर बाइक से रांची से बेड़ो जा रहा था

**तुको सरनाटोली पुल के समीप ऑटो से टक्कर के बाद मौके पर ही तोड़ा दम**

आजाद सिपाही संवाददाता



मृतक रवि उरांव की फाइल फोटो।

**बेड़ो।** थाना क्षेत्र के बेड़ो-लोहरदगा मार्ग पर तुको सरनाटोली पुल के समीप रविवार की शाम 4.30 बजे ऑटो और बाइक सवार की टक्कर में 22 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। उसकी पहचान रवि उरांव (22) के रूप में हुई है। वह लोहरदगा जिला के भंडरा थाना क्षेत्र नवडीहा गांव का रहने वाला था। इसी हादसे में बाइक के पीछे बैठे भंडरा थाना क्षेत्र के नवाडीह गांव निवासी आशीष उरांव (19) और ऑटो चालक गड़रपुर तेतरटोली गांव निवासी विनोद उरांव (35) गंभीर रूप से घायल हो गये। जिसे भाजपा मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह ने बेड़ो पुलिस एवं ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां डट सनल सोनू बरवार ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार कर बेहतर उपचार के लिए उन्हें रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। इधर, घायल आशीष उरांव ने बताया कि वह काम करने के लिए गोवा गया था। रविवार को ही गोवा से रांची पहुंचा था। उसे लाने के लिए रवि उरांव रांची आया था। इसके बाद वे लोग बाइक से अपने घर जा रहे थे। इसी बीच यह हादसा हो गया। उधर, घटना की सूचना मिलने पर एसआई अनिल टोप्पो एवं एएसआई निरंजन तिवारी बेड़ो सीएचसी पहुंचे और घटना की जानकारी ली। थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान ने बताया कि मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए सोमवार को रिम्स अस्पताल भेजा जाएगा।

# खेत में काम कर रहे किसान को मारी गोली

## हमलावरों की एक बाइक जब्त कर जांच में जुटी पुलिस



घायल किसान राजकुमार महतो।



पुलिस ने बरामद की हमलावर की एक बाइक।

**- रास्ते पूछने के बहाने पहुंचे बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** थाना क्षेत्र के साहेर गांव में रविवार को सुबह अज्ञात अपराधियों ने साहेर सेमर टोली निवासी युवा किसान राजकुमार महतो को उसके खेत में ही गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दिन नगडी बाजार होने के कारण सुबह 4.45 बजे जब किसान राजकुमार महतो अपने खेत में तैयार फसल नेनुवा तोड़ रहा था, तभी वहां दो बाइस से चार बदमाश पहुंचे और बसिला गांव जाने का रास्ता पूछा। राजकुमार बोला कि इधर रास्ता नहीं है, तो बदमाश उससे उलझ गये और बंदूक निकाल कर राजकुमार को मारने की नियत से गोली चल दी। जिसके बाद राजकुमार महतो ने एक अपराधी को पकड़ लिया और चिल्लाने लगा। तब हमलावर ने बंदूक के बट से राजकुमार के सिर पर जोर से मार कर घायल कर दिया और भाग गया। हालांकि घायल होने से पहले राजकुमार ने एक अपराधी को बगल के खेत से एक तरबूज उठा कर मारा और बचाओ-बचाओ चिल्लाने लगा। इस पर ग्रामीण उसकी आवाज सुन कर उसकी ओर दौड़े ही थे कि हड़बड़ी में अपराधी अपनी बिना नंबर की एक बाइक को वहीं छोड़ कर फरार हो गये, जिसे बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने जब्त कर लिया है। लगे हाथ नगड़ी पुलिस ने घायल राजकुमार महतो को इलाज के लिए रिम्स अस्पताल ले गयी। दूसरी ओर, घटना के बाद नगड़ी पुलिस ने पूछताछ के लिए संदेह के आधार पर साहेर गांव के ही दो लोगों को थाना लाई है। वहीं, पुलिस को दिये अपने फर्द ब्यान में राजकुमार ने कुछ नाम देकर जान से मरवाने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। उसने पुलिस को बताया कि तीन दिन पूर्व घर में किसी से झगड़ा हुआ था। तब उसे जान से मरवाने की धमकी दी गयी थी। घायल का इलाज रिम्स अस्पताल में चल रहा है। उसकी हालत खतरे से बाहर बतायी जा रही है। इस संबंध में नगड़ी थाना प्रभारी अभिषेक राय ने कहा कि जल्द ही सभी हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# निर्माणाधीन मंदिर के कार्य में तेजी लाने पर दिया जोर



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** चैत्र नवरात्र पूजा के सफल समापन के बाद रविवार को मां तारा सेवा आश्रम टाटीसिलवे में सदस्यों की एक बैठक सहभोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष गौतम ओझा ने चैत्र नवरात्र और हनुमान जयंती को भक्ति भाव एवं उल्लास के साथ संपन्न कराने के लिए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। बैठक में आश्रम के माठाधीश भीष्म नारायण तपस्वी ने निर्माणाधीन मंदिर कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के लिए कार्य में तेजी लाने की आवश्यकता पर बल दिया। कहा कि भक्तों और स्थानीय लोगों के सहयोग से यह मंदिर धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र बनेगा। आश्रम के मुख्य पुजारी पंडित बिरेश पाठक ने जानकारी दी कि लोगों का अपेक्षित सहयोग मिल रहा है और शीघ्र ही मंदिर निर्माण कार्य पूर्ण होगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से निरंतर सहयोग की अपील भी की। इस मौके पर गजाधर शर्मा, विनोद शर्मा, धर्मेन्द्र तिवारी, संजय पटेल, रंजीत सिंह, ब्रजेश तिवारी, बीरेंद्र ओझा, दिनेश महतो, जेपी सिंह, रमेश सिंह, सुमन सिंह, कृष्णा गिरी, भूलन साहनी, दिलीप क्षत्रिय आदि उपस्थित थे। अंत में सभी ने सहभोज का आनंद लिया और धार्मिक एकता एवं सहयोग की भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# नामकुम में झामुमो के केंद्रीय अधिवेशन को लेकर तैयारियां पूरी, स्वागत में जुटे कार्यकर्ता

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** झामुमो के 14-15 अप्रैल को होने वाले केंद्रीय अधिवेशन को लेकर नामकुम के दुर्गा सोरेन चौक पर तैयारियां पूरी कर ली गई है। अधिवेशन में देशभर से आने वाले प्रतिनिधियों के स्वागत को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है। दुर्गा सोरेन चौक को आकर्षक ढंग से सजाया गया है और आगंतुकों के स्वागत के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई है। इधर, स्थानीय लोगों में भी अधिवेशन को लेकर उत्सुकता है। उम्मीद की जा रही है कि यह अधिवेशन झामुमो के संगठनात्मक दिशा और आगामी रणनीतियों को मजबूती देगा। मौके पर बीरू साहू, विलियम रिचर्ड लकड़ा, अभय तिग्गा, संदीप टोप्पो, जॉन मिंज, अभिषेक खलखो, गिडियन लुगुन, डेल्वेक पूर्ति, मुस्ताक आलम, पवन जेडिया, कलाम आजाद, अंशु लकड़ा, हरीश महतो आदि मौजूद रहे।



# झूलन देखने उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**इटकी (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र के गड़गांव में प्राचीन एवं ऐतिहासिक मंडा पूजा महोत्सव के अंतिम दिन रविवार को मंडा स्थल पर झूलन देखने श्रदालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भोक्ताओं को लकड़ी के झुले से बांधकर झूलाया गया। हर कोई भोकता बिखरे फूल (आशीर्वाद स्वरुप) पाने को दौड़ पड़ा। पट भोकता के बाद बारी-बारी से 81 भोक्ताओं ने पूजा अर्चना कर फूल बिखेरे। इसके पूर्व करीब चार बजे रंगा रंग वेशभूषा धारण किये भोक्ता और माथे पर कलश लिए महिला सोक्ताइनों ने शिव मंदिर की परिक्रमा कर अराधना की। इस दौरान आदिवासी समाज के सैकड़ों लोग ढोल मांदर और नगाड़ा सहित अन्य वाह्ययंत्रों के थाप पर नाचते गाते मंडा स्थल पहुंचे और मंडा मेला जतरा में परिणत हो गया। मेला जतरा में लोगों ने जमकर खरीदारी की। इधर, रात नौ बजे से आयोजन समिति द्वारा भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलाकारों के रंगा रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम से लोग रातभर झुमते नाचते नजर आये। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने किया। वहीं, मंडा पूजा महोत्सव को सफल बनाने में समिति के संरक्षक दीपक सिंह, भवानी शरण सिंह, अध्यक्ष भोमा सिंह, नरेश साहू,अक्षेवर गोप, महिन्दर गोप आदि की अहम भूमिका रही।



# स्वतंत्रता सेनानी शहीद जीतराम बेदिया स्मारक कमेटी की बैठक

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** स्वतंत्रता सेनानी शहीद जीतराम बेदिया केंद्रीय स्मारक कमेटी की बैठक केंद्रीय कार्यालय शहीद जीतराम बेदिया भवन गगारी में हुई। जिसकी अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष जीतनाथ बेदिया और संचालन उपाध्यक्ष रामदयाल बेदिया ने किया। इस दौरान बैठक में 23 अप्रैल को स्वतंत्रता सेनानी शहीद जीतराम बेदिया का 167वां शहादत दिवस समारोह धूमधाम से मनाने पर निर्णय लिया गया। साथ ही सर्वसम्मति से निम्नलिखित प्रस्ताव पारित की गई एवं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्वतंत्रता सेनानी शहीद जीतराम बेदिया केन्द्रीय स्मारक कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमें अध्यक्ष जीतनाथ बेदिया, सचिव ब्रजकिशोर बेदिया, कोषाध्यक्ष धनराज बेदिया, उपाध्यक्ष रामदयाल बेदिया, गोपाल राम बेदिया, छत्रपति बेदिया, सहसचिव रामसेवक बेदिया, सोहराईया बेदिया, भूपनाथ बेदिया, संयुक्त सचिव जितेंद्र बेदिया, रंजीत बेदिया, जगरनाथ बेदिया आदि का चयन किया गया। साथ ही समारोह के सफल आयोजन के लिए एक तैयारी समिति का गठन किया गया। जिसके अध्यक्ष बृजलाल बेदिया, सचिव धनेश्वर बेदिया, कोषाध्यक्ष बिनोद बेदिया को बनाया गया है। इस मौके पर जीतनाथ बेदिया, कल्लू बेदिया, रामदयाल बेदिया, मुखिया धनराज बेदिया, भूपनाथ बेदिया, जितेन्द्र बेदिया, बिनोद बेदिया और रुमिला देवी आदि उपस्थित थे।

# जोरार बस्ती में मिला सात फीट लंबा जहरीला सांप



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जोरार बस्ती में रविवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब लोगों ने सात फीट लंबा जहरीला धमना सांप देखा। बताया जा रहा कि यह सांप पिछले एक सप्ताह से इधर-उधर भटक रहा था, जिससे लोगों में डर का माहौल था। स्थानीय निवासियों ने बताया कि सांप की वजह से वे रात में लाइट जला कर और मच्छरदानी लगा कर सोने को मजबूर थे। इस बीच रविवार सुबह यह सांप एक घर में घुस गया, जिसके बाद तुरंत सूचना गांव के ही स्केनमैन के नाम से पहचाने जाने वाले युवक धरुण और अखिलेश को दी गयी। इसके बाद दोनों मौके पर पहुंचे और बिना किसी नुकसान के सांप को सावधानीपूर्वक पकड़ लिया। उन्होंने उसे बोरे में डाल कर पास के जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया।

उधर, स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि गर्मी के मौसम में ऐसी घटनाओं को देखते हुए बस्ती में साफ-सफाई और जागरूकता अभियान चलाया जाये, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# नवनिर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कार्यक्रम आयोजित

**पिस्कानगडी (आजाद सिपाही)।** अंबेडकर मोहल्ला (हरिजन मुहल्ला) पुराना बाजार रोड में श्रीश्री पंचमुखी हनुमान जी के नवनिर्मित मंदिर का निर्माण किया गया है। इसमें प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। शनिवार को मंदिर परिसर में यज्ञ मंडप भूमि की पूजा पंडित पंकज पांडेय ने पुजारी सत्यनारायण केसरी सपत्नीक शांता देवी को वैदिक मंत्रों उच्चारण के साथ कराया। मंदिर निर्माण समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि 19 अप्रैल को कलश यात्रा, 20 अप्रैल को धनाधिवास, पुष्पाधिवास, मिष्ठानधिवास, धुपाधिवास और नगर भ्रमण, 21 अप्रैल को प्राण-प्रतिष्ठा एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

# नवनिर्मित मंदिर में भगवान भोलेनाथ के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गयी कलश यात्रा



**इटकी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के मोरो ग्राम स्थित नवनिर्मित शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव रविवार को कलश यात्रा से प्रारंभ हुआ। मुख्य पुजारी अचार्य अंकेक्ष उपाध्याय, सहायक पंडित शुभम ओझा एवं प्रदीप तिवारी के दिशा निर्देशन में अनुष्ठान कार्यक्रम शुरू हुआ। यजमान शपत्नी करणपाल शाही, सरिता शाही एवं सुरेंद्र पालशाही पत्नी जम्पेश्वरी देवी ने कलश में गंगाजल लेकर ग्राम भ्रमण का नेतृत्व किया। इसके बाद वापस मंदिर प्रांगण में बने यज्ञशाला में कलश को रखा गया। वेद मंत्रों के बीच बेदी पूजन कर देवों को स्थापित कर अनेकों अनुष्ठान किए गए। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम अगले तीन दिनों तक चलेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में यज्ञ समिति के लेखानंद शाही, सच्चिदानंद शाही, कलिंदर गोप, कृष्णा गोप, नंदलाल महतो, रूपलाल महतो, गब्बर महतो, पंचम महतो, प्रमोद शाही, सुबोध, अमित, अनिल, कृष्णा आदि का सराहनीय योगदार रहा।

## लापुंग के लालगंज में सरहुल पूजा में शामिल हुए भाजपा नेता

# पुरखों की विरासतों को बचा कर रखना हम सभी की जिम्मेवारी : सन्नी टोप्पो



आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** प्रखंड के लालगंज में प्रकृति पर्व सरहुल सह शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें मांडर के भाजपा नेता सन्नी टोप्पो बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। वहीं, शोभायात्रा में पारंपरिक परिधान में हजारों लोग (महिला-पुरुष) एवं युवा उपस्थित हुए। इस उत्सव में सन्नी टोप्पो ने जमकर नृत्य किया एवं सभी का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि पुरखों की विरासत (संस्कार और सभ्यता) को बचा कर रखना और आने वाली पीढ़ी को इस पारंपरिक परंपरा का ज्ञान करना हम सब की जिम्मेदारी है। कहा कि पारंपरिक विरासत हम सभी की पहचान है। मौके पर बोकरंदा सहित कई गांव के हजार महिला पुरुष नाचते गाते उपस्थित रहे।

# चंचल उरांव विधायक प्रतिनिधि नियुक्त



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** कांके विधायक सुरेश बैठा ने पिठोरिया थाना क्षेत्र के मदनपुर गांव निवासी सक्रिय कांग्रेसी कार्यकर्ता चंचल उरांव को प्रखंड का वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। विधायक के फैसले से क्षेत्र में खुशी का माहौल हैं। वहीं चंचल उरांव ने कहा कि वह अपने दायित्व का निर्वाहन पूरी इमानदारी के साथ करेंगे और विधायक द्वारा जताये भरोसे पर खरा उतरेंगें।

# दिघिया आरसी चर्च पल्ली में मसीही विश्वासियों ने मनाया खजूर पर्व



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दिघिया गांव स्थित आरसी चर्च प्रांगण में रविवार को पल्ली के मसीही समुदायों ने खजूर पर्व (पाम संडे) मनाया। इस दौरान फादर रॉबर्ट मिंज की अगुवाई में मसीही विश्वासियों ने खजूर की डालियों को हाथों में लेकर प्रभु यीशु का स्वागत किया। इसके बाद मसीही समुदायों के लोगों ने खजुर डाली हाथ में लेकर जुलूस निकाला, जो चर्च परिसर से शुरू होकर दिघिया मिशन मैदान से होते हुए पुनः पल्ली परिसर में प्रवेश कर एक समारोह में बदल गया। इधर, धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में सभापति देवनिश तिग्गा, माता प्रबला केर-केट्टा, सिस्टर दिव्या, सिस्टर अर्पिता, सिस्टर मंजू, जुलिया मिंज, प्रकाश, बिनय, प्रमोद, निकोलस व पास्कल आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## विक्षिप्त के शव को कई वाहनों ने कुचला

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला सिमडेगा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित झारखंड डीपा के समीप रविवार की सुबह लोगों ने एक क्षत विक्षत शव सड़क पर देखा। जिसे कई वाहनों द्वारा कुचला गया था। घटना की सूचना बृंदा पंचायत के मुखिया पति बसंत लोहरा ने गुमला थाना को दी। गुमला थाना के एसआइ रमाकांत मिश्रा और सुनील रविवार की सुबह 8 बजे घटनास्थल पहुंचे जहां शव को बेलचा और कुदाल के सहारे उठाकर एकत्रित किया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। पुलिस ने बताया व्यक्ति अज्ञात है। शव के समीप से एक थैला जिसमें कुछ बर्तन और कपड़े मिले हैं। स्थानीय लोगों ने बताया व्यक्ति पागल था और क्षेत्र में घूमता रहता था। संभावना जताई जा रही है कि रात को या अहले सुबह कोई वाहन उसे अपनी चपेट में ले लिया होगा। अंधेरा होने के कारण कई वाहन उसे रौंदते हुए निकल गए। वहीं व्यक्ति का मांस का टुकड़ा सड़क पर इधर-उधर बिखरा था। उसके सिर में वाहन का चक्का चढ़ने से चिथड़े उड़ गये थे। जिसे पुलिस ने बेलचा के सहारे जमा किया। हालांकि मृतक की पहचान नहीं हो पायी है। कुछ लोगों ने उसे एक दो दिन पहले टोंगरी टोली, झारखंड डीपा, अंबेरा डीह और आसपास के क्षेत्रों में घूमते और मांग कर खाते हुए भी देखा था। वहीं पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है।

## केंद्रीय महावीर मंडल ने रामनवमी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को किया सम्मानित




**गुमला (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय महावीर मंडल ने रामनवमी पर्व पर झांकी व अनुशासन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अखाड़े को शनिवार की रात पटेल चौक के समीप पुराना नगर पालिका परिसर में सम्मानित किया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह उपस्थित थे। प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान लाने वाले अखाड़े को अतिथियों ने मोमेंटो देकर व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर अखाड़े के खिलाड़ियों ने एक से बढ़कर एक करतब का प्रदर्शन भी किया। कार्यक्रम शनिवार की देर रात 12 बजे समाप्त हुआ। झांकी प्रदर्शन में प्रथम स्थान मोना क्लब चेटर द्वितीय स्थान महावीर मंडल समिति और तृतीय स्थान हनुमंत मंडल समिति शांति नगर को मिला। वही डंका वादन में प्रथम स्थान जय बजरंग बली संघ हरिजन मोहल्ला, द्वितीय स्थान राम भक्त संघ बरटोली और तृतीय पुरस्कार राणा संघ बड़ाइक मोहल्ला को मिला। जबकि उत्कृष्ट अनुशासन में प्रथम स्थान पवन संघ करौंदी, द्वितीय स्थान जय श्री राम क्लब गोपाल मंदिर और तृतीय स्थान वीर शिवाजी संघ शास्त्री नगर को दिया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव और थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह ने मोमेंटो देकर और अंगवस्त्र से सम्मानित किया। कार्यक्रम में केंद्रीय महावीर मंडल के पदाधिकारी सदस्य और अन्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडी पीओ सुरेश कुमार यादव थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह एवं सतनारायण परसाद द्वारा खेल में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय को नगद राशि के रूप में दिया गया साथ ही राणा संघ की 7 वर्षीय शिवानी को को भी सम्मानित किया गया।

## इको विकास समिति ने पेड़ों को रक्षासूत्र बांधा



**रायडीह (आजाद सिपाही)।** रायडीह प्रखंड अंतर्गत कोब्जा पंचायत के ईको विकास समिति रमजा द्वारा रविवार दिन के 2 बजे बेदी पूजन के बाद ग्रामीणों के द्वारा वन क्षेत्र के पेड़ पौधों को रक्षा सूत्र बांधकर पेड़ पौधों के साथ वन्य जीव जंतुओं की रक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खेदु नायक ने कहा वन हमारी अमूल्य संपत्ति और प्राकृतिक धरोहर है इसे बचाए रखना हम सभी का कर्तव्य है। अपनों के जन्मदिन पर केक काटकर जन्मदिन मनाना उतना जरुरी नहीं है जितना एक पेड़ लगाकर जन्मदिन मनाना है। एक मनुष्य के लिए 12 पेड़ की ऑक्सीजन की आवश्यकता पड़ती है लेकिन आज के समय में 12 मनुष्य एक पेड़ का ऑक्सीजन ले रहे हैं यह दुर्भाग्य की बात है। पेड़ों की कटाई से वन उजड़ते जा रहा है समय पर वर्षा नहीं होना तरह-तरह की बीमारी और प्राकृतिक आपदा लगातार पेड़ों की अंधाधुंध कटाई के कारण हो रहा है। कार्यक्रम में खेदु नायक, अशोक सिंह, सुरेंद्र कुमार गुप्ता, बिशु सोरेंग,तारामणि सोरेंग गोकुल कुमार महतो, छोटेलाल साहू, ललित तिर्की, सुभाष उरांव, कृष्णा महतो, प्रकाश बबलु प्रधान, मोहन चंद्र सिंह, संजय सिंह, विजय बैगा,सुशीला देवी, लक्ष्मण सिंह, भीम सिंह, ममता सोरेंग,संगीता देवी, जीत पति देवी, आभास बाखला,हरिनारायण सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## सॉलिटेयर एजुकेशन एकेडमी में वार्षिक उत्सव मना



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** सॉलिटेयर एजुकेशन एकेडमी मकरा घाघरा में वार्षिक उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। वार्षिक उत्सव का प्रारंभ विद्यालय के रिपोर्ट से किया गया। गणेश वंदना और सरस्वती वंदना के साथ लक्ष्मी वंदना से अभिभावकों का स्वागत किया गया। इस दौरान नन्हे नन्हे बच्चों से लेकर बड़े बच्चों के द्वारा मनमोहन रंगारंग कार्यक्रम का प्रस्तुति किया गया। इस दौरान धार्मिक, सामाजिक, जागरूकता सहित मनोरंजन के कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यालय के निर्देशक चंद्रकांत पाठक ने कहा वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के अंदर छुपी प्रतिभा को बाहर निकलना और एक मंच पर उसे प्रस्तुत करने का मौका देना रहता है। उन्होंने आने वाले दिन में और बेहतर कार्यक्रम करने की बात कही। साथ ही अभिभावकों से आग्रह करते हुए कहा कि बच्चों को अनावश्यक खेल खेलने से रोके। हर सकारात्मक कार्यों पर बच्चों की प्रशंसा करें ताकि बच्चा और आगे सकारात्मक कार्यों में जुड़े रहे। इस मौके पर मुख्य रूप से अनिरुद्ध चौबे, चंद्रकांत पाठक, अंकिताश्री, सुशीत गोस्वामी, दिलमेश्वर यादव, मनोज सिन्हा, संजय सिंह, पवन कुमार, गौतम कुमार साहू, अरुण गिरी, विवेक पाठक, बिपिन चौरसिया सहित विद्यालय के शिक्षकगण,अभिभावक व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## पशु लदा वाहन पलटा, एक तस्कर गिरफ्तार

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** बिशुनपुर एवं गुरदरी थाना क्षेत्र के सीमावर्ती इलाका बनारी कोयल नदी के समीप रविवार की अहले सुबह मवेशी से लदा पिकअप वाहन पलट गया। जहां से एक मवेशी तस्कर मोहम्मद इजराइल गिरफ्तार हो गया। वहीं गाड़ी से नौ पशु को भी पुलिस ने जब्त कर ग्रामीणों के बीच वितरण कर दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मवेशी से लदा एक पिकअप वाहन तस्करी के लिए छत्तीसगढ़ से होते हुए झारखंड प्रवेश किया जिसकी जानकारी डूमरी थाना प्रभारी को मिली तो वह उक्त पशु से लदा वाहन को पकड़ने का प्रयास किया।

# आदिवासी प्रकृति के पूजक : सुखदेव भगत

आजाद सिपाही संवाददाता




**रायडीह।** प्रकृतिक पर्व सरहुल नवागढ़ पतराटोली मे रविवार को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कृषि फार्म स्थित सरना स्थल पर बैगा पूजार दिपक बैगा के अगुवाई मे पारंपरिक तैर तरिका के साथ विधिवत पूजा अर्चना किया गया पूजा संपन कराने मे टुना बैगा गंगा बैगा प्रदिप बैगा पैरू बैगा एंव बन्धु बैगा के द्वारा सहयोग किया किया। इस दौरान बैगा पूजार दिपक बैगा द्वारा गांव समाज देश के सुख शांति समृध्दि अच्छी वर्षा अच्छी फसल होने की कामना किया गया तत्पश्चात सरहुल शोभा यात्रा निकाला गया। इसमे जनजातीय आदिवसी समुदाय के लोग पारंपरिक वेशभूषा परिधान के साथ शोभायात्रा मे शामिल हुए और ढ़ोल नागाड़ा की धुन मे नृत्य गीत गाकर खुशी मनाया। शोभा यात्रा कृषि फार्म स्थित सरना स्थल से शुरू होकर शहीद बख्तर साय मुंडल सिंह चौक होते हुए नेशनल हाईवे 43 भलमंडा देवी मंडप पहुंचा, जहां पर दिपक बैगा के द्वारा विधिवत तरीके से पूजा अर्चना किया गया। तत्पश्चात सरहुल शोभायात्रा पुनः कृषि फार्म के समीप पहुंच कर संपन्न हुआ। शोभा यात्रा मे शामील सभी खोड़हा दल को सरहुल संचालन समिति के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

प्राकृतिक पर्व सरहुल शोभा यात्रा मे लोहरदगा सांसदीय क्षेत्र के सांसद सुखदेव भगत शामिल हुए, सांसद ने कहा आदिवासी प्रकृतिक के पूजक है धरती और सूर्य की पूजा करते है, हमारी पहचान मांदर ढ़ोल नगाड़ा घंटावेश भूषा हमारी संस्कृतिक ही हमारी पहचान है। मौके पर बीडीओ प्रधान हांसदकरायडीह थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह, सरहुल संचालन समिति के अध्यक्ष दुर्गा उरांव, महासंरक्षक मकुंद भगत झारखंड आंदोलनकारी अध्यक्ष मनोज कुमार भगत, अशोक भगत, बिनोद लकड़ा, रवि भगत, जीतू खड़िया, मनेश भगत, बालेश्वर उरांव, करमजीत उरांव, बुधराम उरांव, दुखहरण भगत, गोयंदा उरांव समेत हजारों महिला पुरूष मौजूद थे।

# समर्पित भाव से कार्य करें अन्यथा पार्टी छोड़ें कार्यकर्ता : बंधु तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर।** कांग्रेस पार्टी महात्मा गांधी के विचारों से चलने वाली पार्टी है। हमारे पूर्वजों ने देष की आजादी के लिए अपना रक्त बहाया है, किंतु देष को पुनः आजाद कराने के लिए हमें भाजपा और आरएसएस के विचारों से लडना होगा। तभी हम अपने देष को सुरक्षित रख सकते हैं। उक्त बातें कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कही। श्री तिर्की गुमला जिला प्रवास के दौरान चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के लुथरन उच्च विद्यालय के बगीचा में पार्टी कार्यकताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बाबा भीमराव अंबेडकर की संविधान को भी बदल देना चाहती है। उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि आप सभी पार्टी की रीढ हैं तथा बिना संगठन के कोई पार्टी आगे नहीं बढ सकती। उन्होंने कार्यकताओं को समर्पित भाव से कार्य करने अन्यथा पार्टी छोड देने की बात कही। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं के समाधान के लिए पार्टी पदाधिकारी को विभाग के कार्यों की जानकारी रखानी होगी तभी आप किसी की मदद कर सकते हैं। जो भी पार्टी के पदाधिकारी आपकी बातों को नहीं सुनते हैं उनकी सूची तैयार करें वैसे पदाधिकारियों को चिन्हित कर कार्रवाई की जायेगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि वक्फ कानून असंवैधानिक है और एक विषेष समुदाय के लोगों को टारगेट करने के लिए वक्फ बिल पास कराया गया है, जिस कारण आज लोग सडकों पर हैं। बैठक के दौरान बंधु तिर्की ने स्थानीय लोगों की समस्याओं को जाना और हर संभव समाधान की बात कही। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष चैतु उरांव, सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा, कृष्णा कुमार लोहरा, प्रखंड अध्यक्ष निरंजन बाडा, रघुनंदन प्रसाद, अल्बर्ट तिग्गा, राजेष टोप्पो, एमरेन्सिया कुजूर, पुष्पा लकडा, रजनी टोप्पो, आलोक लकडा सहित काफी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बॉबी भगत बनी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय पर्यवेक्षक

आजाद सिपाही संववाददाता



**गुमला।** महिला कांग्रेस की प्रदेष उपाध्यक्ष सह अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी आदिवासी विभाग की राष्ट्रीय ज्वाइंट कॉडीनेटर बॉबी भगत को राष्ट्रीय कांग्रेस ने फिर एक बार महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। बॉबी भगत को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का राष्ट्रीय पर्यवेक्षक बनाया गया है। इस संबंध में जिला अध्यक्ष चैतु उरांव ने कहा कि संगठन के प्रति ईमानदारी व सच्ची लगन निष्चित ही एक दिन इंसान को बुलंदियों पर पहुंचा देती है। बॉबी भगत ने जमीनी स्तर पर कार्य करते हुए यहां तक का सफर तय किया है। उन्होंने बॉबी भगत के लिए और बुलंदियों पर पहुंचने की कामना की। वहीं जिला महासचिव फिरोज आलम ने खुषी व्यक्त करते हुए कहा कि बॉबी भगत की यह उपलब्धि कहीं न कहीं गुमला जिला को एक नयी पहचान दिलायेगी। बताते चलें कि बॉबी भगत ने गुमला जिला के घाघरा प्रखंड मुख्यालय में अपनी जमीन तैयार की। घाघरा प्रखंड के डुको पंचायत तिलसरी अंबाटोली की रहने वाली बॉबी भगत सबसे पहले कांग्रेस की एक सामान्य कार्यकर्ता थी। उन्हें महिला उत्पीडन और महिलाओं के संरक्षण से संबंधित आंदोलन करने का बडा जज्बा था। बॉबी भगत कांग्रेस की टीकट पर बिषुनपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव भी लड चुकी हैं और अपने प्रतिद्वंदी को टक्कर भी दे चुकी है। घाघरा प्रखंड निवासी बॉबी भगत लंबे समय से कांग्रेस पार्टी के नीतियों को विस्तृत करने व जनजुडाव को मजबूत करने का कार्य कर रही है। इसी के मद्देनजर प्रदेष महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सह अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी आदिवासी विभाग की ज्वाइंट कॉर्डिनेटर बॉबी भगत को आला कमान द्वारा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का राष्ट्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। बॉबी भगत को इस पद की जिम्मेदारी मिलने के बाद बधाई देने वालों का ताता लगा है। बधाई देने वालों में मीर हमीद, आफताब आलम लाडले, तरूण गोप, आषीक अंसारी, मुरली मनोहर प्रसाद, ज्योति कुजूर, रामनिवास प्रसाद, कलाम आलम, मुख्तार आलम, मंसुर अंसारी, मिनहाजुद्दीन सहित काफी संख्या में लोगों के नाम शामिल हैं।

## जिले भर में आस्था के साथ मना खजूर पर्व



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला/ जारी।** जिले भर में खजूर पर्व आस्था के साथ मनाया गया। गुमला शहरी क्षेत्र में संत पात्रिक महागिरजा सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर मिस्सा पूजा की गयी और ईष्वर से आषीष ग्रहण किया गया। वहीं खजूर पर्व को लेकर रविवार को जारी प्रखंड में इषाई धर्मावलंबियों में खासा उत्साह देखा गया। इस अवसर पर प्रखंड के चारों पल्लियों में मिस्सा पूजा किया गया। वहीं जरमाना पल्ली में मुख्य अधिष्ठाता के रूप में फादर निरंजन एक्का, भिखमपुर पारिष में फादर प्रेम प्रकाष इंदवार, बारडीह में फादर अजीत केरकेट्टा, परसा पारिष में फादर अमित डौंग ने मुख्य अधिष्ठाता की भूमिका निभायी। जरमना पल्ली के मुख्य अधिष्ठाता फादर निरंजन एक्का ने अपने संदेष में कहा कि आज का रविवार खजूर रविवार या दुख भोग का रविवार कहा जाता है। आज के दिन हम यीषु के दुख भोग और मरण को को याद करते हैं।

## नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर 15 को

**गुमला (आजाद सिपाही)। लायंस क्लब गुमला द्वारा 15 अप्रैल को नि:षुल्क मोतियाबिंद जांच सह लेंस प्रत्यारोपण षिविर का आयोजन किया गया है। आषय की जानकारी देते हुए सचिव अषोक जायसवाल ने बताया कि षिविर में लोगों का नि:षुल्क मोतियाबिंद ऑपरेषन रांची के सुप्रसिद्ध नेत्र सर्जन डॉ नवल व उनकी टीम के द्वारा किया जायेगा।**

## चैंबर ने मर्यादा उल्लंघन को लेकर कार्यकारिणी सदस्य पर लगाया आजीवन प्रतिबंध




**गुमला (आजाद सिपाही)।** मर्यादा उल्लंघन को लेकर चैंबर की कार्यकारिणी ने अपने सदस्य अभिषेक कुमार सोनू पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया। चैंबर ऑफ कामर्स की चौथी मासिक बैठक में यह निर्णय लिया गया। बताया गया कि शनिवार को अध्यक्ष राजेष सिंह की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। चैंबर कार्यालय में आहूत इस बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गयी साथ ही कई विषयों को सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में चैंबर के कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक कुमार सोनू पर संगठन के प्रति नकारात्मक रवैया अपनाने और अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने का आरोप है। यह भी बताया गया कि अभिषेक कुमार लगातार पिछले चार बैठकों से अनुपस्थित है। जिसके कारण उन्हें उनके पद के साथ साथ उनकी प्राथमिक सदस्यता से भी आजीवन निष्कासित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल ने किया। बैठक को राष्ट्रगान के पष्चात पूर्ण विराम दिया गया। मौके पर उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल, राजेष लोहानी, सचिव बबलू वर्मा, सह सचिव प्रणय साहू, कोषाध्यक्ष अमित गोलू, पीआरओ प्रतीक अग्रवाल, आदित्य गुप्ता, मीडिया प्रभारी इम्तेयाज मिनी, निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा, पूर्व अध्यक्ष दीपक गुप्ता, सरजू प्रसाद, हिमांषू केषरी, दिनेष अग्रवाल, बंटी महाराज, मो सब्बू आदि उपस्थित थे।

## खालसा सृजन दिवस सह वैशाखी धूमधाम से संपन्न



**गुमला (आजाद सिपाही)।** वैषाखी पर्व के उपलक्ष में श्री गुरू सिंह सभा पालकोट रोड में आयोजित तीन दिवसीय अखंड पाठ का समापन रविवार को किया गया। साथ ही धर्मप्रेमियों द्वारा खालसा सृजन दिवस सह वैषाखी का त्योहार भी धूमधाम से मनाया गया। मौके पर वाहे-वाहे गोविंद सिंह, आपे गुरु चेला तथा सतनाम श्री वाहेगुरू के जयकारे भी लगाये गये। शबद कीर्तन के उपरांत अरदास व लंगर की व्यवस्था की गयी। गुरुद्वारा के अध्यक्ष सरदार महेंद्र सिंह ने कहा कि वैसाखी के दिन ही सिखों के 10वें गुरू गोविंद सिंह ने 13 अप्रैल 1699 को खालसा पंथ की स्थापना की थी। जिससे समाज की भलाई व धर्म की रक्षा हो सके। गुरू गोविंद सिंह के विचारों से प्रेरणा लेकर ही सिख समुदाय ने एकता, वीरता तथा सेवा भाव को प्रतीक बनाकर एक नए अध्याय की शुरूवात की। उन्होंने कहा कि वैषाखी का पर्व किसानों के लिए नयी फसल की कटाई और समृद्धि का प्रतीक है। फसल कटाई के पष्चात किसान फल प्राप्त कर खुशियां मनाते हैं साथ ही ईष्वर को धन्यवाद सौंपते हैं। मौके पर सचिव सरदार रंजीत सिंह, महेंद्र सिंह मिषन, कमलेश कौर, रविंद्र कौर, जशवंत कौर, गुरू गोविंद सिंह फाउंडेशन गुमला के अध्यक्ष जसबीर सिंह प्रिंस, गगनदीप सिंह रज्जी, सरदार गुरविंदर सिंह, सरदार मनोहर सिंह, सरदार दिलदार सिंह, प्रीतपाल सिंह सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद थे।




**संतोष कुमार गंगवार**
राज्यपाल, झारखण्ड



**हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

**संदेश**

यह अपार प्रसन्नता का विषय है कि झारखण्ड अग्निशमन सेवा द्वारा राज्य की जनता को आग की विभीषिका के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से 14 से 20 अप्रैल 2025 तक "अग्निशमन सेवा सप्ताह" का आयोजन किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष की विषय-वस्तु (Theme) "Unite to Ignite, a Fire Safe India" ("एकजुट हों, अग्नि-सुरक्षित भारत को प्रज्वलित करें") निर्धारित की गई है।

अग्निकांड एक भयावह आपदा है, जिससे जान-माल की अपूरणीय क्षति होती है और इसका प्रतिकूल प्रभाव देश की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ता है। आशा है कि अग्निशमन विभाग के इस कार्यक्रम के तहत अग्निकांड के निरोधात्मक उपायों के प्रचार-प्रसार से आम जनता लाभान्वित होगी।

मैं जनसेवा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अग्निशमन सेवा के वीर पदाधिकारियों एवं कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। साथ ही, सेवारत पदाधिकारियों एवं कर्मियों के मंगलमय जीवन की कामना करता हूँ।

**जोहार !**

मुझे हार्दिक प्रसन्नता है कि 14 अप्रैल से 20 अप्रैल, 2025 तक पूरे राज्य में 'अग्निशमन सेवा सप्ताह' का आयोजन किया जा रहा है। वास्तव में यह सप्ताह अग्निशमन के दौरान शहीद होने वाले वीर अग्निशमन कर्मियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने तथा आम जनता को आग के खतरों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मनाया जाता है।

मेरी आम जनता से अपील है कि वे आग की विभीषिका के प्रति सजग और सतर्क रहें। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष अग्निशमन सेवा सप्ताह का विषय-वस्तु (Theme) "Unite to Ignite, a fire safe India" "एकजुट हों, अग्नि सुरक्षित भारत को प्रज्वलित करें", रखा गया है।

मैं अग्निशमन की महती सेवा में शहीद हुए, सभी कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ तथा अग्निशमन सेवा के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को अग्निकाण्डों की चुनौतियों से तत्परता पूर्वक निपटने के लिए आह्वान करता हूँ।

**जोहार !**

P.R. 350297 (Jharkhand Fire Service) 25-26

झारखण्ड अग्निशमन सेवा, झारखण्ड सरकार

# हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान : सदानंद महतो



आजाद सिपाही संवाददाता

**तोपचांची।** प्रखंड अंतर्गत रंगरीटाड और चितरपुर के अंबाडीह गांव में भोक्तामेला सह चड़क पूजा का आयोजन किया गया। जिसमें भोक्तागण श्रद्धाभाव एवं विधि विधान के साथ पूजा किये। यह पर्व वैशाख माह में मनाया जाता है। यह पर्व कुड़मी जाति के लिए विशेष महत्व रखता है। इसमें बुद्धाथान में लाठ-खुटा में भोक्तागण 80 फीट के ऊंचे डंडा में झूला करते हैं। इस दौरान कहीं-कहीं आग जलाकर कर्तव्य दिखाए करते हैं। कहीं पीठ पर कील लगाते हैं। महिला-पुरुष नहा-धोकर दंड भी देते हैं। इस अवसर पर आजसू नेता सदानंद महतो ने कहा कि चड़क पूजा झारखंड का महत्वपूर्ण त्योहार है। इसे भोक्ता मेला के रूप में आयोजित की जाती है। महिलाओं एवं ग्रामीणों में काफी उत्साह का माहौल रहता है। यह हमारी संस्कृति की पहचान है। वहीं, कार्यक्रम को सफल करने में रामसेवक महतो, नरेश महतो, गोपाल महतो, भागीरथ महतो, चुन्नू मांझी, तुलु महतो, वीरेंद्र महतो, डीलूराम महतो, अजीत कुमार महतो, थानूराम महतो, इंद्रदेव महतो, चेतलाल महतो, बाबूलाल महतो, महेंद्र महतो, मोहन ठाकुर, महावीर महतो, बुधन बाऊरी, मोहन महतो, जितेंद्र महतो, बिंदेश्वर प्रसाद महतो, शंकर रवानी आदि मौजूद थे।

## प्रो प्रफुल्ल ने ग्रहण किया पदभार



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बीआईटी सिंदरी के असैनिक अभियंत्रण विभाग में रविवार को प्रो प्रफुल्ल कुमार शर्मा ने नए विभागाध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया। उन्होंने निवर्तमान विभागाध्यक्ष डॉ जीतू कुजूर से औपचारिक रूप से जिम्मेदारी संभाली। इस अवसर पर विभाग के सभी प्राध्यापक, शिक्षकेतर कर्मचारी और शोधार्थी उपस्थित रहे। इस दौरान आयोजित समारोह में डॉ कुजूर ने प्रो शर्मा को पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं और उनके पूर्व योगदान की सराहना की। वहीं, डॉ यूके सिंह, डॉ माया राजनारायण रे, डॉ निशिकांत किस्कू, प्रो प्रशान्त रंजन मालवीय सहित अन्य शिक्षकों ने भी प्रो शर्मा को बधाई दी और उनके नेतृत्व में विभाग के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही सह-प्राध्यापक डॉ ब्रह्मदेव यादव को संस्थान का वरीय प्रशासी पदाधिकारी नियुक्त किया गया। उन्होंने विभागीय हित में आगामी योजनाओं की रूपरेखा प्रस्तुत की। अपने संबोधन में प्रो शर्मा ने कहा कि वे इस नई जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे और छात्रहित और विभाग की प्रगति को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे।

## हनुमान जन्मोत्सव पर सालासर मंदिर में बनारस घाट के पंडितों ने की गंगा आरती



**कतरास (आजाद सिपाही)।** हनुमान जन्मोत्सव पर नदी किनारे स्थित सालासर बालाजी मंदिर में बनारस के केदार घाट से आये पंडितों ने गंगा आरती की तर्ज पर भव्य गंगा महाआरती किया। कतरास में महाआरती देखने के लिए भारी संख्या में महिला, पुरुष एवं बच्चे जुटे थे। इस दौरान भीड़ इतनी बढ़ गयी कि सड़क के दोनों ओर जाम लग गया। जिसे देखते हुए यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए कतरास पुलिस तैनात करने पड़े। महाआरती में बनारस केदार घाट के पंडित पवन पांडेय, घनश्याम पांडेय, अनुज पांडेय, सचिन पांडेय, विष्णु देव दुबे, सत्यम दुबे शामिल थे। वहीं, महाआरती को सफल बनाने में मंदिर के पुजारी पंडित रास बिहारी शर्मा, राजू शर्मा, बांके बिहारी शर्मा, मंदिर के संचालक डॉ विश्वनाथ चौधरी, डॉ धीरज चौधरी, अधिवक्ता डीएन चौधरी, अजय चौधरी, राजकुमार चौधरी, सुशील चौधरी, सरोज चौधरी, उषा चौधरी, प्रियंका चौधरी और श्याम सुंदर चौधरी आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## साहोबहियार में 'एक देश, एक चुनाव' के समर्थन में भाजपा ने चलाया जनजागरण



**तोपचांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा की ओर से साहोबहियार गांव में 'एक देश, एक चुनाव' को लेकर रविवार को जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें उपस्थित भाजपा नेता विकास महतो ने कहा कि 'एक देश, एक चुनाव' की व्यवस्था लागू होने से देश पर पड़ने वाला आर्थिक बोझ कम होगा और विकास कार्यों में गति आएगी। कहा कि बार-बार चुनाव कराने से जहां प्रशासनिक संसाधनों पर दबाव पड़ता है, वहीं आम जनता पर भी इसका सीधा असर होता है। वहीं, उपस्थित ग्रामीणों ने इस पहल का समर्थन करते हुए राष्ट्रपति के नाम पोस्टकार्ड के माध्यम से अपना समर्थन प्रेषित किया। इस मौके पर रामायण भगत, गिरिजा शंकर उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष निवास तिवारी, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष आशुतोष पाल, मीरा देवी, शिवपूजन उपाध्याय, बासुदेव पाल, रणबीर चौबे, दिलीप दास, छोटन साव, अमित गोस्वामी, सरोज महतो, अरविंद ठाकुर, संजय बढ़ई, मिथुन डोम, विक्रम चौबे, राहुल चौबे, आकाश चतुर्वेदी, देवंति देवी, द्रौपदी देवी, गौरी देवी आदि उपस्थित थे।

### बोकारो एमजीएम स्कूल में आयोजित झारखंड गतका शिविर का समापन

# स्वदेशी खेल गतका झारखंड और देश में नयी ऊंचाइयों को छू रहा: राजीव

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** गतका एसोसिएशन ऑफ झारखंड की अगुवाई में बोकारो गतका संघ की ओर से एमजीएम स्कूल में आयोजित दो दिवसीय झारखंड स्टेट गतका प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। इसमें चास बोकारो गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य जसमीत सिंह सोढ़ी, हरपाल सिंह, सतनाम सिंह एवं मनदीप सिंह मौजूद रहे। जबकि समापन झारखंड गतका संघ के पप्पू कुमार द्वारा किया गया। बोकारो गतका संघ के सचिव राजीव कुमार सिंह ने बताया कि स्वदेशी खेल गतका पूरे झारखंड और देश में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। स्कूल गेम्स



गतका प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित खिलाड़ी एवं गणमान्य लोग।

फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) एवं खेलो इंडिया द्वारा आयोजित खेल के बड़े मंचों पर खेल का उच्च प्रदर्शन कर मेडल और ख्याति दोनों प्राप्त कर रहे हैं। खिलाड़ियों को दो दिवसीय गतका कैंप के दौरान विस्तृत जानकारी कोच सुखदीप सिंह, शिवम, बदुवीर सिंह ने दी। झारखंड कोऑर्डिनेटर पप्पू सिंह ने स्कूल नेशनल खेलो इंडिया में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का उत्साहवर्धक किया। वहीं, बोकारो गतका संघ के सचिव राजीव सिंह ने अतिथियों का मोमेंटो देकर स्वागत किया। मंच संचालन राष्ट्रीय गतका खिलाड़ी साक्षि श्रीवास्तव ने किया। वहीं, प्रशिक्षण शिविर में लड़कियों की संख्या लड़कों से अधिक दिखी। शिविर में बोकारो के अलावा धनबाद, पलामू, लोहरदगा, रामगढ़, हजारीबाग, गिरिडीह से ज्यादा खिलाड़ी भाग लिए। इसमें गतका फेडरेशन ऑफ इंडिया के बदले हुए नई तकनीक की जानकारी दी गई। जिससे झारखंड के खिलाड़ी दिल्ली में आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय स्कूल गेम्स एवं बिहार के बोधगया में आयोजित होनेवाले खेलो इंडिया में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकेंगे।

## महाभंडारे के साथ गायत्री महायज्ञ का हुआ समापन

**राजगंज (आजाद सिपाही)।** हरिहर धाम मंदिर में चार दिवसीय 51 कुण्डीय शक्तिसंवर्धन गायत्री महायज्ञ धार्मिक अनुष्ठान का रविवार को समापन हुआ। गायत्री महायज्ञ की शुरुआत 10 अप्रैल को 1001 कलशों की कलश यात्रा निकालने के साथ हुई थी। इसमें प्रतिदिन धार्मिक प्रवचन, भजन-कीर्तन, जनेऊ धारण, पुंसवन संस्कार, मुंडन और संस्कार के बारे में बताया गया। वहीं, रविवार को हवन-पूजन, प्रवचन के बाद भंडारे की व्यवस्था की गई, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। हरिद्वार निवासी प्रसिद्ध कथा वाचक परवेश कुमार शर्मा जो टोली नायक हैं ने अपने प्रवचनों से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति कराते रहे। आयोजन समिति में प्रमोद चौरसिया, सुबोध चौरसिया, संदीप अग्रवाल, राहुल दे, अजय दे, प्रीतम चौरसिया, निखिल दत्ता, विकाश अग्रवाल, गणेश अग्रवाल, आस्था जयसवाल, मुस्कान जयसवाल, राहुल मोदक, साक्षि कुमारी, भोला कुमार, सुशीला, ममता, अर्पणा, बबिता और कौशल्या देवी आदि शामिल थे।

# सुरक्षा वैक्सीन सेंटर को दी जायेगी हर जरूरी मदद : मंत्री डॉ इरफान अंसारी

### स्वास्थ्य मंत्री ने किया सुरक्षा वैक्सीन सेंटर का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** शहर में सुरक्षा वैक्सीन सेंटर का उद्घाटन रविवार को राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने किया। यह पूरे झारखंड का पहला विस्तृत वैक्सीन सेंटर है जिसमें एक ही छत के नीचे नवजात बच्चों से लेकर सभी उम्र के लोगों को उच्च गुणवत्ता वाला टीकाकरण, उचित वातावरण एवं किफायती दर पर दिया जाएगा। सुरक्षा विक्सिन सेंटर स्वास्थ्य सुरक्षा एवं सभी उम्र के लोगों के टीकाकरण एवं इसकी जागरूकता के लिए प्रतिबद्ध है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि वे इस नई पहल के साथ हैं। उनकी तरफ से सेंटर को हर संभव मदद की जाएगी। उन्होंने इस अनूठे पहल की सराहना की। वहीं, सेंटर के संचालक मनीष लाला एवं प्रकाश कुमार ने बताया कि धनबाद राउंड टेबल एवं कल्याणी डायग्नोस्टिक सेंटर की ओर से जरूरतमंद बच्चों को कुछ



महीने के अंतराल पर मुफ्त एचपीवी वैक्सीन मिलेगा। जिसके पहले चरण में रविवार को 30 बच्चियों को मुफ्त में वैक्सीन दी गयी। वहीं, अन्य वक्ताओं ने बताया कि कोयलांचल धनबाद से इस नयी पहल की शुरुआत की गई है, जिसका विस्तार निकट भविष्य में राज्य के अन्य जिलों में भी किया जाएगा। सुरक्षा वैक्सीन सेंटर समाज के सभी वर्ग के लोगों को विभिन्न तरह के प्राणघातक बीमारियों से बचने के लिए मुफ्त में डॉक्टरी सलाह मुहैया कराये एवं बाजार से किफायती दर पर टीका उपलब्ध करवाने की मंशा रखता है। यहां आये सभी लोगों का डिजिटल वैक्सीन कार्ड सॉफ्टवेर की मदद से रखा जायेगा एवं उनको सही समय पर अगले डोज की जानकारी फोन और मैसेज के माध्यम से दी जायेगी, ताकि उनका सही समय पर टीकाकरण हो सके। इस मौके पर पीयूष कुमार, प्रथम प्रभात, पूजा सिन्हा, अनूप गोयल, गणेश गोयल, सौरभ सिन्हा आदि उपस्थित थे।

## बच्चों के हित के लिए समाज के सभी वर्गों के साथ काम किये जाने की जरूरत : कल्याणी

**कसमार/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बहादुरपुर स्थित सहयोगिनी कार्यालय में किशोर समूह के साथ जेंडर समानता को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अपने संबोधन में सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर ने कहा कि बाल हिंसा, बाल विवाह, छेड़छाड़ आदि को समाप्त करने एवं उनके हित के लिए समाज के सभी वर्गों



के साथ काम किए जाने की जरूरत है। संस्था की ओर से कसमार प्रखंड के 30 गांव में लड़कियों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने और उनके बीच होने वाले हिंसा एवं बाल विवाह को समाप्त करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत आज किशोर (लड़कों) के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। ताकि लड़कियों को होने वाली समस्याओं के समाधान में इनका सहयोग प्राप्त हो सके। इस दौरान समन्वयक कुमारी किरण ने बताया कि लड़का और लड़की में व्याप्त अंतर के कारण समाज में बहुत सारी समस्याएं हैं। जिनका समाधान दोनों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने से ही संभव हो पाएगा। वहीं, सूर्यमणि देवी ने कहा कि लड़कियों और महिलाओं के साथ होने वाली विभिन्न प्रकार की हिंसाओं को रोकने के लिए लड़कों एवं पुरुष वर्ग के सहयोग की बहुत आवश्यकता है। इस मौके पर गौतम सागर, अभय सिंह और नीतू कुमारी आदि मौजूद थे।

# गोविंदपुर के अमलाटांड़ में पुलिस के कड़े पहरे में निकाली गयी कलश यात्रा

### मुस्लिम पक्ष ने कलश यात्रा निकालने का किया था विरोध, हिंदू पक्ष अड़ा रहा





- एडीएम, एसडीएम एवं मजिस्ट्रेटों की रही मौजूदगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** गोविंदपुर थाना अंतर्गत अमलाटांड़ बस्ती में नवनिर्मित काली मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत रविवार को सुबह सात बजे संगीन साये में कलश यात्रा निकाली गयी। गोविंदपुर क्षेत्र में संभवतः यह पहला अवसर था जब 17 प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी के संरक्षण में कलश यात्रा निकाली गयी। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों में एडीएम विधि व्यवस्था, एसडीएम, कई अंचलों के बीडीओ, सीओ, 3 डीएसपी, दर्जनों थानेदार, महिला ऑफिसर, 17 मजिस्ट्रेट के साथ ही भारी संख्या में महिला और पुरुष जवान शामिल थे। यह व्यवस्था गोविंदपुर थाने के इंस्पेक्टर रुस्तम अली की अनुमंडल पदाधिकारी को भेजी गयी रिपोर्ट रिपोर्ट में कही गयी है। जिसमें उन्होंने आशंका व्यक्त की थी कि नवनिर्मित मंदिर से 500 मीटर की दूरी पर अमलाटांड़ और अमरपुर में सड़क के दोनों ओर मुस्लिम समुदाय के लोग रहते हैं। जिन्होंने कलश यात्रा निकालने का विरोध किया था। जबकि हिंदू पक्ष कलश यात्रा निकालने पर अड़ा हुआ था। इसी के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किये गये थे। वहीं, प्रशासन की तरफ से आश्वासन दिया गया कि इन तीन दिनों में किसी तरह का कोई विवाद ना हो। इसके लिए यहां पुलिस कर्मी मुस्तैद रहेंगे।

# विधायक, पूर्व सांसद ने लिया मां भगवती का आशीर्वाद



श्री बजरंग मार्केट में मां भगवती जागरण का आयोजन

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** रणधीर वर्मा चौक हनुमान मंदिर रोड स्थित श्री बजरंग मार्केट में शनिवार की रात महावीर जयंती पर मां भगवती का भव्य जागरण आयोजित हुआ। इससे पूर्व चीरागोड़ा स्थित जागृति मंदिर से माथे पर ज्योत निकाल कर रणधीर वर्मा चौक स्थित श्री हनुमान मंदिर लाया गया। इसके बाद ज्योत को जागरण स्थल तक लाकर सभी अतिथियों एवं श्रद्धालुओं ने नमन कर आशीर्वाद लिया। जागरण का उद्घाटन धनबाद के अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार ने किया। इसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद पशुपतिनाथ सिंह, धनबाद विधायक राज सिन्हा, अमितेश सहाय, पप्पू सिंह, सुनैना किन्नर, धनबाद के पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, संजीव चौरसिया, धनबाद थाना प्रभारी राम नारायण ठाकुर आदि शामिल हुए। सभी ने मां भगवती को नमन का आशीर्वाद लिया। वहीं, कलाकारों ने माता के गुणगान के गीतों पर समा बांधा। इसके सफय आयोजन में रंजन गुप्ता, राजू नयन, बापी सेन, आमोद श्रीवास्तव, नागेंद्र पंडित, अमित राय, मनोज कुमार, राहुल कुमार, उदय शंकर, विकास, मुन्ना प्रसाद, अमित कुमार, रवींद्र कुमार सिंह आदि का योगदान रहा।

## कोयला के अवैध खनन के लिए खोले गये मुहाने की भराइ करायी

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** लोयाबाद थाना के बॉर्डर क्षेत्र पंजाबी मोड़ स्थित हिल टॉप आउटसोर्सिंग पैच के समीप चल रहे अवैध कोयला खनन स्थल की पुलिस और सीआइएसएफ ने भराई कराई है। इसे लेकर लोयाबाद थाना में अज्ञात लोगों पर एफआईआर भी दर्ज कराया गया है। बीसीसीएल प्रबंधन की लिखित शिकायत पर लोयाबाद पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ अवैध माइंस खोलने एवं कोयला तस्करी का मामला दर्ज कराया है। विदित हो कि यहां अवैध माइंस खनन कर कोयला तस्करी चल रहा था। जिसे सिजुआ महाप्रबंधक के नेतृत्व में पुलिस और सीआइएसएफ की टीम की मौजूदगी में अवैध मुहाने की भरायी कराई गयी थी। वहीं, लोयाबाद थाना प्रभारी पिंकू प्रसाद ने बताया कि सिजुआ प्रबंधक की शिकायत के आधार पर कांड अंकित कर लिया गया है।

## महिला से गले से चेन छिनतई

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** सरायढेला थाना क्षेत्र के कुसुम विहार में बाइक सवार अज्ञात चोर महिला के गले से चेन छीनकर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार कुसुम विहार की रहने वाली पिंकी गुप्ता पड़ोस की रहने वाली महिलाओं के साथ घर से बाहर निकली थी। कुछ दूर आगे जाते ही बाइक सवार दो युवक पीछे से पहुंचे और उनके गले से चेन छीन कर फरार हो गये। जब तक कुछ समझ पाती छिनताईबाज वहां से फरार हो चुके थे। बाद में महिला ने सरायढेला थाना में घटना की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की छानबीन पर लगी है।

## साइकिल से 12 ज्योतिर्लिंग की यात्रा कर लौटे नागेश्वर महतो का ग्रामीणों ने किया स्वागत



**तोपचांची (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कमारडीह गांव निवासी नागेश्वर महतो ने 16 महीना चार दिन में साइकिल से देश के 12 ज्योतिर्लिंगों का दर्शन कर मिसाल पेश की है। रविवार को जब नागेश्वर महतो अपने घर लौटे, तो ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं के साथ उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। यात्रा के दौरान उन्होंने सोमनाथ, मल्लिकार्जुन, महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, केदारनाथ, भीमाशंकर, त्र्यंबकेश्वर, वैद्यनाथ, नागेश्वर, रामेश्वर, घृष्णेश्वर और विश्वेश्वर (काशी) ज्योतिर्लिंगों के दर्शन किये। नागेश्वर महतो ने बताया कि यह यात्रा उनके लिए ना केवल धार्मिक आस्था का विषय था, बल्कि आत्मिक शांति और अनुशासन का अनुभव भी था। उन्होंने यात्रा के दौरान आने वाली कठिनाइयों, मौसम की मार और रास्ते की चुनौतियों का डटकर सामना किया।

## नावाडीह में धूमधाम से मनाया गया भोक्ता पर्व



**नावाडीह/बेरमो (आजाद सिपाही)।** नावाडीह प्रखंड के चपरी, बनकटवा, नावाडीह, मंझलीटांड़ और पोटसो आदि गांवों के शिव मंदिर परिसर में भोक्ता पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस कठोर उपासना की शुरुआत शनिवार को हुई थी। इसमें बाबा भोलेनाथ को पूजा अर्चना कर प्रसन्न किया गया। भक्त निकट के जलाशय में स्नान करने के साथ भूमि लोटन करते हुए मंदिर परिसर पहुंचे। यहां भोलेनाथ के जयकारे के बीच दहकते अंगारों के बीच नंगे पांव नृत्य कर आग को बुझाया गया। जिसके बाद शिव भक्तों ने पीठ एवं बांह में लोहे की नुकीली कील लगाकर 40-50 फिट ऊपर खंभे से रस्सी के सहारे झूला झूल कर बाबा भोलेनाथ को प्रसन्न किया। इस दौरान शिव भक्तों के घर की महिलाएं सिर पर पानी से भरा लोटा रखकर भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना की। बनकटवा में भोक्ता पर्व के अवसर पर माता जागरण का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन डुमरी विधायक जयराम महतो ने किया। इसमें खोरठा कलाकार कैलाश देहाती एवं ग्रुप द्वारा भजन प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर समिति के मुखिया किरण देवी, देवेंद्र महतो, सांसद प्रतिनिधि भागीरथ महतो, पंसस निर्मल महतो, प्रदीप कुमार महतो, ओमप्रकाश महतो, सूरज महतो, कामेश्वर महतो, पवन कुमार, नारायण महतो, मिठू महतो, गिरधारी महतो, सत्यनारायण महतो, भेखलाल कानू, दिलीप कुमार आदि मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 14 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in



## भाजपा का राजधनवार विधानसभा स्तरीय सम्मेलन आयोजित

# भाजपा कार्यकर्ता केंद्र सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचायें : लक्ष्मण प्रसाद सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**राजधनवार।** भाजपा का राजधनवार विधानसभा स्तरीय सम्मेलन धनवार के पचरुखी स्थित विवाह भवन में रविवार को आयोजित हुआ। इस दौरान कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीन दयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तसवीर पर पुष्प अर्पित कर एवं राष्ट्रीय गान गाकर की गयी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण सिंह और दिलीप वर्मा ने भाग लिया। इस दौरान श्री सिंह ने पार्टी की विभिन्न नीतियों के बारे में बताया। केंद्र सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसमें लोकतांत्रिक परंपराओं का निर्वाहन किया जाता है। उन्होंने कहा कि पार्टी के लिए सत्ता नही, राष्ट्र प्रथम होता है।

श्री सिंह कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। जिसका हमें गर्व है, जो राष्ट्र के लिए काम करती है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश अग्रसर है। आज दूसरे देश के लोग भी मोदी के कार्यों की सराहना करते हैं। सक्रिय सदस्यों से आग्रह किया कि पार्टी की मजबूती को लेकर कार्य करना है, ताकि भाजपा की सरकार में देश आगे बढ़े।

वहीं प्रदेश मंत्री दिलीप वर्मा ने कहा कि विपक्ष के लोग संविधान की बात करते हैं। बाबा साहब अंबेडकर की बात करते हैं। वास्तव में देखा जाये तो कांग्रेस के कार्यकाल में देश में संविधान की धज्जियां उड़ायी गयी हैं। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री द्वारा देश हित में किये गये कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करने की बात कही।

इस मौके पर भाजपा नेता पवन साव, पूर्व जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि उदय सिंह, अशोक राय, ओमप्रकाश वर्मा, अमित साव, श्रीकांत, राजू पांडेय, विकेंद्र साहू, विजय अग्रवाल, सुनैना देवी, मंजू देवी, माला सिन्हा, लीलावती देवी, कृष्णदेव रजक, बिनोद राम, तुलसी पासवान, सुकरेज हेम्ब्रम, शशि भूषण पांडेय, प्रधुम्न वर्मा आदि दर्जनों राजधनवार विधान सभा क्षेत्र के सदस्य मौजूद थे।

## बरजो में रघुवर दास का किया गया स्वागत



धनवार (आजाद सिपाही)। धनवार प्रखंड क्षेत्र गिरिडीह पंचायत के वरवाडीह निवासी दिगंबर सिंह के पिता के श्राद्ध कार्यक्रम में रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री सह ओड़िशा के निर्वतमान राज्यपाल रघुवर दास शामिल हुए। इस दौरान श्री दास को बरजो मोड़ पर भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह समेत दर्जनों कार्यकर्ताओ ने फूल-माला एवं अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। तत्पश्चात वरवाडीह पहुंचे, जहां श्री दास दिगंबर के पिता लखन सिंह के फोटो पर पुष्प अर्पित श्रद्धांजलि दी। भाजपा के दर्जनों कार्यकर्ताओं से मिल कर हाल-चाल जाना तथा संगठन की मजबूती पर चर्चा की। श्री दास धनवार बाजार के साहू धर्मशाला पहुंचे और भाजपा की मजबूती को लेकर कार्यकर्ताओं में जोश भरा। मौके पर बगोदर विधायक नागेंद्र महतो, गांडेय पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा, सुनील अग्रवाल, उदय सिंह, पवन साव, प्रधुम्न वर्मा, श्रीकांत राय, अजित चौधरी, उपेंद्र सिंह, अशोक राय, विकेंद्र साहू, पवन साव, अमित कुमार, राजू पांडेय, अरविंद साव और रामप्रसाद सिंह शामिल थे।

## मध्याह्न भोजन के चावल में हेराफेरी, प्रधानध्यापिका निलंबित

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। बलांगीर जिले के देवगांव प्रखंड के कस्तूरबा गांधी उच्च विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुधान सिनी को मध्याह्न भोजन के चावल में हेराफेरी करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। छात्रावास और स्कूल प्रबंधन के लिए आवंटित चावल के दुरुपयोग की शिकायत मिलने पर एबीइओ कविराज माझी और प्रधान अध्यापक के साथ जांच करने के लिए स्कूल पहुंचे। जांच के दौरान प्रधानाध्यापिका से 10.86 क्विंटल चावल कम होने के बारे में पूछा गया, लेकिन प्रधानाध्यापिका ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इस रिपोर्ट के आधार पर देवगांव बीइओ ममता महाडिक ने प्रधानाध्यापिका सुधान सिनी को निलंबित किया है।

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery | Nursery | KG - I | KG - II
Tiril Road, Kokar, Ranchi | 9661169815

EXPERIENCE The Joy of Riding
28,000/- Only
Low Cost Maintenance
License Free
Battery Cost Extra
One year warranty
J.K. SALES (Furniture Solutions)
Pillar No.83, In between O.T.C. Ground & Piska More, Ratu Road, Beside M-Bazaar, Lakdi Tall, Ranchi.
M.-9386070011, 9386070051

!! श्री गणेशाय नमः !!
झारखंड में अब तक का सबसे बड़ा मेला
80 से ज्यादा स्टॉल खाने और एवं खेलने का सारा प्रबंध
डिजनी लैण्ड मेला
Venue : Shahid Maidan, Dhurva, Ranchi
04:00 PM To 10:00 PM
Book Now .: 7004494715
Organiser : Krishna Kumar Shaw

EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
CBSE PATTERN
Play Group | Nursery | Euro Jonior (LKG) | Euro Senior (UKG)
AGE GROUP 01.8 TO 06 YEARS
OFFERS YOU
Class 1 | Class 2 | Class 3 | Class 4 | Class 5
आपके बच्चों को दे सही शुरूआत
ADMISSION OPEN
KOKAR RIMS ROAD, TUNKI TOLA, RANCHI
Contact No. 7903079507, 8092334348

SHANTI ENTERPRISES
Authorised Distributors
Deals in : All Type of home Appliances available here
HAVELLS | Crompton | LUXAIRE | orient | khaitan | Crabtree
70456 59822, 0651 3500469
308, 3rd Floor, Estate Plaza, Behind Mangal, Tower, Kantatoli, Ranchi

ETERNAL CAREER CLASSES
Run By Doctors from Rims
Admission open for NEET (MEDICAL)
Free Classes for NEET Coaching XI XII & XII Pass out
Only One Batch FREE for Each Class
Be A Doctor + By the Doctors
BOOK YOUR SEAT
Branch I - 5th Floor Le-Desire Complex Circular Road, Lalpur, Ranchi
Mob. 6200935394, 6200131542

RAVINDRA NATH ACADEMY
LIMITED SEATS
ADMISSION OPEN
TRANSPORT FACILITY AVAILABLE
BABY PRE-NURSERY TO CLASS X
MOB. 9905504970, 7992281709
BASUKI NAGAR,
Haidar Ali, Road No.-10, Kokar, Ranchi

BALAJEE UDYOG
The Mark of Excellence
bathsense | ASTRAL | m-seal | PRECISION | Racold | VENUS
Plot No. 766, OLD H.B. ROAD, OPP, SADHU MAIDAN KOKAR, RANCHI-834 001 (JHARKHAND)
Mob. 93869-09008 / 0651-3554978
Email : balajee udyog@rediffmail.com

प्रो. साधु जी
9262249347 8825349255 9097426633
!! ओम् साईं राम !!
टीक फर्नीचर घर
फैन्सी फर्नीचर के विक्रेता एवं निर्माता
इंटीरियर डिजाइनिंग के लिए सम्पर्क करें ।
नियर केनरा बैंक, एच.बी. रोड, कोकर, राँची (झारखण्ड)

V अलंकार ज्वेलर्स
सोना चाँदी का थोक भाव में रिटेल विक्रेता
CERTIFIED GEMS
100% हॉलमार्क सोने का विशाल रेंज
तिरिल रोड, कोकर
7488705225
7992284114

M.R. INDUSTRIAL ENTERPRISES
Furniture, Material Handling, Matters
Manufacture Of :-
CRCA Products | MDF Products
Particle Board Products | Epoxy Coating Product
Bunawat Products / Swing | Stainless Steel Products
Nilkamal | AVRO | cello | Supreme
-: Contact Us :-
+91 9304129368, 79797864572, 7004518458, 9931556455
www.mrichair.com mrikokar@gmail.com
Head Office : Industrial Area, Kokar
Branch Office : Hotel Gali, Vikrant Chowk,

POPKORN cinemas | SUJATA PICTURE PALACE
Now Showing
JAAT
at Screen-1 (Sujata) Schedule For 10th April., 2025 onwards!
Jaat : 11.15, 2.00, 4.45, 7.30
at Screen-2 (Miniplex)
Jaat : 1.00, 6.30
Sikandar : 10.30, 3.45
at Popkorn Cinemas
Jaat : 11.30, 1.00, 2.30, 4.00, 5.30, 7.00, 8.30
Sikandar : 10.30
*Due to security reasons, only mobiles, wallets & ladies handbags allowed. Patrons are requested to reach the cinema 30 mins before the start of the show to avoid any inconvenience.
*All above information is subject to change without prior notice.

Shreshtha Soni 7481000333
Google | Justdial | indiamart
RATNA SAGAR
Wholesale & Retail :
रत्न उपरत्न, रूद्राक्ष, वास्तु सामग्री, हस्तरेखा एवं कुण्डली द्वारा तरक्की के सटीक उपाय
CERTIFIED GEMS, ORIGINAL RUDRAKSH, FENGSUI ITEMS
Our Branches :
Panchwati Plaza, 9-A, Kutchery Road, Ranchi | Mohan Marketing Complex Under Mr. Sanjay Seth Office Ashok Nagar, Ranchi | Chanchal Complex, Beside Petrol Pump, Sadhu Maidan, Kokar, Ranchi

Shree Ratan Jewellers
Apni Manufacturing Company
पुराना सोना खरीद - बिक्री की जाती है
Contact Us :
9263983157, 7632913111
Add.: Lower Grand Floor, Shop No.- 7
R. Alis Grand Mall, Main Road, Ranchi - 834001

FURNITURE GHAR PLUS
Deals In : Home Furniture | Office Furniture | Modular Kitchen | School Furniture | Kids Furniture.
CONTACT NOW : 8409679099
Near Surendranath School, Old H.B. Road, Dipatoli Ranchi Jharkhand - 834001

Panasonic BRANDSHOP
Panasonic ideas for life
DIVYA ENTERPRISES
Nile Complex, Old HB Road, Near PNB
Kantatoli Branch Ranchi - 834001
Mob.: 9576777385, 9304809352

BOB Furniture
Sofa Bed, Almirah, Dressing & Center Table
Dahej Set @ 55000/-
Contact : 9279630961
G-5, Estate Plaza Behind, Mangal Tower
Kantatoli, Ranchi (Jharkhand) Ph. 9931556455

Guddu Soni
V-GUARD | Kirloskar | Crompton | C.R.I. PUMPS | KSB
GUDDU ELECTRICALS
Repairing & Rewinding of all Types of Motors, Pumps, Fans & Geyser
7992372475, 9386422109, 8102406846
Industrial Area, Near Udyog, kokar, H.B. Road, Ranchi-1

प्रकाशित
झारखंड अधिविद्य परिषद्, राँची द्वारा आयोजित वर्ग-XI की बोर्ड परीक्षा - 2025 के लिए JCERT, राँची द्वारा जारी नये संशोधित पाठ्यक्रम (बहुविकल्पीय प्रश्न) पर पूर्णतः आधारित एक अत्यंत महत्वपूर्ण परीक्षोपयोगी प्रश्नों का उत्तर सहित संकलन
Verma's Today
CHAPTER WISE
CLASS - XI
2025
ARTS, SCIENCE, COMMERCE
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!
VERMA PRESS PVT. LTD.
RANCHI (JHARKHAND)

PSM AUTOMOTIVE HUB
"MULTIBRAND CAR SERVICE CENTRE"
GENERAL SERVICE
CAR WASH (FOAM WASH)
INTERIOR CLEANING
WHEEL ALIGNMENT/BALANCING
TEFLON COATING
AC GAS REFILLING
INSURANCE RENEWAL
ENGINE WORK
GENUINE PARTS AVAILABLE
SUMMER OFFER
On 1st Visit Labour 30% Discount | On 2nd Visit Labour 50% Discount
1st Visit Offer Valid Till 30th April, 2025 | 2nd Visit Offer Valid Till 30th June, 2025
H.B. Road, Kokar, Opp.- Jharkhand Cancer Hospital, Ranchi - 834001
72610 24907
73013 75193

LAKSHMI VASTRALAY
अच्छे से अच्छा फिर भी सस्ता
फैन्सी
हमारे यहाँ फैंसी साड़ी, लहंगा, सूट सभी तरह के वस्त्र उचित दामों में मिलते है।
7033265646
Coal Board Colony, Near Dy.SP Bunglow
Police Line Hirapur, Dhanbad

NEON ENTERPRISES
आधार सुधार
8210108590 8789361453 8709790158
पैन कार्ड | वोटर कार्ड | मजदूर कार्ड | E-STAMP | राशन कार्ड | पैसा निकासी | स्मार्ट कार्ड प्रिंट
अपोइंटमेंट लेकर जाने से फार्म नहीं भरना पड़ता है, लाईन नही लगना पड़ता है, काम जल्दी हो जाता है
फोटो कॉपी | ड्राइविंग लाइसेंस | पासपोर्ट फोटो प्रिंट | जाति, आवासीय, आय | जमीन रसीद होल्डिंग | ऑनलाइन फार्म | पीएफ अप्लाई
Digital Print Designing & Advertising
Shop No.110(A) मंगल टावर, कांटाटोली चौक, राँची (झारखंड)

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। संपादक : हरिनारायण सिंह, स्थानीय संपादक* : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, राज्य समन्वय संपादक : अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109, Postal Registration No. RN/249/2019-21